kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-104 | गुरुवार, 15 मई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



एक दौर था जब निर्णय राष्ट्रहित से परे होते थे। लेकिन अब नया भारत है और राष्ट्र के हित में निर्णय लिये जाते हैं। राष्ट्र प्रथम – एक नया भारत। भारतीय सेना के शौर्य को प्रणाम। उस पराक्रम को नमन जिसने दुश्मनों को उनके घर में घुसकर जवाब दिया।
शिवराज सिंह चौहान

पीओके पर कब्जा ही आतंकवाद का स्थायी समाधानः रामदास आठवले 11

भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई में सक्षम : धामी 12

## संक्षेप

### पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार यूपीएससी के नए अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** पूर्व रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। केरल कैडर के 1985 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अजय कुमार ने पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव और 1983 बैच की आईएएस अधिकारी प्रीति सूदन का स्थान लिया है। सूदन का कार्यकाल 29 अप्रैल को समाप्त हो गया था। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रपति भारत के संविधान के अनुच्छेद 316(1) के तहत डॉ. अजय कुमार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करती हैं। इसमें आगे कहा गया है कि यूपीएससी के अध्यक्ष के रूप में डॉ. अजय कुमार का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से शुरू होगा। उनकी नियुक्ति की अवधि भारत के संविधान के अनुच्छेद 316(2) के प्रावधानों के अनुसार विनियमित होगी और सेवा की शर्तें समय-समय पर संशोधित यूपीएससी (सदस्य) विनियम, 1969 द्वारा शासित होंगी।

### पाकिस्तान रेंजर्स ने बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ को छोड़ा

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान रेंजर्स ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पूर्णम कुमार शॉ को छोड़ दिया है। श्री शॉ 20 दिन से पाकिस्तान रेंजर्स के कब्जे में थे। बीएसएफ ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा, आज सुबह 10.30 बजे कांस्टेबल पूर्णम कुमार शॉ को अटारी-वाघा सीमा पर बीएसएफ द्वारा पाकिस्तान से वापस लाया गया। विज्ञप्ति के अनुसार श्री शॉ 23 अप्रैल 2025 को लगभग 11.50 बजे फिरोजपुर सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी पर रहते हुए अनजाने में पाकिस्तान की सीमा में चले गए थे और उन्हें पाक रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पाकिस्तान रेंजर्स के साथ नियमित फ्लैग मीटिंग और अन्य संचार चैनलों के माध्यम से बीएसएफ के लगातार प्रयासों से श्री शॉ वापसी संभव हो पायी है।

### आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल बने नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली।** ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और भारत के गौरव नीरज चोपड़ा को भारतीय सेना की टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि दी गई है। भाला फेंक (जेवेलिन थ्रो) में दुनिया के टॉप एथलीट्स में शुमार नीरज ने टोक्यो ओलंपिक 2021 में गोल्ड और पेरिस ओलंपिक 2024 में सिल्वर मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया था। अब सेना ने उनके योगदान को सम्मानित करते हुए यह बड़ा सम्मान दिया है। नीरज चोपड़ा ने न केवल खेल में भारत का नाम रोशन किया, बल्कि सेना के साथ जुड़कर युवाओं के लिए मिसाल कायम की। उनकी मानद लेफ्टिनेंट कर्नल की उपाधि इस बात का सबूत है कि सेना अपने खिलाड़ियों की उपलब्धियों को कितना सम्मान देती है।

# जेवर में लगेगी छठी सेमी कंडक्टर इकाई

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने एचसीएल और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के जेवर में 3706 करोड़ रुपए के निवेश से एक और सेमी कंडक्टर इकाई की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह इकाई 2027 में उत्पादन शुरु कर देगी। उन्होंने बताया कि देश में पांच सेमीकंडक्टर इकाईयों का निर्माण चल रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में शुरु किये गये भारत सेमी कंडक्टर मिशन में जेवर में विकसित होने वाली इस छठी इकाई के साथ भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उद्योग को विकसित करने की अपनी यात्रा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम है। ये यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में जेवर हवाई अड्डे के पास एक संयंत्र स्थापित करेंगे। यह संयंत्र मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पीसी और डिस्प्ले वाले अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण करेगा। इस संयंत्र को 20,000 वेफर्स प्रति माह के हिसाब से तैयार किया गया है। इसकी उत्पादन क्षमता तीन करोड 60 लाख चिप प्रति माह होगी। इस संयंत्र में दो लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि सेमी कंडक्टर उद्योग पूरे देश में आकार ले रहा है। देश भर के कई राज्यों में विश्व स्तरीय संयंत्र स्थापित हो चुकी हैं। देश में 270 शैक्षणिक संस्थानों और 70 स्टार्टअप में छात्र और उद्यमी नए उत्पादों के विकास के लिए विश्व स्तरीय नवीनतम डिजाइन प्रौद्योगिकियों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत में लैपटॉप, मोबाइल फोन, सर्वर, चिकित्सा उपकरण, बिजली इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के तेजी से विकास के साथ सेमीकंडक्टर की मांग बढ़ रही है।

### जल्द ही चालू होने वाला है इंटरनेशनल एयरपोर्ट

जेवर में बन रहा नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा ना सिर्फ देश में सबसे बड़ा होगा, बल्कि दुनिया के सबसे बड़े हवाई अड्डों में इसकी गिनती होने लगी है। दिल्ली से करीब 75 किलोमीटर दूर इस एयरपोर्ट का निर्माण चार चरणों में होना है। पहला चरण सितंबर 2024 में पूरा होना था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। लेकिन इस साल एयरपोर्ट पर विमानों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। इस हवाई अड्डे का विकास उत्तर प्रदेश सरकार के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल के तहत 'यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा किया जा रहा है, जो स्विस कंपनी 'ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी' की 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

### फिल्म सिटी का काम भी हो चुका है शुरू

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक और ड्रीम प्रॉजेक्ट 'फिल्म सिटी' भी जेवर में ही आकार ले रहा है। फिल्म निर्माता बोनी कपूर की कंपनी 'बेव्यू प्रॉजेक्ट्स' और 'भूटानी ग्रुप' को इसे बनाने का जिम्मा मिला है। यमुना फिल्म सिटी में 2027 तक फिल्मों का निर्माण शुरू हो जाएगा। इस फिल्म सिटी में 300 से ज्यादा फिल्मों की हर साल शूटिंग का लक्ष्य रखा गया है। यूपी के सीएम जेवर में मुंबई की तरह समृद्धि फिल्म इंडस्ट्री बसाना चाहते हैं और इसकी शुरुआत भी हो चुकी है।

### भारत में तुर्किये-चीन के सरकारी चैनलों के एक्स अकाउंट ब्लॉक

नई दिल्ली। भारत सरकार ने बुधवार को तुर्किये के सरकारी चैनल टीआरटी वर्ल्ड और चीन के सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स और शिन्हुआ के एक्स अकाउंट ब्लॉक कर दिए हैं। इन पर भारत विरोधी प्रोपेगैंडा चलाने और सेना के बारे में गलत खबरें फैलाने का आरोप है।

ओडिशा में एंटी ड्रोन सिस्टम भार्गवास्त्र की टेस्टिंग की गई। चार रॉकेट दागे गए थे, सभी ने टारगेट हिट किए। वहीं, भारतीय व्यापारियों ने तुर्किये से सेब के आयात से इनकार कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि तुर्किये, पाकिस्तान की मदद करता है। इधर, भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद भी सुरक्षाबलों का ऑपरेशन लगातार जारी है। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के केलर में बुधवार को भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा मिला है। यहां 13 मई को सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी मारे गए थे। बरामद हथियारों में दो एके-47 राइफल, 10 एके-47 मैगजीन, तीन हैंड ग्रेनेड, दो वॉकी-टॉकी, एक पावर बैंक, 500 से ज्यादा बुलेट, कई आधार कार्ड, खाकी रंग जैसे 4 आर्मी पाउच, 4 ब्लैक ड्रेस, 5 हजार से ज्यादा कैश है।

# मुर्मु ने की 'ऑपरेशन सिंदूर' में सेनाओं की वीरता की सराहना

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सीमापार से संचालित आतंकवाद के खिलाफ चलाये गये 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेनाओं की वीरता, समर्पण और सफलता की सराहना की है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने बुधवार को यहां एक साथ ● शेष पेज 11 पर

# शोपियां में मारे गये तीन लश्कर आतंकवादियों का हाल की आतंकवादी गतिविधियों में था हाथ : सेना

एजेंसी

श्रीनगर। सेना ने जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा और उसके छद्म संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' से जुड़े तीन आतंकवादियों के मारे जाने के एक दिन बाद बुधवार को कहा कि तीनों इस क्षेत्र में हाल की आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

सेना ने बताया कि शोपियां निवासी शाहिद कुट्टे, अदनान शफी डार और एहसान उल हक शेख नामक आतंकवादी मंगलवार को केलर के ऊपरी इलाकों में मुठभेड़ के दौरान मारे गये। अधिकारियों ने कुट्टे की पहचान दक्षिण कश्मीर में लश्कर के ऑपरेशनल कमांडर के रूप में की। सेना ने बताया कि केल्लर जंगल में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान शुरू किया गया था। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा/टीआरएफ कमांडर समेत तीन कट्टर आतंकवादियों को मार गिराया गया। सेना ने एक बयान में कहा, ह्लये तीनों क्षेत्र में हाल की आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे। अभियान में एके सीरीज की राइफलें, बड़ी मात्रा में गोला-बारूद, ग्रेनेड और अन्य युद्ध-जैसी सामग्री बरामद की गयी है। बयान में कहा गया कि यह अभियान सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों के बीच बेहतरीन समन्वय का नतीजा है। सेना ने अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए कहा, हम आतंकवाद को खत्म करने के अपने मिशन के प्रति दृढ़ हैं। शांति भंग करने की हर कोशिश का निर्णायक और अडिग बल के साथ सामना किया जाएगा। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर सुरक्षा ● शेष पेज 11 पर

❒ शोपियां में मारे गए आतंकियों के पास से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद



# छत्तीसगढ़ में 31 खूंखार नक्सलियों का सफाया : शाह

एजेंसी



नयी दिल्ली। छत्तीसगढ़ में दक्षिणी बस्तर अंचल में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा क्षेत्र में बीते 21 दिनों तक चले नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों द्वारा 31 कुख्यात नक्सली मारे गये हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज यहां एक्स पर अपनी एक पोस्ट में कहा, नक्सल मुक्त भारत के संकल्प में एक ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के विरुद्ध अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के कुर्रगुट्टालू पहाड़ पर 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया। गृह मंत्री ने दोहराया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम नक्सलवाद को जड़ से मिटाने के लिए संकल्पित हैं। मैं देशवासियों को पुनः विश्वास दिलाता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत का नक्सलमुक्त होना तय है। उन्होंने कहा कि जिस पहाड़ पर कभी लाल आतंक का राज था, वहाँ आज शान से तिरंगा लहरा रहा है। कुर्रगुट्टालू पहाड़ पीएलजीए बटालियन 1, डीकेएसज़ेडसी, टीएससी एवं सीआरसी जैसी बड़ी नक्सल संस्थाओं का एकीकृत मुख्यालय था, जहाँ नक्सल ट्रेनिंग के साथ-साथ रणनीति और हथियार भी बनाए जाते थे। श्री शाह ने कहा, नक्सल विरोधी इस सबसे बड़े अभियान को हमारे सुरक्षा बलों ने मात्र 21 दिनों में पूरा किया और मुझे अत्यंत हर्ष है कि इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों में एक भी जवान हताहत नहीं हुआ। खराब मौसम और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में भी अपनी बहादुरी और शौर्य से नक्सलियों का सामना करने वाले हमारे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवानों को मैं बधाई देता हूँ। पूरे देश को आप पर गर्व है।

# न्यायमूर्ति गवई बने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

एजेंसी



नयी दिल्ली। न्यायमूर्ति बी आर गवई ने बुधवार को यहां उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वह इस वर्ष 23 नवंबर तक इस पद पर रहेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलायी। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लिया है जो कल मुख्य न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हो गये। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे पी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल, निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीश और कुछ पूर्व न्यायाधीश समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस अवसर पर न्यायमूर्ति गवई की पत्नी, मां तथा परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। शपथ ग्रहण करने के बाद सबसे पहले उन्होंने अपनी मां के पैर छुए। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति खन्ना ने अपने उत्तराधिकारी के तौर पर न्यायमूर्ति गवई को मुख्य न्यायाधीश बनाने की सरकार से सिफारिश की थी। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 साल है। न्यायमूर्ति गवई का मुख्य न्यायाधीश बनना शीर्ष अदालत के ● शेष पेज 11 पर

# चौराहों पर लगेंगी मिलावटखोरों की तस्वीर: योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❒ मिलावटखोरी सामाजिक अपराध खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ मुख्यमंत्री ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

❒ मुख्यमंत्री ने कहा, दूध, पनीर, तेल, घी और मसालों की जांच उत्पादक इकाइयों पर हो

❒ नकली दवा कारोबार पर पुलिस के साथ समन्वय बढ़ाकर जड़ तक पहुंचें

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार को 'सामाजिक अपराध करार देते हुए कहा कि यह जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है, जिससे किसी भी प्रकार का समझौता अक्षम्य होगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मिलावटखोरों, नकली दवाओं के कारोबारी नेटवर्क और इस अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त व निर्णायक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ऐसे लोगों को सार्वजनिक रूप से चिन्हित किया जाए और उनकी तस्वीरें प्रमुख चौराहों पर लगाई जाएं, ताकि जनता भी उन्हें पहचान सके और समाज में उनके प्रति नकारात्मक संदेश जाए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि तेल, घी, मसाले, दूध, पनीर जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं की जांच यथासंभव उत्पादक इकाई पर ही की जाए। दूध व दुग्ध उत्पादों की विशेष रूप से सघन जांच के लिए समर्पित टीमें बनाई जाएं जो लगातार निगरानी रखें। साथ ही पेशेवर रक्तदाताओं की पहचान कर इस पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए। आमजन का स्वास्थ्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ होना चाहिए। मुख्यमंत्री को बताया गया कि लखनऊ और मेरठ में सूक्ष्मजीवी एवं रोगकारक जीवों की जांच शुरू की गई है। मुख्यमंत्री ने इन प्रयोगशालाओं के संचालन व रखरखाव के लिए एक 'कॉर्पस फंड स्थापित करने का सुझाव दिया। नकली औषधियों के कारोबार पर नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुलिस के साथ समन्वय को और बेहतर बनाया जाए ताकि प्रवर्तन कार्यवाहियों की गुणवत्ता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा भी बैठक में की गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि किसी भी ● शेष पेज 11 पर

'हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन अगर कोई हमें छेड़ेगा तो उसे छोड़ेंगे भी नहीं', तिरंगा यात्रा में बोले मुख्यमंत्री

# आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल देगा : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान को एक दिन आतंकवाद का यही विषैला सर्प निगल लेगा।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए उन्होंने बुधवार को अपने सरकारी आवास से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना किया। योगी ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया औरप्रदेशवासियों की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों, नौजवानों का अभिनंदन किया। उन्होने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है। उन्होने कहा कि जब चुनौती हो और राष्ट्रीय संकट के लिए कोई जगह दे रहा हो तो धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है। इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाकिस्तान के हौसले पस्त किए। दुनिया ने पाकिस्तान व उसके आकाओं के बेशर्मी भरे उस चेहरे को भी देखा, जिसमें आतंकियों के जनाजे में वहां के नेता व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। यह चीजें दिखाती हैं कि पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70-75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं। पाकिस्तान ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है। आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल देगा।

योगी ने कहा कि खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था। आने वाले समय में यह तय है कि भारत की तरफ जो भी अंगुली उठाएगा और बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करेगा, उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा।

उन्होने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में वीभत्स व बर्बर घटना को अंजाम दिया था, जिसकी निंदा देश-दुनिया ने की थी, लेकिन आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान व उसके आका मौन रहे। भारत के आन-मान-शान की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हमारी सरकार ने सारे प्रमाण दिए, उसके बाद भी ● शेष पेज 11 पर

# पुलिसिया कार्यप्रणाली से नाराज अधिवक्ताओं ने तहसील में किया हंगामा, जताया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। बुधवार को तहसील कोरांव में अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह और तहसीलदार विनय बरनवाल से मुलाकात करते हुए पुलिसिया कार्यवाही के प्रति जमकर अपनी भड़ास निकालते हुए हंगामा किया और न्यायिक कार्य से विरत रहे। बता दें कि बीते चार अप्रैल को रत्यौरा करपिया निवासी अधिवक्ता रजनीश कुमार मिश्र के सेहन दरवाजे से अनाज की बोरिया दिन दहाड़े अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। जिसकी शिकायत भुक्तभोगी ने 7 अप्रैल को उस समय थाना प्रभारी रहे नितेंद्र शुक्ल से तहरीर देकर की थी उस पर उहोंने हल्का एसआई दीपक राजपूत से जांच कराई थी। उसी बीच थाना प्रभारी बदल गए। नवागंतुक थाना प्रभारी राकेश कुमार वर्मा बार एसोसिएशन द्वारा भेजे गए पत्रक और उपजिलाधिकारी द्वारा 6 मई को सहायक पुलिस आयुक्त मेजा को पत्रक जारी कर पीड़ित अधिवक्ता का मुकदमा दर्ज किए जाने का निर्देश दिया था। लेकिन थाना प्रभारी द्वारा हीला हवाली और मुकदमा न लिखने के कारण नाराज अधिवक्ताओं ने बार एसोशिएशन के अध्यक्ष रामबहादुर सिंह और मंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ल के नेतृत में बुधवार को लाम बंद होकर उपजिलाधिकारी और तहसीलदार से मिलते हुए थाना प्रभारी कोरांव के प्रति जमकर हंगामा किया और न्यायिक कार्य से विरत रहे। साथ ही प्रशासन को चेताया कि यदि पीड़ित अधिवक्ता रजनीश कुमार मिश्र की एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो हम लोग प्रशासन के खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ेगे। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार मिश्र ऊर्फ बाबा, श्री कंात मिश्रा, ललन कुमार तिवारी, योगेन्द्र नाथ द्विवेदी, सुनील कुमार पाण्डेय, रवि प्रकाश तिवारी, उमाशंकर शुक्ला,शशिकंात पाण्डेय, कृष्णकंात पाण्डेय, धीरेन्द्र शुक्ला, सर्वेश पाण्डेय, अखिल द्विवेदी, विवेक गौतम,विजय बहादुर सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ज्योति सिंह ने कक्षा 10 में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम किया रोशन

**परिश्रम का फल मीठा होता है: नरेंद्र कुमार सिंह**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। कोरांव तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोसफरा कला पूरा (महादेव) के रहने वाले प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय बदौआ कला लापर में कार्यरत नरेंद्र कुमार सिंह माता मीना सिंह गृहणी की बेटी ज्योति सिंह ने कक्षा दस की सीबीएससी बोर्ड की परीक्षा में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय जगत तारन गोल्डेन जुबिली स्कूल प्रयागराज का नाम रोशन किया। ज्ञातव्य हो कि छात्रा ज्योति सिंह ने अपने गुरुओं और माता पिता के सहयोग से स्कूल के अलावा नियमित तीन से चार घंटे कमरे पर पढ़ाई करती थी न की कोई कोचिंग संस्थान का सहारा लिया।

छात्रा खुद के परिश्रम से अपने स्कूल, माता पिता एवं नात रिश्तेदारों में खुशी का माहौल दिया। पिता नरेंद्र कुमार सिंह प्राथमिक विद्यालय बदौआ कला लापर कोरांव में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत हैं। जबसे विद्यालय का प्रभार इन्हें मिला तबसे विद्यालय के भौतिक परिवेश एवं गुणवत्ता में लगातार उत्तरोत्तर बृध्दि हुई है।

## रिआन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में मारी बाजी



नानपारा, बहराइच । केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं, जिसमें छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। नगर के मिहींपुरवा रोड स्थित रिआन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने हाईस्कूल की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। 10वीं कक्षा में छात्र/छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। कई छात्रों ने 80 से 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर नानपारा नगर में अपनी पहचान बनाई है। हाइस्कूल की प्राची श्रीवास्तव ने 91.8 प्रतिशत, अलमास राशिद ने 88.2 प्रतिशत, शिखा सोनकर ने 87.2 प्रतिशत, अलविया फातिमा ने 83.8 प्रतिशत, आलिया हुसैन ने 79.8 प्रतिशत, हामूद ने 79.6 प्रतिशत, अंशिका वर्मा ने 78.2 प्रतिशत, फ़कीहा बतूल ने 77.6 प्रतिशत, केशव ने 74 प्रतिशत, सबा हाशमी ने 72.4 प्रतिशत, साहिल मलिक ने 71.8 प्रतिशत, सारा शेख ने 70.4 प्रतिशत अंक हासिल किया है। स्कूल की प्रधानाचार्या सीमाब जहां ने छात्र/छात्राओं की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग को इस सफलता का आधार बताया है। स्कूल के प्रबंधक साबिर हुसैन ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में छात्राओं ने कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह सफलता न केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग का भी प्रतीक है। इसी क्रम में बुधवार को स्कूल में अभिभावकों और बच्चों संग सफलता का जश्न मनाया गया, जहां छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया तो वहीं शिक्षकों को भी उनकी इस भूमिका के लिए सराहा गया।

## उत्कृष्ट अंक पाने वाले छात्र–छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को किया गया सम्मानित




आजमगढ।. जिले के कोटिला स्थित आजमगढ़ पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण देते हुए सत्र 2024-25 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया, बल्कि जिले में भी गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें टॉप रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनके परिश्रम और सफलता का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों को भी उनके समर्पण और मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही, विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित कर उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।कक्षा 12वीं के टॉपर्सः आयुषी यादव, सानिया, फैसल तौफ़ीक, इशिता बरनवाल, स्नेहल यादव, हाजरा बानो, प्रज्ञा गौतम मंताशा खालिद, फरीहा खान, अंशी सिंह, मोहम्मद राफ़े और गौरव यादव। कक्षा 10वीं के टॉपर्सः हाजरा माजिद, ज़ैनब साद, मदीहा शेख, इंशा आज़म, शेख आलिया बानो, जुबिया फलक, आयशा नोमान, शेख मिसबाहुल हक़, अजमतुल्लाह अंसारी, अब्दुर्रहमान, अदीबा यूसुफ़ ख़ान, इमाद खान, मोइज़ जमाली समेत अन्य छात्र-छात्राएं शमिल रही।

# जाफरा बाजार में राशन की दुकान पर केवाईसी को लेकर बढ़ा विवाद, साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास

**आपसी विवाद को धार्मिक रंग देने जैसी घटना पर होनी चाहिए सख्त कार्रवाई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर। पार्षद के चुनावी रंजिश को भारत और पाकिस्तान का रंग देकर साम्प्रदायिक वातावरण को दूषित करने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा सरकार को बदनाम कर साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की साज़िश का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में आपसी विवाद को धार्मिक रंग देने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। अगर हम और आप नहीं संभले तो शहर को साम्प्रदायिकता की आग में झोंक देने की पूरी तैयारी है। यह मामला तिवारीपुर थाना क्षेत्र के जाफरा बाज़ार में राशन की दुकान पर केवाईसी कराने का बताया जा रहा है। मामले ने तूल पकड़ा तो मौके को देखते हुए इसे साम्प्रदायिक रंग देने के प्रयास को पाकिस्तान और भारत से जोड़ दिया गया। जबकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विनोद और पूर्व पार्षद इरशाद अहमद के बीच पार्षद चुनाव को लेकर पहले से ही रंजिश बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो पहले विनोद और इरशाद के बीच बातचीत हुई, फिर विनोद ने इरशाद के उपर थप्पड़ जड़ दिया और उसे धकेला तो वो दूध वाले कैरेट पर गिर गया। सूत्रों की मानें तो विनोद एक चरित्र हीन और मनबढ़ किस्म का व्यक्ति है। जो आये दिन जाफरा बाजार में गोलबंद होकर बुरी तरह से मारपीट करता रहता है और स्थानीय पुलिस भी उसके उपर हाथ डालने से डरती है। इसी लिए उसका वर्चस्व जाफरा बाजार में बढ़ता जा रहा है।

विनोद ने पूर्व पार्षद के उपर थप्पड़ जड़ दिया और बुरी तरह से उसे ढकेल दिया। सूत्र यह भी बताते हैं कि विनोद का कई माफियाओं और भू-माफियाओं से काफी घुसपैठ और सांठगांठ है। उसके उपर कानून और प्रशासन का भय नहीं रहता है। विनोद जबसे जाफरा बाजार में गोलबंदी करने लगा है तभी से जाफरा बाजार का माहौल साम्प्रदायिक रंग लेने लगा है। यदि समय रहते हुए विनोद जैसे बेलगाम हो चुके व्यक्ति पर लगाम नहीं कसा गया तो निश्चित तौर पर जाफरा बाजार में कोई बड़ी घटना घट सकती है, ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। नहीं तो जाफरा बाजार में इसी तरह से छुटपुट वारदातें होती रहेंगी। जाफरा बाजार की यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद बताई जा रही है। बहरहाल इस मामले को पाकिस्तान और भारत का एंगल देकर मामले को सनसनी खेज़ बनाया जा रहा है।

*जाफरा बाजार में राशन की दुकान पर केवाईसी को लेकर बढ़ा विवाद, साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास**आपसी विवाद को धार्मिक रंग देने जैसी घटना पर होनी चाहिए सख्त कार्रवाई*गोरखपुर। पार्षद के चुनावी रंजिश को भारत और पाकिस्तान का रंग देकर साम्प्रदायिक वातावरण को दूषित करने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा सरकार को बदनाम कर साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की साज़िश का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में आपसी विवाद को धार्मिक रंग देने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। अगर हम और आप नहीं संभले तो शहर को साम्प्रदायिकता की आग में झोंक देने की पूरी तैयारी है। यह मामला तिवारीपुर थाना क्षेत्र के जाफरा बाज़ार में राशन की दुकान पर केवाईसी कराने का बताया जा रहा है। मामले ने तूल पकड़ा तो मौके को देखते हुए इसे साम्प्रदायिक रंग देने के प्रयास को पाकिस्तान और भारत से जोड़ दिया गया। जबकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विनोद और पूर्व पार्षद इरशाद अहमद के बीच पार्षद चुनाव को लेकर पहले से ही रंजिश बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो पहले विनोद और इरशाद के बीच बातचीत हुई, फिर विनोद ने इरशाद के उपर थप्पड़ जड़ दिया और उसे धकेला तो वो दूध वाले कैरेट पर गिर गया। सूत्रों की मानें तो विनोद एक चरित्र हीन और मनबढ़ किस्म का व्यक्ति है। जो आये दिन जाफरा बाजार में गोलबंद होकर बुरी तरह से मारपीट करता रहता है और स्थानीय पुलिस भी उसके उपर हाथ डालने से डरती है। इसी लिए उसका वर्चस्व जाफरा बाजार में बढ़ता जा रहा है।

# ई–आफिस प्रणाली के सफल संचालन हेतु प्रशिक्षित किये जा रहे हैं कार्मिक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जनपद के समस्त कार्यालयों को ई-आफिस प्रणाली अन्तर्गत सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने तथा आई.जी.आर.एस. पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने वाले सन्दर्भों के समयबद्ध निस्तारण में तकनीकी जानकारी के अभाव में होने वाले विलम्ब की संभावना को नगण्य करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर सूचना विज्ञान केन्द्र बहराइच में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव व ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुमित तिवारी व नेटवर्क फील्ड अभियन्ता संदीप द्विवेदी व रमन गुप्ता के नेतृत्व में 07 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए निर्धारित रोस्टर की जानकारी देते हुए डीआईओ एनआईसी श्री यादव ने बताया कि 15 मई 2025 को आयुष, खनन, नलकूप, लोक निर्माण, स्वतःउद्योग व जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, 16 को निर्वाचन, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, चकबन्दी, उद्यान, बेसिक शिक्षा व गन्ना विभाग, 17 को जिला सैनिक कल्याण, पंचायतीराज, डूडा, समाज कल्याण व विकलांग कल्याण विभाग, 19 को अल्पसंख्यक कल्याण, महिला कल्याण, एलडीएम बैंक, मत्स्य, उद्योग, विद्युत विभाग तथा 20 मई 2025 को वन, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, कलेक्ट्रेट व विकास भवन के समस्त पटल सहायकों का प्रशिक्षित किया जायेगा।श्री यादव ने बताया कि 13 मई 2025 से प्रारम्भ 07 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान 13 मई 2025 को खाद्य एंव रसद, परिवहन, आबकारी, कृषि, स्टॉम्प एंव रजिस्ट्रेशन व समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार, 14 मई 2025 को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खेल, कोषागार, नगर पलिका/नगर पंचायत, सिंचाई व समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को ई-आफिस प्रणाली को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु प्रशिक्षित किया गया है। श्री यादव ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कार्मिकों को आईजीआरएस पोर्टल पर सन्दर्भों को देखने, डाउनलोड व अपलोड करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि निस्तारण के बावजूद तकनीकी खामियों के कारण होने वाली .त्रुटि से जनपद की रैंक प्रभावित न होने पाये।

# मरीजों का लगता है जमावड़ा डॉक्टर साहब रहते हैं नदारद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। कुशीनगर जनपद के नगर पंचायत मथौली स्थित आयुष मंत्रालय के अधीन संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सामने आई है। बुद्धवार सुबह जब मीडिया प्रतिनिधि अस्पताल की स्थिति का जायज़ा लेने पहुंचे, तो सुबह 9:00 बजे के बाद तक प्रभारी चिकित्सक डॉ. रणधीर यादव ड्यूटी पर मौजूद नहीं मिले। उनके कक्ष पर ताला लटका हुआ पाया गया।मौके पर केवल वार्ड ब्वॉय कमला कुमार सिंह, योग प्रशिक्षक संजीव कुमार सिंह और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता शिखा मद्धेशिया ही उपस्थित मिलीं। चिकित्सक के अनुपस्थित रहने से न सिर्फ इलाज के लिए आए मरीजों को असुविधा हुई, बल्कि स्थानीय लोगों में भी नाराज़गी देखने को मिली, जो नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाओं की उम्मीद में अस्पताल पहुंचते हैं।सूत्रों की मानें तो प्रभारी चिकित्सक का अस्पताल में देर से आना और प्रायः अनुपस्थित रहना अब आम बात हो गई है। इससे मरीजों को समय पर परामर्श और दवा नहीं मिल पाती। स्थानीय लोगों का कहना है कि अक्सर वार्ड ब्वॉय ही मरीजों को दवा वितरित करते हैं। चिकित्सक के न मिलने पर मरीजों को निजी क्लीनिक या दूर-दराज के सरकारी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है।इस संदर्भ में जब डॉ. रणधीर यादव से मीडिया द्वारा बात की गई, तो पहले उन्होंने कहा कि वह अस्पताल में ही मौजूद हैं। लेकिन जैसे ही उन्हें यह जानकारी मिली कि मीडिया टीम अस्पताल पर ही है, तो उन्होंने तुरंत अपना बयान बदलते हुए कहा कि वे रास्ते में हैं और उनकी गाड़ी खराब हो गई है।जब यह बात जिला आयुर्वेदिक अधिकारी (डीओ), कुशीनगर से पूछी गई तो उन्होंने कहा डॉ. साहब राजनीतिक व्यक्ति हैं उन्हें क्या कहा जा सकता है। यादव हैं सचिव स्तर के नेता हैं। सोचते हैं कि कोई उनका कुछ नहीं कर सकता। हालांकि डीओ महोदय ने यह भी कहा कि वह उनके विरुद्ध कार्रवाई करेंगे।

# लोकतांत्रिक मूल्य और पत्रकारिता : चुनौतियां व समाधान विषयक पर आयोजित हुई गोष्ठी

**पत्रकार सम्मान समारोह, देवर्षि नारद ही इस जगत के ''आदि'' पत्रकार : सुभाष**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर। आद्य पत्रकार देवर्षि नारद की जयंती के मौके पर विश्व संवाद केंद्र की ओर से 'लोकतांत्रिक मूल्य एवं पत्रकारिताः चुनौतियां व समाधान' - विषयक गोष्ठी एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष ने कहा पत्रकारिता स्पर्धा नहीं, समन्वय है। पत्रकार के अंदर शब्द को ब्रह्म मानने की संकल्पना, संवाद का अतिशय आग्रह, चरित्र की कसौटी के गुण होने चाहिए। सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष ने कहा कि नारदजी ही इस जगत के 'आदि पत्रकार हैं। संघ की स्थापना से बहुत पहले जब प्रथम हिन्दी समाचार पत्र 'उदंत मार्तण्ड' का पहला अंक प्रकाशित हुआ तो उसमें प्रथम पृष्ठ पर आदि पत्रकार के रूप में नारदजी का ही चित्र छापा गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की अध्यक्ष डा. प्रतिभा गुप्ता ने की। प्रांत संघचालक डा. महेंद्र अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रमणि ओझा, प्रस्ताविकी प्रो. प्रत्यूष दुबे व आभार ज्ञापन डा. उमेश सिंह ने किया। इस दौरान विभाग संघचालक शेषनाथ, आत्मा सिंह, पृथ्वीराज, महापौर डा. मंगलेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।*राप्ती सिमरन के एडिटर डीके गुप्ता को मिला बेस्ट पत्रकारिता अवार्ड* गोरखपुर। आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती पर संवाद केंद्र की ओर से हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र राप्ती सिमरन के एडिटर डीके गुप्ता को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख सुभाष के हाथों सरस्वती विद्या मंदिर सभागार आयोजित कार्यक्रम में बेस्ट पत्रकारिता अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही फोटो जर्नलिस्ट शिव हर्ष द्विवेदी, अभिनव राजन चतुर्वेदी, शफी अंसारी एवं राजू सैनी को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुभाष ने कहा कि आदिकाल से लेकर वर्तमान काल तक पत्रकारिता की अपनी एक गरिमा रही है। उन्होंने कहा देवर्षि नारद की पत्रकारिता दोनों लोक में विघमान है।बेस्ट पत्रकारिता अवार्ड से सम्मानित एवं राप्ती सिमरन के एडिटर डीके गुप्ता ने कहा कि सम्मानित होने पर समाज के प्रति और भी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। ऐसे में अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन बड़े ही सालीनता के साथ करनी पड़ती है। गुप्ता ने कहा कि पत्रकार और पत्रकारिता समाज का वह दर्पण है, जिसमें सच्चाई के सिवा कुछ भी नहीं होता है।

# योजनाओं के माध्यम से तकनीकि शिक्षा को मिल रहा सशक्त आधार : विधायक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना/कुशीनगर। बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ,(आईटीआई) नौरंगिया में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 107 प्रशिक्षार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। मुख्य अतिथि खड्डा के विधायक विवेकानन्द पांडेय ने प्रशिक्षार्थियों को टैबलेट सौंपते हुए तकनीकी सशक्तिकरण पर बल दिया।विधायक ने कहा कि यह योजना प्रदेश सरकार की दूरदर्शिता का परिचायक है, जिससे तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे युवा डिजिटल संसाधनों से जुड़कर अपने कौशल को और निखार सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाएं युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए संबल बन रही हैं। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से आह्वान किया कि वे इन संसाधनों का सदुपयोग करते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदार बनें। संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य आलोक कुमार मौर्य ने कहा कि टैबलेट वितरण से विद्यार्थियों की ऑनलाइन शिक्षा, ई-लर्निंग, पाठ्य सामग्री की उपलब्धता और परीक्षा की तैयारी सुलभ होगी। उन्होंने सरकार के प्रति आभार व्यक्त

# ग्रीन कॉरिडोर को मिलेगी रफ्तार, पार्क, चौराहों, झीलों संग चमकेगा हेरिटेज जोन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण लगभग 200 करोड़ रूपये की लागत से शहर में विकास एवं सौंदर्यीकरण के काम कराएगा। इसमें लगभग 90 करोड़ रूपये की लागत से ग्रीन कॉरिडोर के निर्माण को रफ्तार दी जाएगी। वहीं 10 करोड़ रूपये की लागत से शहीद पथ के औद्यानिकीकरण, सौंदर्यीकरण व सिंचाई व्यवस्था का कार्य कराया जाएगा। इसके अलावा शहर के प्रमुख मार्ग, पार्क, चौराहे, झीलें व हेरिटेज जोन संवारे जाएंगे। एलडीए में हुयी अवस्थापना निधि की बैठक में मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने लगभग 200 करोड़ रूपये की लागत से विकास एवं सौंदर्यीकरण आदि के विभिन्न कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत पिपराघाट से शहीद पथ के बीच बंधे के निर्माण के लिए 50 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसी तरह इकाना स्टेडियम की तरफ नये बंधे के लिए 15 करोड़ रूपये मंजूर किये गये हैं। पिपराघाट रेलवे क्रासिंग के पास आरओबी एवं वीआईपी स्पर के निर्माण के लिए 10 करोड़ रूपये दिये गये हैं। इसके अलावा ग्रीन कॉरिडोर के निर्माण में बाधक विद्युत लाइनों को भूमिगत करने, यूटिलिटी शिफ्टिंग, स्टोन पिचिंग, डिमार्केशन, रोटरी एवं साइनेज आदि के कार्यों में लगभग 15 करोड़ रूपये खर्च किये जाएंगे। वहीं, लगभग 10 करोड़ रूपये की लागत से शहीद पथ पर औद्यानिकीकरण, सौंदर्यीकरण व सिंचाई व्यवस्था के कार्य कराये जाएंगे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि हेरिटेज जोन में विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों में लगभग 10 करोड़ रूपये खर्च किये जाएंगे। इसके तहत हुसैनाबाद स्थित नींबू पार्क में म्यूजिकल फाउंटेन की स्थापना, रूमी गेट से छोटा इमामबाड़ा के गेट तक फसाड सौंदर्यीकरण, म्यूजियम ब्लॉक में विद्युतिकरण एवं डीजी सेट की स्थापना, फूड कोर्ट के पास पार्किंग, कनेक्टिंग रोड आदि का काम कराया जाएगा। इसी तरह लगभग 4 करोड़ रूपये से हजरतगंज चौराहे व स्ट्रीट पर प्लेसमेकिंग के कार्य कराये जाएंगे। इसके अलावा लगभग 8 करोड़ रूपये की लागत से मोतीझील, जमुना झील व एल्डिको झील के संरक्षण का काम किया जाएगा। साथ ही सीजी सिटी स्थित वेटलैंड में निर्माणाधीन कॉफर डैम का काम भी पूर्ण किया जाएगा।

### गोमती रिवर फ्रंट पर बनेगा ट्रॉपिकल पार्क

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि गोमती रिवर फ्रंट पर औद्यानिकीकरण, सौंदर्यीकरण व विद्युतिकरण के विभिन्न कार्यों के बीच लक्ष्मण मेला मैदान के पास नेचुरल/ट्रॉपिकल पार्क विकसित किया जाएगा। इसी तरह कानपुर रोड स्थित ईको गार्डेन में पीपीपी मोड पर इंटरटेन्मेंट पार्क विकसित किया जाएगा। ये पार्क शहर वासियों के लिए पर्यटन का केन्द्र बनेंगे। इसके अलावा शहीद पथ पर लुलु मॉल के पास लोगों की सुविधा व सुरक्षा के लिए फुटओवर ब्रिज निर्मित किया जाएगा। इन कार्यों के लिए अवस्थापना निधि से बजट मंजूर किया गया है।

### मूल स्वरूप में लौटेगा रिफा-ए-आम क्लब

उपाध्यक्ष ने बताया कि वजीरगंज स्थित रिफा-ए-आम क्लब अपने मूल स्वरूप में लौटेगा। इसके लिए लगभग 5 करोड़ रूपये की लागत से क्लब में सौंदर्यीकरण व संरक्षण का कार्य कराया जाएगा। वहीं कैसरबाग स्थित अमीरूद्दौला लाइब्रेरी में म्यूजियम स्थापित किया जाएगा, जिसमें 2 करोड़ रूपये खर्च किये जाएंगे। इसके अलावा शहर के 50 पार्कों में ओपन जिम की स्थापना, मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था, प्रमुख चौराहों के किनारे आकर्षक स्कल्पचर्स की स्थापना व विभिन्न योजनाओं में सीवर, नालों व सड़क निर्माण के कार्य कराये जाएंगे।

# जोन-3 में अवैध प्लॉटिंग की समस्या हुई बेकाबू

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के जोन-3 में अवैध प्लॉटिंग की समस्या बेकाबू होती जा रही है। काकोरी, पारा, सरोजिनी नगर जैसे क्षेत्रों में लखनऊ विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना ही बड़े पैमाने पर प्लाटिंग कर अवैध कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं। अवैध प्लाटिंग पर पूरी तरह से रोक लगा पाने में एलडीए नाकाम साबित हो रहा हैं। इससे शहर की योजनाबद्ध विकास प्रणाली प्रभावित हो रही है और नागरिकों को आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। वैसे तो समय समय पर लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बड़े पैमाने पर फैली इन अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया गया है। इसके बावजूद जोन-3 में अवैध प्लॉटिंग का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। बिल्डर और भूमाफिया बिना नक्शा स्वीकृति के खेत और बागो की जमीनों को कॉलोनियों में तब्दील कर रहे हैं। ताज़े मामले में थाना काकोरी क्षेत्र के दशहरी मोड़ पर नियमों को तक पर रख अवैध रूप से प्लाटिंग कर प्रॉपर्टी डीलर पैसा कमाने में लगे हुए हैं। यहाँ ग्राम परगना दशहरी में खसरा नं 65 पर प्लॉट काट कर व रोड बना कर अवैध कॉलोनी बसाने का सिलसिला जारी है। इसी के आसपास अन्य भूमियों पर पहले से अन्य प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध प्लॉटिंग की जा चुकी है। क्षेत्र में अवैध निर्माण व अवैध प्लाटिंग को रोकने की जिम्मेदारी पूरी तरह से संबंधित अवर अभियंता व सहायक अभियंता व जोनल अधिकारी की है। लेकिन प्राधिकरण के इन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते ये गतिविधियां रुक नहीं रही हैं। अवैध प्लॉटिंग के लिए हरियाली और कृषि भूमि नष्ट की जा रही है। ऐसा लगता है प्राधिकरण के जूनियर इंजीनियरों और अधिकारियों पर ये बिल्डर भारी पड़ रहे हैं। जूनियर इंजीनियरों द्वारा बिल्डरों को संरक्षण देने के आरोप पहले भी लगते रहे हैं इस मामले में भी जूनियर इंजीनियरों की यहाँ के बिल्डरों को संरक्षण देने की घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उच्च अधिकारीयों को अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ सख्त और पारदर्शी नीति अपनाते हुए सख़्त कार्यवाही करनी चाहिए।

## पंखे के कुंड से लटक कर छात्रा ने की आत्महत्या

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशान्त गोल्फ सिटी के पटेल नगर निलमथा निवासी छात्रा पायल रावत (21) ने बीते मंगलवार की शाम दुपट्टे के सहारे पंखे के कुंडे से लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जब घटना की जानकारी हुई तो उसे नीचे उतारकर ट्रामा 2 ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता प्रताप कुमार की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। भाई अमन ने बताया कि उसकी बहन पायल एक निजी स्कूल में 11वीं की छात्रा थी। मंगलवार की दोपहर वह काम पर गया था जबकि बहन पायल और उसकी भाभी, मां घर पर थे। दोपहर में सभी लोग सो गए थे तभी बहन ने घर के दूसरे कमरे में दुपट्टे से पंखे के कुंडे में फंदा लगाकर जान दे दी। कुछ देर बाद भाभी जब कमरे में पहुंची तो पायल का शव लटका मिला। इसके बाद परिजनों ने उसे नीचे उतारकर ट्रामा2 ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पीड़ितों की पुस्तैनी जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज कोतवाली के गांव शहजादेपुर में कुछ दबंगों ने एक बाद पर कब्जा कर लिया।इस मामले में पीड़ितों की ओर से संपूर्ण समाधान दिवस मोहनलालगंज में लिखित शिकायत की गई लेकिन उससे कोई सार्थक परिणाम नहीं निकल सका। शिकायत कर्ताओं तेजपाल व धर्मपाल के अनुसार उनके पिता लोगों अकबाल बहादुर व विक्रम सिंह के पुस्तैनी बाग दर्ज है।शिकायत कर्ता के अनुसार उसी बाग में जामुन व नीम आदि के पेड़ लगे हुए हैं और पूर्वजों की कच्ची कब्रे भी बनी हुई है।शिकायत पत्र के अनुसार बाग में उसी गांव के निवासी दिलीप कुमार गौतम,व प्रदीप कुमार गौतम पुत्र गण स्व0 ख्यालीराम गौतम ने अपनी पक्की ईंटें रखवा दी है।पीड़ित के अनुसार कब्जा करने वाले दंगों ने इस कार्य में बाहुबल के साथ ही धन बल कभी प्रयोग किया है।शिकायत कर्ताओ की और से आपत्ति व्यक्त की गई तो उन्हें झुंठे हरिजन एक्ट में फंसा देते की धमकी दी गई। पीड़ितों के अनुसार 14 फरवरी के दिन भी उनके साथ दबंगों ने विवाद किया था।उस समय पीड़ित ने 112 नंबर डायल किया था। मौक पर पहुंची पुलिस ने अवैध कब्जा हटवा दिया लेकिन उन्होंने 19 अप्रैल को पुनः अपनी ईंटें रख दी। इसके अलावा उन्होंने अपना छप्पर रख दिया और अपनी चार पहिया गाड़ी भी वही खड़ी करने लगे हैं।शिकायतकर्ता के अनुसार 20 अप्रैल को अवैध कब्जा करने वाले की ओर से उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई।शिकायत कर्ता ने बताया कि उसने तहसील दिवस में जो शिकायत की उसका कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला इसी बात से अवैध कब्जा करने वालों के हौसले बुलंद है।

# टाइटेनियम इंडस्ट्रियल पार्क का उद्घाटन सैकड़ों युवाओं को मिलेगा रोजगार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए नगराम क्षेत्र के निगोहा-नगराम मार्ग पर स्थित देवीखेड़ा गांव के पास टाइटेनियम इंडस्ट्रियल ग्लास फैक्ट्री की द्वितीय इकाई का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल एवं कैबिनेट मंत्री राजीव सचान ने संयुक्त रूप से फैक्ट्री का शुभारंभ किया। इस यूनिट की स्थापना टाइटेनियम ग्लास द्वारा की गई है, जिसे लेकर स्थानीय युवाओं में खासा उत्साह है। कंपनी के सीईओ राजीव जायसवाल व कुंदन जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दूसरी इकाई के शुरू होने से क्षेत्र के 500 से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और युवाओं के पलायन पर भी रोक लगेगी। उद्घाटन समारोह के साथ ही परिसर में नव-निर्मित हनुमान जी महाराज के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का धार्मिक आयोजन भी संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ हवन-पूजन हुआ, जिसमें क्षेत्रीय श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। इसके पश्चात भव्य प्रीतिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीणों, अतिथियों और समाजसेवियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस शुभ अवसर पर सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल, आल ओवर इंडिया राजीव जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष मोहनलालगंज बार एसोसिएशन अभिषेक जायसवाल, संतोष जायसवाल, सुशील जायसवाल, नवीन जायसवाल, सचिन जायसवाल और हिमांशु सोनी समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, उद्यमी और ग्रामीण मौजूद रहे। यह आयोजन न केवल औद्योगिक विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ, बल्कि सामाजिक और धार्मिक समरसता का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

## सीबीएसई परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर चिल्ड्रन्स अकादमी ने मनाया जश्न

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिल्ड्रन्स अकादमी कॉलेज ने हाल ही में घोषित सीबीएसई कक्षा 12वीं और 10वीं बोर्ड परीक्षाओं में अपने छात्रों के असाधारण प्रदर्शन की घोषणा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। 12वीं में सना फातिमा ने 94 प्रतिशत अंक, ईशा चौधरी ने 88 प्रतिशत अंक व खुशी चौहान ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं हाईस्कूल में हर्षित गुप्ता 92 प्रतिशत अंक, ऋषभ राज ने 91 प्रतिशत अंक व ऋषभ कुमार सिंह ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## के के रघुवंशी बने युवा लोजपा (रामबिलास) के लखनऊ जिला अध्यक्ष



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ के पारा निवासी श्री के. के. रघुवंशी (कृष्ण कुमार) को युवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का लखनऊ जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कल गोमती नगर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान की गई, जहाँ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा ने उन्हें मनोनयन पत्र प्रदान किया। श्री रघुवंशी पत्रकारिता में परास्नातक हैं और पूर्व में एक सक्रिय पत्रकार के रूप में कार्य कर चुके हैं। समाज सेवा के प्रति समर्पण भाव के चलते उन्होंने वर्ष 2016 में पत्रकारिता को अलविदा कहा और विभिन्न राजनीतिक दलों के माध्यम से पूर्ण रूप से समाजसेवा के कार्यों से जुड़ गए। बीते वर्षों में उन्होंने ज़मीनी स्तर पर समाज के विभिन्न वर्गों के हित में उल्लेखनीय कार्य किया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष चतुरानन पांडे उर्फ मोनू , प्रदेश सचिव देवेंद्र तिवारी, प्रदेश प्रधान महासचिव अभय सिंह राठौर, प्रदेश सचिव किशोर जी उन्नाव जनपद के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार रावत सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। श्री रघुवंशी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और युवाओं को जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## शिया पीजी कॉलेज में नया सवेरा योजना के तहत संगोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शिया पीजी कॉलेज में बुधवार को एनसीसी नेवेल इकाई द्वारा नया सवेरा योजना के अंतर्गत नशा मुक्त भारत विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई सब लेफ्टिनेंट डॉ. एस. नुजहत हुसैन की देखरेख में हुई। संगोष्ठी में नशे की सामाजिक, मानसिक और शारीरिक क्षति पर विशेषज्ञों ने विस्तार से प्रकाश डाला।

## बाल महिला सेवा संगठन की आयोजित हुई महत्वपूर्ण बैठक, अमित तिवारी बने संगठन मंत्री

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फैजुल्लागंज के यश नगर में बाल महिला सेवा संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। मीडिया अनुभाग के वरिष्ठ प्रभारी व प्रवक्ता राकेश पांडेय ने बताया कि संगठन की बैठक में अमित तिवारी को मुख्य कार्यकारिणी समिति में शामिल कर संगठन मंत्री का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। वीपीएस तोमर के साथ अब अमित तिवारी बतौर संगठन मंत्री बाल महिला सेवा संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। इसी प्रकार संगठन के अल्पसंख्यक मोर्चा में मोहम्मद नासिर की अध्यक्षता में मोहम्मद युनूस को उपाध्यक्ष मनोनीत कर इरशाद खान हासिम, ज़ुबैर खान, सद्दाम, फारूक अली, शाहिद अली, किशमतुल्लनिशा व गुलाम रजा को अल्पसंख्यक मोर्चा की कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

## श्री श्याम मन्दिर में दूसरे दिन बटा राजमा चावल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर में ज्येष्ठ माह पावन माह के तहत पूरे माह चलने वाला श्री श्याम कृपा भंडारा के दूसरे दिन कार्यक्रम संयोजक गणेश प्रसाद अग्रवाल द्वारा श्री श्याम भक्तों को राजमा चावल का भोग प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्याम परिवार महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया श्री श्याम कृपा भंडारा 13 मई से 11 जून तक सायं 5 बजे से 8 बजे तक प्रसाद का विरतण किया जाएगा।

## 67 छात्रों में हुआ स्मार्टफोन एवं टैबलेट का वितरण

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हैदर आईटीआई सहादतगंज में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत युवाओं को तकनीक शिक्षा में गुणवत्ता हेतु द्वितीय वर्ष के छात्रों को मुफ्त में टैबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में मल्लावां के विधायक आशीष सिंह आशु, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन एवं लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, हैदरगंज प्रथम वार्ड की पार्षद रजनी गुप्ता, कल्याण सिंह कैंसर इंस्टिट्यूट के सदस्य सुनील कुमार मिश्रा, भाजपा नेता शैलेश बाजपेई शीलू', राम शंकर राजपूत व ऋषि चौरसिया, राजेश शुक्ला, अमरदीप त्रिपाठी, राम जी गुप्ता, बृजेश मिश्रा, प्रशिक्षण संस्थान की अनीता बाजपेई तथा आईटीआई के प्रधानाचार्य अंकित कुमार गुप्ता मौजूद रहे। इस मौके पर 67 छात्रों को टेबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण किया गया।

# सीबीएसई बोर्ड के मेधावियों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बीकेटी,लखनऊ। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी एस.एस. इंटरनेशनल स्कूल, बी.के.टी,लखनऊ के हाईस्कूल व इण्टर का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा।छात्रों ने एक बार फिर हमें साबित कर दिया है कि निरंतर कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के साथ,वे सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रतिशत हासिल करके किसी भी चुनौती को पार कर सकते हैं।कक्षा 10वीं में मेधावी छात्रों में अनुकृति पांडे 93.6 के साथ प्रथम, अंशुमान अवस्थी 93.2 के साथ दूसरे,संवृद्धि सोनी 90.6 के साथ तीसरे,सौरव यादव 89.6 के साथ चौथे और निकिता यादव 88% के साथ पांचवें स्थान पर रहे।वहीं, 12वीं कक्षा में मेधावी छात्रों में पावनी द्विवेदी 83.6% के साथ पहले,कार्तिक सिंह 83. 6% के साथ पहले,ऋतु मौर्य 81% के साथ दूसरे,रूपांशी गौर 80% के साथ तीसरे,देव राज सिन्हा 79.6% के साथ चौथे और रिया मिश्रा 79.6% के साथ पांचवें स्थान पर रहे।विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु स्कूल परिसर में बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया,इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी एवं कहा कि जीवन का हर दिन परीक्षाओं से भरा हुआ है,बच्चों को हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रिया उपाध्याय एवं शिक्षकों द्वारा सभी अभिभावकों का अभिनंदन किया गया।

## मेधावियों के लिए आयोजित हुआ सम्मान समारोह

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डीपीएस गोमतीनगर में 10वीं एवं 12वीं कक्षा के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कुल 84 छात्रों ने 10वीं की परीक्षा 90 प्रतिशत तथा उससे अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण किया, 12वीं के 56 छात्रों ने 90 प्रतिशत तथा उससे अधिक अंकों के साथ बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

# बिजली विभाग का चला हंटर, 14 पर हुई बिजली चोरी में एफ़आईआर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ मध्य क्षेत्र के चौक मण्डल में बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से बुधवार को मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। ये मॉर्निंग रेड अभियान लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के आदेश पर चलाया गया था। चौक मण्डल के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पाण्डेय ने बताया की ये अभियान रेज़ीडेसी दिविज़न के अधिशाषी अभियंता जय प्रकाश व ठाकुरगंज डिवीज़न के अधिशाषी अभियंता दीपक कुमार तथा चौक डिवीज़न के अधिशाषी अभियंता रमन वासुमित्रा के नेतृत्व में चलाया गया था। अभियान के दौरान उपकेंद्र चौपटिया के तोप दरवाज़ा व उपकेंद्र रेज़ीडेसी के सिटी स्टेशन, व उपकेंद्र महताब बाग़, घंटाघर के शीश महल, मुफ़्तीगंज, गिरधारी लाल, माथुर रोड, बेल वाला टीला इलाके में कुल 64 उपभोक्ताओं के कनेक्शन को चेक किया गया जिसमे से 14 उपभोक्ताओं को 36 किलोवाट तक की बिजली चोरी करते हुए पाया गया। अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पाण्डेय ने बताया कि बिजली चोरी करने वाले इन सभी उपभोक्ताओं की लाइट पोल से काट दी गई है तथा सभी पर बिजली चोरी की धारा में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि लोगों को निर्बाध बिजली देने व बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से चलाए जाने वाला यह अभियान आगे भी इसी तरह से जारी रहेगा।

## पति की प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने लगाई न्याय की गुहार

**नगराम, लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र सलेमपुर अचाका गांव की एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की लिखित शिकायत मोहनलालगंज के एक उच्चाधिकारी को सौंपते हुए सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता राधा पुत्री राजाराम की शादी वर्ष 2019 में अरविंद कुमार पुत्र देवेंद्र निवासी शिवपुरा बहरौली नगराम थाना क्षेत्र के साथ सामाजिक रीति-रिवाजों के तहत हुई थी। विवाह के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांगें शुरू हो गईं। पीड़िता के अनुसार, पति अरविन्द का किसी अन्य महिला से अवैध संबंध भी है, जिस कारण एक पुत्री के जन्म के बाद से ही उसे उपेक्षित कर दिया गया। आरोप है कि पति आए दिन मारपीट करता है और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। 19 दिसंबर 2024 को पीड़िता को उसके पति ने ससुराल में अकेला छोड़ दिया और परिजनों को बुलाकर यह कह दिया कि अब वह उसे नहीं रखना चाहता। इसके बाद रात्रि भर पीड़िता और उसकी तीन वर्षीय पुत्री घर से बाहर बैठी रही। बीते वर्ष 20 दिसंबर को पीड़िता किसी प्रकार मायके पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई।पीड़िता ने प्रशासन से अपने और अपनी पुत्री की सुरक्षा की मांग की है तथा ससुराल पक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह आत्मघाती कदम उठाने को विवश हो सकती है।पीड़िता राधा ने अपनी शिकायत में ससुराल पक्ष पर हत्या की साजिश रचने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

## विवेकानंद मॉडर्न एकेडमी के छात्रों ने 10वीं और 12वीं सीबीएसई बोर्ड के नतीजों में मारी बाजी

**बीकेटी,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**13 मई, 2025 को घोषित सीबीएसई के नतीजे विवेकानंद मॉडर्न एकेडमी स्कूल कठवारा बीकेटी के छात्रों के लिए गर्व और खुशी के क्षण थे,जिसमें अंशिका सिंह ने दसवीं कक्षा में 94.4% अंक हासिल किए।प्रतिमा सिंह ने 94.2% अंकों के साथ स्कूल में दूसरा स्थान हासिल किया।दसवीं कक्षा के अन्य टॉपरों में गरिमा लोधी ने 92%,पारुल यादव ने 90.2% और अनमोल सिंह ने 89% अंक हासिल किए।कक्षा इ्त्र्रके शौर्य प्रताप सिंह ने 89.4% और कक्षा इ्त्र्रके पारस ने 88.8% अंक हासिल किए।मेधावी छात्रों को उनके अभिभावकों की मौजूदगी में स्कूल में सम्मानित किया गया।

# मजदूर की हत्या का खुलासा: निर्दोष बचे, असली हत्यारा चढ़ा हत्थे



नगराम, लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के ग्राम कुबहरा में हुई मजदूर महेश की हत्या के रहस्य से पुलिस ने पर्दा उठा दिया है। थाना नगराम, सर्विलांस सेल और पुलिस उपायुक्त दक्षिणी की संयुक्त टीम ने 10 दिन पहले हुई इस हत्या का सफल अनावरण करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। खास बात यह रही कि मृतक की पत्नी द्वारा जिन छह लोगों पर हत्या का आरोप लगाया गया था, वे निर्दोष साबित हुए और पुलिस की तत्परता से जेल जाने से बच गए। ज्ञात हो कि बीते पांच मई को नगराम थाना क्षेत्र के कुबहरा गांव निवासी श्रीमती सुनीता ने सूचना दी कि उनके पति महेश बीते 4 मई को टहलने गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। अगली सुबह उनका शव गांव के ही रामदीन के खेत में, एक कब्र के ऊपर खून से लथपथ मिला। महेश के गले में बेल्ट कसी हुई थी, जिससे स्पष्ट हुआ कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। मृतक महेश की पत्नी सुनीता ने गांव के ही रामदीन, लवकुश, दीपू, विनीता, रेशमा और सुरेन्द्र कुमार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। नगराम पुलिस ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी थी। वही डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल, एडीसीपी अमित कुमावत के मार्गदर्शन, एसीपी रजनीश वर्मा के निर्देशन व थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया, जिसमें सर्विलांस सेल को भी शामिल किया गया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गांव के पचास से अधिक लोगों से पुलिसिया तरीके से पूछताछ की। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि मृतक महेश और अभियुक्त मंशाराम उर्फ अवधेश निवासी कुबहरा घटना की रात शराब के नशे में थे। दोनों ने कुबहरा तिराहे से शराब खरीदी और पास ही एक पाकड़ के पेड़ के नीचे बैठकर शराब पी। नशे में दोनों के बीच विवाद हुआ और गुस्से में आकर मंशाराम ने महेश को धक्का दे दिया जिससे उसका सिर जमीन से टकरा गया। इसके बाद मंशाराम ने अपनी बेल्ट से महेश का गला कसकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शातिर मंशाराम ने पुलिस को गुमराह करने के लिए महेश का शव रामदीन के खेत में ले जाकर एक पुरानी कब्र पर लिटा दिया, ताकि हत्या का शक रामदीन के परिवार पर जाए। मौके पर मंशाराम अपनी बेल्ट और एक चप्पल छोड़ कर चला गया। चप्पल का दूसरा जोड़ा पुलिस ने मंशाराम के घर से बरामद कर लिया। पुलिस टीम ने अभियुक्त मंशाराम को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। मंशाराम के खिलाफ पूर्व में भी थाना नगराम में आपराधिक मुकदमा दर्ज था। गिरफ्तार अभियुक्त मजदूरी करता है और गांव में ही रहता है। पुलिस की गहन विवेचना और वैज्ञानिक अनुसंधान से यह स्पष्ट हो गया कि जिन छह लोगों को महेश की पत्नी ने नामजद किया था, वे इस घटना में निर्दोष हैं। पुलिस ने उन्हें जेल जाने से बचाया और सच्चे अपराधी को सलाखों के पीछे भेजा। हत्या की गुत्थी सुलझाने और निर्दोषों को बचाने में सराहनीय भूमिका निभाने वाली संयुक्त पुलिस टीम को पच्चीस हजार रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। एसीपी रजनीश वर्मा की सूझबूझ और नेतृत्व की सराहना की जा रही है। इस मामले में पुलिस की जांच ने यह साबित कर दिया कि तकनीकी साक्ष्य, सूझबूझ और निष्पक्षता से किसी भी जघन्य अपराध का सच सामने लाया जा सकता है। क्षेत्रीय जनता में पुलिस की छवि और भरोसे को नई मजबूती मिली है।

## शातिर अपराधी गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ के बन्थरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सक्रिय शातिर अपराधी विमल पुत्र राकेश रावत, निवासी कुरौनी, पर लखनऊ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आयुक्त लखनऊ द्वारा 11 मई 2025 को विमल और उसके गिरोह के खिलाफ अनुमोदित गैंग चार्ट के आधार पर यह कार्यवाही की गई।पुलिस जांच में सामने आया कि विमल अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर एक संगठित आपराधिक गिरोह का संचालन करता है। गिरोह के अन्य सदस्य हैं। मोनू पुत्र स्वर्गीय होरीलाल, निवासी कुरौनी,लखनऊ दूसरे विशाल उर्फ रौनी पुत्र दर्शनलाल रावत, निवासी कुरौनी, लखनऊ, तीसरे सुदेश पुत्र जगरूप रावत, निवासी कुरौनी, लखनऊ चौथे दीपक यादव उर्फ रंजित यादव पुत्र बब्लू यादव उर्फ योगेश यादव, निवासी रहीमाबाद, थाना बिजनौर, लखनऊ इन सभी आरोपियों के खिलाफ गंभीर आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहने के साक्ष्य मिले हैं। गिरोह लूटपाट व अन्य संगीन वारदातों को अंजाम देकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ अर्जित करता रहा है। इनके आपराधिक कृत्यों के कारण स्थानीय जनता में भय और आतंक का माहौल बना हुआ है, जिससे कोई भी व्यक्ति उनके खिलाफ गवाही देने का साहस नहीं जुटा पाता।गैंग लीडर विमल व उसके गिरोह द्वारा अपराधों में लिप्त पाया गया है। ऐसे में इन अपराधियों का समाज में स्वतंत्र रूप से विचरण करना जनहित में घातक माना गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस आयुक्त कार्यालय को गैंग चार्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद इसे अनुमोदित किया गया और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए। पुलिस ने सभी पांचों अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य संगठित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना और आम जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है।

# बच्चों को संस्कार देना हमारी जिम्मेदारी : राज्यपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल आज सीतापुर जनपद के खैराबाद स्थित भूमिजा बहुउद्देश्यीय हॉल पहुंचीं। इस अवसर पर आंगनबाड़ी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गुलाब पुष्प भेंटकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया। बच्चों द्वारा किये गये प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम से प्रभावित होकर राज्यपाल ने उपहार भी वितरित किये।

राज्यपाल महोदया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन प्यारे-प्यारे बच्चों ने जो योग प्रदर्शन किया है, वह इस उम्र में अद्भुत है। यह कार्य हम बड़ों के लिए भी आसान नहीं होता। बच्चों को संस्कार देना हमारी जिम्मेदारी है, क्योंकि जैसा वातावरण घर और परिवार में होगा, वैसे ही संस्कार बच्चों में विकसित होंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों की नींव मजबूत करने वाला एक सशक्त मंच बताया।ङ्क उन्होंने कहा कि हमारी बेटियों को भी हर क्षेत्र में भागीदारी लेनी चाहिये, वह जमाना चला गया जब बेटियों को पराया समझा जाता था। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर आंगनबाड़ी केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों की नीव का मजबूत बनाना होगा, यदि बच्चों की नीव मजबूत होगी तभी हमारा देश विकसित हो पायेगा, क्योंकि इन्हीं बच्चों के ऊपर हमारे देश की जिम्मेदारी है और आगे चलकर यही बच्चे भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने चाहिये, जिससे बच्चों सीखनें का अवसर मिलता है और उनका उत्साहवर्धन भी होता हैं। राज्यपाल महोदया ने कहा कि जिस प्रकार एक माली छोटे पौधे की देखभाल करता है और उसे बड़ा करता है और उसी प्रकार छोटे बच्चों का भी लालन-पालन होना चाहिये, यह माता-पिता की ही जिम्मेदारी होती है, की वह अपने बच्चों को अच्छे सस्कार दें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की निरंतर निगरानी आवश्यक है, तभी शिक्षा पूर्ण मानी जा सकती है। राज्यपाल महोदया ने युवाओं से देश के विकास में नीति व नियमों के अनुरूप काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिये आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आंगनबाड़ी किट वितरित की जा रही है, जिससे उनकी प्रारम्भिक शिक्षा और सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाया जा सके। सभी से संकल्पबद्ध होकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया और कहा कि बच्चों की शिक्षा और संस्कारों को मजबूत करने के लिये हमें अपने आचरण और व्यवहार को शुद्ध रखना होगा। उन्होंने कहा कि इन प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ाना हमारा कर्तव्य है ताकि वह प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में योगदान दे सकें। इसके लिये जरूरी है कि हर बच्चा आंगनबाड़ी और विद्यालय से जुड़कर शिक्षा प्राप्त करे। आंगनबाड़ी केन्द्रों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुये कहा कि यह केवल शिक्षा का ही माध्यम नही है बल्कि गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों के पोषण और समग्र विकास का केन्द्र भी है। उन्होंने प्री-स्कूल किट के प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बतायी। साथ ही उन्होंने बाल मनोविज्ञान को बढ़ाना देने पर बल दिया, जिससे बच्चों को अनकूल शैक्षिक वातावरण मिल सके और उनका समग्र व्यक्तित्व विकास सुनिश्चित हो।



कार्यक्रम स्थल पर जल निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आयुष, बाल विकास एवं पुष्टाहार, कृषि, उद्यान, खाद्य प्रसंस्करण, बेसिक शिक्षा, कारागार, ओ.डी.ओ.पी., राष्ट्रीय आजीविका मिशन आदि विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया गया। मा0 राज्यपाल महोदया ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक अवश्य पहुँचे।

स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों एवं नवाचारों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने ग्रामीण उद्यमिता को आत्मनिर्भरता का आधार बताया। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु जी द्वारा राज्यपाल महोदया का स्वागत किया गया एवं जनपद में स्वास्थ्य, स्वच्छता और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में हुई प्रगति से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने राज्यपाल को जनपद में संचालित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार की दिशा में हो रहे कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने 'योग, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य' पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें सभी ने सराहा। डीएलएड प्रशिक्षुओं ने बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों के माध्यम से भारत की वैश्विक भूमिका पर प्रकाश डाला। राज्यपाल महोदया द्वारा विभिन्न लाभार्थियों को योजनाओं के अंतर्गत सामग्री एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए, जिनमें शामिल थे राज्यपाल महोदया ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री-स्कूल किट एवं हाईजिन 10 किट का मंच से वितरण तथा कुल 200 किट वितरण किये गये। पोषण अभियान अन्तर्गत 05 पोषण पोटली मंच से वितरित की गयी तथा कुल 100 पोटली का वितरण हुआ। 05 आयुष्मान कार्ड वितरित मंच से किये गये एवं कुल 100 कार्डों का वितरण किया गया। समूह की महिलाओं को ई-रिक्शा की 04 चाभी का वितरण मंच से एवं कुल 20 चाभी का वितरण किया गया। स्वामित्व योजनान्तर्गत 02 घरौनी का वितरण मंच से तथा कुल 50 वितरण किये गये। 02 टी0बी0 किट का वितरण मंच से तथा कुल 100 किटों का वितरण किया गया। एन0आर0एल0एम0 के 02 प्रमाण-पत्र का वितरण मंच से तथा कुल 100 प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया।

## जच्चा बच्चा स्वास्थ्य उपकेन्द्र सेंटर का फीता काट कर किया गया उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। आज रिहार में जच्चा बच्चा स्वास्थ्य केंद्र उपकेन्द्र सेंटर का फीता काट कर उद्घाटन किया गया बताया गया कि जो गर्भ वाती तंबौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं जा पाए उसको नजदीकी उप केंद्र रिहार में प्रसव कराना वा अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

जिसमें अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर डॉ मनोज ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर राहुल पांडेय बीपीएम वा मोहिनी जायसवाल आशा संगिनी लक्ष्मी आशा पुनीता प्रधान रामपाल सीएचओ वीरेश श्याम प्रकाश सुमन आशा वा गांव के तमाम लोग मौजूद रहे।

## चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण, तीन शातिर अंतर्जनपदीय अपराधी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद सीतापुर में लूट/चोरी/नकबजनी/छिनैती जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवम् विधिक कार्यवाही के निर्देश दिये गये है ।

उक्त दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीन रंजन सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकार कपूर कुमार के नेतृत्व में थाना सिधौली पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं में प्रकाश में आये कुल 03 शातिर अंतर्जनपदीय अपराधियों 1.शुभम पुत्र विजय निवासी मोहल्ला तुलसीपुरम थाना मदेयगंज जनपद लखनऊ मूल पता ग्राम खेमपुर मजरा अम्बरपुर थाना अटरिया सीतापुर 2.विशाल कनौजिया लगभग पुत्र छोटकन्न कनौजिया निवासी मूल पता कस्बा व थाना अटरिया जिला सीतापुर हाल पता त्रिवेणी नगर 2द्बद हसनगंज लखनऊ 3.कृष्णा पुत्र अजय निवासी सिया पी0जी0 कालेज थाना हसनगंज मूल पता भवानीपुर थाना बी0के0टी0 लखनऊ को बाडी चौकी के आगे पेट्रोल पम्प से पहले ऑटो में बैठकर चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनसे *कुल 5,500 /-रुपये नकदी, कुल 30 अदद मोबाइल फोन (जिनमें 25 अदद की पैड वाले मोबाइल फोन, 05 अदद एण्ड्राइड फोन टच स्क्रीन मोबाइल सेट), 06 अदद पावर बैंक, 29 अदद चार्जर, 21 अदद मोबाइल बैट्री, 01 अदद इयर फोन काला, चोरी की घटना कारित करने हेतु प्रयुक्त 02 अदद लोहे का बेलचा (चोरी करने का औजार ), एक अदद इस्तेमाली माचिस, एक अदद सफ़ेद नीला आटो रिक्शा ठ्घ्32ठ्ग9156, एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर बरामद* हुआ है। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि *बरामद हुए बेलचा तथा सब्बल से हम लोग एक साथ मिलकर रात्रि मे शटर आदि काट/तोड़ कर दुकानों मे घुसकर चोरी करते है, बरामद मोबाइल / चार्जर बैट्री / पावर बैंक आदि हम लोगो ने कल रात मे कस्बा सिधौली मे रेलवे स्टेशन के पास एक मोबाइल की दुकान का शटर बेलचा/सब्बल से तोड़कर चुराये थे तथा जिसे बेचने हेतु लखनऊ ले जाने की फिराक में थे। बरामद शेष नकदी हम लोगो ने दिनांक 10/05/2025 को रात्रि मे थाना मिश्रित क्षेत्र मे 02 दुकान के शटर तोड़कर चुरायी थी।* थाना सिधौली संदर्भित घटना में मु0अ0सं0 167/25 धारा 331(4)/305 उग्ट्ट एवम् थाना मिश्रित संदर्भित घटना में मु0अ0सं0 124/25 धारा 331(4)/305 उग्ट्ट तथा मु0अ0सं0 125/25 धारा 331(4),305 उग्ट्ट पंजीकृत है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त विशाल व शुभम उपरोक्त शातिर किस्म के अंतर्जनपदीय अपराधी है जिनके विरुद्ध जनपद लखनऊ में भी अभियोग पंजीकृत हैं। बरामद अवैध शस्त्र एवम् चोरी की योजना बनाने के संबंध में थाना सिधौली पर मु0अ0सं0 168/2025 धारा 313 बीएनएस व 25(1-उ) आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

## सड़कों की मरम्मत के लिए जिलाधिकारी को लिखा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कमलापुर। क्षेत्र की तीन क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत हेतु विधान परिषद सदस्य एवं सभापति वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति पवन सिंह चौहान ने जिला अधिकारी को लिखा पत्र । इन तीनों सड़कों के बारे में सत्य प्रकाश सिंह अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह फाउंडेशन एवं स्वयंसेवक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने माननीय जी को अवगत कराया था।

एम .एल .सी.ने अपने पत्र में लिखा कमलापुर में नहर पटरी के किनारे से होते हुए हमीरपुर तक संपर्क मार्ग कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया है।

इसके साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग कुर्सिनपुरवा के पास से चीनी मिल सरौराकला ,भिठौली होते हुए नहर पुलिया भिठौली तक मार्ग बहुत जर्जर है इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कत होती है शीघ्र से शीघ्र इन सड़कों की मरम्मत कराई जाए। माननीय जी ने लिखा कमलापुर से मास्टरबाग संपर्क मार्ग पर कसमंडा के पास बनी पुलिया के पास मार्ग काफी क्षतिग्रस्त हो गया है इसे भी मरम्मत करने की बात कही। क्षेत्र के ग्रामीण सत्य प्रकाश सिंह अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सिंह फाउंडेशन, त्रिभुवन सिंह प्रबंधक ,समाजसेवी देवेश सिंह,राघवेंद्र सिंह, जनक कुमारी सिंह प्रधान ग्राम पंचायत नयागांव अनुज सिंह राठौर भगनू राजवंशी पूर्व प्रधान, राजेश रावत कैलाश पांडे, पंकज सिंह दिनकर सिंह चौहान, सोनू मिश्रा ,शिवशरण सिंह नंदराम मंडल कार्यवाह आर .एस .एस. रामसेवक, सलीम, पंकज शर्मा, हिमायत, अनूप सिंह ने सड़को के मरम्मत कराए जाने की मांग की।

## जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर रायबरेली के सहयोग से कराया जा रहा प्रशिक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहटा सीतापुर। ब्लाक -बेहटा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कराया जा रहा जिसमें खंड विकास अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी मौजूद रहे जिसमें ग्राम पंचायत के प्रधान, पंचायत सहायक व स्वयं सहायक समूह की सक्रिय महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

जिसमें प्रदूषित जल पीने से क्या क्या बीमारियां होती है ,जल का संरक्षण रख रखाव, पानी की बचत व गाँव में बन रही पानी की टंकी को कैसे हैंड ओवर व टेक ओवर करने की प्रक्रिया पर प्रशिक्षण दिया गया जो भी गाँव में पानी की टंकी बनवाई जा रहीं क्या सरकार के मानक के रूप में बन रहीं हैं जब तक पूरे मानक नहीं होते तब तक हैड ओवर व टेक ओवर नहीं करेंगे इन तथ्यों पर ग्रामप्रधानो का ध्यान आकर्षित कराया गया एवं सभी की भागीदारी का होना बहुत ही आवश्यक बताया गया इस मौके पर राज्य प्रशिक्षक ,अमित कुमार शुक्ला ,पन्नालाल मिश्रा कोआडिनेटर, बबित मिश्रा, दीप रंजन श्रीवास्तव , एवं प्रधान कृपा शंकर, विनोद कुमार, नूरजहां प्रधान, आफाक अहमद पंचायत सहायक अधयक्ष, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मौर्य , जितेंद्र कुमार राज आदि मौजूद रहे।

## वैज्ञानिक खेती को लेकर दिए गए अहम दिशा-निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर पलिया। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री गन्ना कृषक प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड, पलिया मिल क्षेत्र के ग्राम बौधिया कला में एक विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य गन्ना किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों, जैविक उपायों और यंत्रीकरण के माध्यम से प्रति हेक्टेयर गन्ना उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रशिक्षित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश पांडेय और मिल के केन हेड राजीव तोमर द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर एवं प्रगतिशील कृषक अंकुर सिंह ने किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन, कीट नियंत्रण, और समयबद्ध कृषि कार्यों की उपयोगिता पर व्यावहारिक जानकारी दी।

गन्ना निरीक्षक पांडेय ने गन्ना क्लीनिक, वैज्ञानिक खेती, यंत्रीकरण और फार्म मशीनरी बैंक जैसी सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी, वहीं महाप्रबंधक राजीव तोमर ने जैव उर्वरक और ट्राइकोडर्मा के प्रयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम में किसानों की समस्याएं भी सुनी गईं, जिनका मौके पर समाधान प्रस्तुत किया गया। साथ ही उपस्थित मास्टर ट्रेनरों को यह निर्देश दिया गया कि वे प्राप्त जानकारी को ग्राम सभाओं में साझा करें, ताकि योजना का लाभ व्यापक स्तर पर मिल सके। हालाँकि, प्रशिक्षण शिविरों की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि यह जानकारी कितनी प्रभावी रूप से जमीनी स्तर तक पहुंचती है और किसानों द्वारा व्यवहार में लाई जाती है। ऐसी योजनाओं में फॉलोअप निगरानी और तकनीकी सहायता की निरंतरता अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर जीएम केन जितेंद्र सिंह, प्रबंधक प्रवीण खोखर, व सैकड़ों किसान मौजूद रहे, जो क्षेत्र में गन्ना उत्पादन की गंभीरता और किसानों की रुचि को दर्शाता है।

## महेवागंज में राजेश मेडिकल स्टोर पर छापा

**एक्सपायरी और नारकोटिक दवाएं बरामद, नमूने जांच के लिए भेजे गए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। महेवागंज स्थित राजेश मेडिकल स्टोर पर औषधि निरीक्षक बबीता रानी के नेतृत्व में औषधि विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक्सपायरी और संदिग्ध नारकोटिक दवाएं बरामद की हैं। यह छापेमारी प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें स्टोर पर गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि हुई है।

राजेश गुप्ता नामक प्रोपराइटर मौके पर मौजूद पाए गए और उन्होंने अपनी औषधि बिक्री का लाइसेंस प्रस्तुत किया, लेकिन मेडिकल स्टोर पर कार्यरत फार्मासिस्ट रुचि गुप्ता (जिन्हें राजेश गुप्ता ने अपनी छोटी बहू बताया) निरीक्षण के समय अनुपस्थित रहीं।




दुकान के अंदर दवाओं का रख-रखाव बेहद गंदे और अस्वच्छ हालात में पाया गया। कई दवाएं फर्श पर बिखरी थीं और साफ-सफाई न के बराबर थी। जब दवाओं की खरीद-बिक्री के अभिलेख मांगे गए, तो राजेश गुप्ता कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। लकड़ी की रैक में छुपाकर रखी गई नारकोटिक श्रेणी की कुछ दवाएं भी बरामद की गईं, जिनके खरीद बिल नहीं दिखाए जा सके। इसके अलावा प्लास्टिक की 100 द्व्य की चार संदिग्ध वाइल मिलीं, जिन पर कोई लेबल नहीं था। वाइल में पारदर्शी तरल भरा हुआ था, जिसे संदिग्ध मानते हुए सील कर दिया गया। साथ ही एक कफ सिरप का नमूना भी लिया गया है, जिसे राजकीय विश्लेषक, उत्तर प्रदेश को भेजा गया है। मौके पर निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर सहायक आयुक्त, औषधि, लखनऊ मंडल को भेज दी गई है। राजेश गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने की संस्तुति की गई है।

### जवाबी कीर्तन का किया गया आयोजन किया

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिसवां कस्बे में बुढवा मंगल के अवसर पर ऐतिहासिक बड़ा हनुमान मंदिर परिसर में हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी 28 वां जोरदार जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें राखी आजाद की रिंकी उरई ,रती राम संडीला ,हरदोई के बीच जोरदार जवाबी कीर्तन का महा मुकाबला हुआ। हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं आरती कर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला विधायक निर्मल वर्मा, वीरेश मिश्रा, पवन मिश्रा, अमूल्य रंजन मिश्रा ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया गया। जवाबी कीर्तन के पूर्व सजीव धार्मिक झांकियों का चित्रण किया गया, जिसे देखकर बड़ी संख्या में मौजूद श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। साथ ही पत्रकार एवं समाजसेवियों को कमेटी के द्वारा सम्मानित किया गया ऋजवाबी कीर्तन में कानपुर की ख्यातिलब्ध कीर्तन कलाकारा राखी आजाद एवं रती राम कीर्तन सम्राट ने कीर्तन को ऊंचाइयां प्रदान की। वहीं भोर तक सवालों जवाबों की जबरदस्त टक्कर चलती रही। राखी आजाद के देशभक्ति से ओतप्रोत गीत तथा रती राम के धार्मिक गीतों की सभी ने खूब प्रशंशा की। अंत में मुकाबले में जीत हार तय नहीं हो पाई और मुकाबला बराबरी पर छूटा। अतिथियों का स्वागत आयोजक वीरेश मिश्रा, पवन मिश्रा,अमूल्य रंजन मिश्रा,प्रतीक मिश्रा रजनीश मिश्रा,अभिनव रंजन मिश्र,संजीव मिश्रा,सुरेन्द्र मिश्र ,ब्रज भूषण पांडे आदि ने किया। वहीं प्रसिद्ध कीर्तन कलाकारा और कीर्तन सम्राट के मध्य हुए जोरदार जवाबी कीर्तन के मुकाबले का देर रात तक श्रोता आनंदित हुए ।

### अधिशासी अभियंता कौशल कुमार झा पर विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी ने लगाया भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पीडब्ल्यूडी सीडी 1 के अधिशासी अभियंता कौशल कुमार झा पर भाजपा विधायक मंजू त्यागी ने लगाए गंभीर आरोप, अपने चहेते ठेकेदारों और अधिकारियों से मिलकर सरकारी धन की बंदर बाट का आरोप लगाया है ,6 बार ट्रांसफर होने के बाद भी धन के बल से जिले में जमे होने का बड़ा आरोप,, अपराध अनुसंधान और बिहार विजिलेंस से कौशल कुमार झा की संपत्ति की विधायक मंजू त्यागी ने जांच करने की की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखा पत्र, कौशल कुमार झा के दफ्तर का कर्मचारियों में सरकारी धन की बंदरबाट के झगड़े का वीडियो हुआ था वायरल, जिले में कराए गए कार्य की भ्रष्टाचार की तस्वीर जो इन कैमरे हुए थीं कैद धौरहरा तहसील के पुल निर्माण महमदपुर गांव की तस्वीर सेमरी गांव के छंगा पुरवा आर सीसी सड़क ऑन कमरे में हुई थी कैद।

### नीमगांव क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात, शराब व्यवसायी के घर से 15 लाख के जेवरात व नगदी चोरी

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना नीमगांव क्षेत्र के रसूलपुर गांव में चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। शराब व्यवसायी रमेश त्रिपाठी के घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने लगभग 15 लाख रुपये के जेवरात और 50 हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार, चोरों ने रात के अंधेरे में घर के पीछे की दीवार में नकब लगाकर भीतर प्रवेश किया और पूरे घर की तलाशी लेने के बाद कीमती सामान चुरा ले गए। चोरी की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। फिलहाल घटना से क्षेत्र में दहशत और असुरक्षा का माहौल है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उचौलिया थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर राजानगर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में डुड़ौलिया गांव निवासी अशोक सिंह (उम्र लगभग 50 वर्ष) की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार अशोक सिंह घरेलू सामान लेने मोहड्डियापुर जा रहे थे, तभी पीछे से एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही उचौलिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव जैसे ही घर पहुंचा, परिजनों में कोहराम मच गया। गांव का माहौल गमगीन हो गया और गलियों में सन्नाटा पसर गया। परिजनों ने बताया कि यह परिवार पहले से ही गहरे सदमे में था, क्योंकि महज दो महीने पहले अशोक सिंह के बड़े बेटे की हत्या कर दी गई थी, जबकि छोटे बेटे की पहले ही सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है। अब परिवार के इकलौते सहारे अशोक सिंह की भी मौत हो गई, जिससे पत्नी और बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### बाघ का आतंक, ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश लखीमपुर जिले के इंदिरा मनोरंजन पार्क क्षेत्र के गंगाबेहड़ पश्चिम गांव में एक हिंसक बाघ का आतंक बना हुआ है। बताया जा रहा है कि बाघ गांव के पास खेतों में रात को दिखाई दे रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत के साथ-साथ आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है।

बाघ लगभग तीन किलोमीटर के इलाके में सक्रिय है और अब तक वन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। गंगाबेहड़ पूरब गांव में इससे पहले एक तेंदुए ने एक किसान के बेटे की जान ले ली थी, जिससे क्षेत्र की जनता पहले से ही वन्यजीव हमलों को लेकर डरी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि बाघ को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और गांव की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। सरकार से भी अपील की गई है कि वह इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता के साथ हल करे, ताकि ग्रामीण जीवन सुरक्षित हो सके।

### बस की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन की मौत

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र में एक रोडवेज बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार भाई-बहन की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार हरदोई जिले के थाना पाली के ग्राम बैजूपुर निवासिनी शारदा देवी (32) अपने भाई अवध सिंह (20) के साथ मोटरसाइकिल से सवार होकर फर्रुखाबाद जिले के गंगा पांचाल घाट पर अपने रिश्तेदार द्वारा गंगा पहनाई के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान फर्रुखाबाद के राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गांधी के समीप बुधवार पूर्वाह्न बाद फर्रुखाबाद शहर की ओर से आई तेज रफ्तार वाली एक रोडवेज की बस की चपेट में आने से बाइक सवार भाई-बहन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होने बताया कि मोटरसाइकिल सवार घायल दोनों भाई बहनों को फर्रुखाबाद के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में चिकित्सा उपचार के लिए ले जाया गया, जहां सरकारी चिकित्सक ने महिला शारदा देवी को मृत घोषित कर दिया और कुछ ही घंटे के उपचार के बाद उसके भाई अवध सिंह की भी मौत हो गई।

# जमीन विवाद में हुई हत्या के मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार

## मायके आई बहन की हुई थी मौत,तीन लोग गंभीर रूप से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/ कुशीनगर। सेवरही थाना क्षेत्र के धुरिया इमिलिया गांव में दो डिस्मिल जमीन के विवाद को लेकर सोमवार को हुए खूनी संघर्ष में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बुधवार को इस मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस के अनुसार मृतका फूलमती देवी (40) अपने मायके आई थीं उसी समय जमीन का विवाद हो गया। विवाद में बीच-बचाव करने के दौरान उन पर भी कुदाल से हमला कर दिया गया।

हमले में फूलमती देवी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मुन्ना मद्धेशिया, उनकी पत्नी गीता देवी और स्वामीनाथ की पुत्री रोली गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से मुन्ना की स्थिति गंभीर होने के चलते गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल रहा जिसे देखते हुए मौके पर सेवरही, बरवापट्टी और विशुनपुरा थानों की पुलिस तैनात की गई थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हत्या में प्रयुक्त कुदाल बरामद कर ली थी और आरोपियों की तलाश में दबिश शुरू कर दी थी।बुधवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या के इस मामले में नामजद आरोपी चंद्रेश उर्फ चंद्रशेखर पुत्र रामधारी और उसकी पत्नी सुशीला को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना सेवरही में पंजीकृत मुकदमा संख्या 133/2025, धारा 103(1), 109(1) बीएनएस के तहत विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### रोटरी क्लब ने कंपोजिट विद्यालय कनखोरिया में निःशुल्क स्कूल बैग वितरण

कुशीनगर । रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कसया विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय कनखोरिया में बुधवार को नव प्रवेशित बच्चों को निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किए गए। इस सराहनीय पहल से बच्चों में नया उत्साह देखा गया और उनके शैक्षिक जीवन को संबल प्राप्त हुआ।इस अवसर पर रोटरी क्लब कुशीनगर के सचिव अजय सिंह ने कहा, ''बच्चों को शिक्षित और सशक्त बनाना हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। शिक्षा ही समाज को दिशा देती है, और ऐसे छोटे-छोटे प्रयास भविष्य को बड़ा बदलाव देने की क्षमता रखते हैं।''विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपेश कुमार सिंह ने कहा, ''यह सेवा कार्य न केवल बच्चों के शैक्षिक जीवन में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि उनके मनोबल को भी सशक्त बनाएगा। कार्यक्रम में क्लब सचिव अजय सिंह के साथ डॉ. जे.के. पटेल, डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# 16 मई को बाबू गेंदा सिंह की प्रतिमा का होगा अनावरण

## कैबिनेट मंत्री एके शर्मा होंगे मुख्य अतिथि

## विधायक, सांसद व जनप्रतिनिधियों की होगी उपस्थिति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/ कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के बरवाराजापाकड़ स्थित गेंदा सिंह लघु माध्यमिक विद्यालय परिसर में शुक्रवार 16 मई को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व मंत्री व सांसद रहे बाबू गेंदा सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और आयोजन को भव्य स्वरूप देने की पूरी तैयारी हो चुकी है।आयोजन समिति के समन्वयक एवं केंद्रीय कारपोरेट मंत्रालय की हिंदी भाषा सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य डा. पुनीत राय ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 12 बजे आरंभ होगा। इसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय करेंगे।समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद देवरिया शशांक मणि त्रिपाठी तथा कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दुबे शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में तमकुहीराज विधायक पीएन पाठक, भाजपा नेता मनीष जायसवाल, डा. असीम कुमार, विवेकानंद पांडेय, मोहन वर्मा, विनय गोंड एवं पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा उपस्थित रहेंगे। क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा मुख्य स्वागतकर्ता की भूमिका में रहेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए सत्येंद्र उर्फ गुड्डू शुक्ल, सुरेंद्रनाथ राय, चंद्रभान राय, रजनीश राय, मनीष राय, राजन सिंह, राजेश शाही, संदीप सिंह, अभय शाही समेत लोग होगें मौजूद।

# डीएम के निर्देशन में अमृत सरोवर व तालाबों में भरा जा रहा पानी

## गर्मी के दृष्टिगत पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था कराई जा रही सुनिश्चित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में जनपद में अमृत सरोवर और अन्य तालाबों में पानी भरने का कार्य किया जा रहा है। खण्ड विकास अधिकारी राही गौरी सिंह राठौर ने बताया कि विकास खण्ड में 17 अमृत सरोवर और 48 तालाबों में पानी भरने का कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि गर्मी के दृष्टिगत जलाशयों में पानी भरकर जल संरक्षण और पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है, इस पहल से क्षेत्र में जल संकट की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी तथा पर्यावरण और जैव विविधता को भी लाभ होगा,इस कार्य का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना।

### विचाराधीन वाद में नियत तिथि में अपना पक्ष रख सकते है

रायबरेली। नियत प्राधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार ने बताया है कि नियत प्राधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट के न्यायालय में राज्य बनाम डा अरविन्द सिंह अन्तर्गत धारा 4/7 पी0पी0एक्ट कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या डी 202310580000941 विचाराधीन है। डा अरविन्द सिंह की मृत्यु हो चुकी है। जिनके वारिस पुत्र डॉ अभिजीत सिंह व पुत्री कु0 नेहा, यदि इस वाद में कोई आपत्ति देना चाहते हो तो वाद में नियत तिथि 20 मई 2025 को उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है।

# महिला आयोग की सदस्य ने महिला उत्पीड़न से संबंधित सुनीं शिकायतें

## महिला आयोग की सदस्य ने महिलाओं से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने के लिए दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में महिलाओं उत्पीड़न व उनकी समस्याओं से जुड़े मुद्दो के बारे में अधिकारियों से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने जन सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, वैवाहिक समस्या, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा व रोजगार आदि संबंधी शिकायत सुनी। उन्होंने महिला थाना अध्यक्ष, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा को निर्देश दिये कि सभी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित महिलाओ को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। निर्देश दिये कि महिलाओं के उत्पीड़न व महिला से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से किया जाये तथा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत व ग्रामीण स्तर पर कराया जाये। जिन प्रकरणों में अभी कार्यवाही लंबित है उन्हें भी आयोग के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी का निर्देश है कि महिलाओं और बच्चों से संबंधित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई की जाए। उन्होंने महिला जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, सीओ सिटी अमित सिंह, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी महिमा, महिला थाना प्रभारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वुडवर्क (काष्ठ कला) ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

रायबरेली। उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजनान्तर्गत जनपद में वुडवर्क (काष्ठ कला) ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन वेबसाइट द्धण्ण्ध्पः//दद्दध्न्द्धपद्दद्द.ध्न्द्धपदद.द्दधफ.द्धद्ध पर आमंत्रित किये जा रहे हैं। आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा आवेदक वुडवर्क के क्षेत्र में कार्य करता हो। चयन उपरांत लाभार्थी को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण तथा टूलकिट प्रदान किया जायेगा। उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया कि योजनान्तर्गत पात्रता हेतु आवेदन करने की तिथि को प्रशिक्षार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षार्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है। उन्होंने बताया कि आवेदक द्वारा केन्द्र तथा राज्य सरकार की किसी योजनान्तर्गत उत्पाद से सम्बन्धित टूलकिट का लाभ विगत 02 वर्षों में न प्राप्त किया हो। आवेदक अथवा उसके परिवार के किसी सदस्य को योजनान्तर्गत केवल एक बार ही लाभान्वित किया जायेगा। परिवार का आशय पति एवं पत्नी से है। आवेदक द्वारा पात्रता की शर्तों को पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना होगा। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सिविल लाइन्स, रायबरेली से सम्पर्क किया जा सकता है।

### आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता गुरु श्री श्री रवि शंकर का मना जन्मदिन



कुशीनगर। आध्यामिक गुरु और आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता श्री श्री रवि शंकर की जयंती श्री दुर्गा जी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिसवा - महंथ के परिसर में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।मंगलवार को आयोजित जयंती कार्यक्रम में श्री श्री रविशंकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया और पौध लगाकर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की गई। छात्र - छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और विविध खेलों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य/ योग प्रशिक्षक महेश पासवान ने कहा कि श्री श्री गुरु जी ने विश्व को अध्यात्म के माध्यम से योग और शांति का संदेश दिया है। इस दौरान रमेश पासवान, श्रीमती रीता देवी, नेहा, प्रिया, कुनाल सहित बच्चे मौजूद थे।

### पारम्परिक व आधुनिक व्यंजनों में परचम लहरा रहे शेफ लल्लन कुमार



राजापाकड़ /कुशीनगर। तमकुही विकास क्षेत्र के कटहरी बाग निवासी लल्लन कुमार एक ख्याति प्राप्त शेफ हैं, इन्होंने दिल्ली से पहलगाम और महाबालेश्वर से कच्छ तक पारंपरिक स्वाद और आधुनिकता का बेहतरीन संगम पेश किया है। भारत के प्रमुख होटलों में अपना सिर्फ योगदान ही नहीं दिया है अपितु एक से बढ़कर एक नवाचारों को भारतीय पारम्परिक व्यंजनों में पेश कर आधुनिकता का बेजोड़ संगम प्रस्तुत किया है जो काफी सराही गयी है।शेफ लल्लन कुमार एक निपुण शेफ ही नहीं हैं बल्कि उन्होंने कई प्रतिष्ठित खाद्य महोत्सवों में लाइव कुकिंग शो और हॉस्पिटलटी कार्यक्रमों में अपनी खास पहचान बनाई है।

# चंदापुर थाने में 23 गांवों के संभ्रांत लोगों की बैठक

## क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने कहा कि आप सभी लोग जन जागरूकता अभियान के तहत अपने-अपने गांवों में लोगों को करे जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। नवसृजित थाना क्षेत्र में आने वाले सभी 23 गांवों के ग्राम प्रधानों,कोटेदारों व संभ्रांत लोगों की एक बैठक थाना चंदापुर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी महराजगंज प्रदीप कुमार ने की उपस्थित जनप्रतिनिधियों कोटेदारों व आम जनमानस को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने कहा कि आप सभी लोग जन जागरूकता अभियान के तहत अपने-अपने गांवों में लोगों को जागरूक करें तथा किसी भी प्रकार के संदिग्ध व्यक्ति व अपराध करने वाले अपराधी यदि दिखाई पड़े तो दूरभाष नंबर पर सूचित करें। जिनको पकड़वाकर कड़ी कार्यवाही की जाएगी, तो वही क्षेत्राधिकारी ने यह भी कहा कि यदि क्षेत्र में अवैध कटान व अवैध खनन रात्रि में किया जाता है, तो आप लोग दूरभाष पर सूचित करें जिस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि आज दोपहर 2 बजे नव सृजित थाना चंदापुर रायबरेली पर थाना क्षेत्र की 23 ग्राम सभाओं के प्रधान व कोटेदारों से सामान्य परिचय कर ,थाना क्षेत्र के हल्कों,संबंधित क्षेत्र के हल्का दारोगा व मुख्य आरक्षी/आरक्षी के मोबाइल नंबरों को साझा करने,क्षेत्र में घटित ठगी की घटना के संबंध में जन जागरुकता,आदि के सम्बन्ध में गोष्ठी की गई जिसमें थानाध्यक्ष चंदापुर प्रशांत द्विवेदी, वरिष्ठ उपनिरक्षक प्रवीण कुमार सिंह, उप निरीक्षक रवि पवार, उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, आरक्षी आनंद कुमार, आरक्षी अमित कुमार आदि थाना पुलिस उपस्थित रहे।

# लूट की झूठी सूचना देने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा

## बैंक लोन चुकाने के लिए रची थी साजिश, पूछताछ में कबूला गुनाह, डायल 112 पर दी थी 4.82 लाख रुपये की लूट की झूठी सूचना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिले के थाना सिधारी क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने बैंक का लोन चुकाने के लिए डायल 112 पर 4,82,000 रुपये की लूट की झूठी सूचना दी। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) शैलेंद्र लाल ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे डायल 112 पर एक सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना देने वाले व्यक्ति, जो एक ऑटो चालक सूर्य प्रकाश पुत्र हरिश्चन्द निवासी गोपालपुर सरदहा थाना महारागंज के रूप में पहचाना गया, ने दावा किया कि मतौलीपुर बाईपास, थाना सिधारी के पास दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच अज्ञात लोगों ने उससे 4,82,000 रुपये से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए। इस सूचना के आधार पर पुलिस तुरंत हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में यह बात सामने आई कि सूर्य प्रकाश के ऑटो के आसपास उस समय कोई भी दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच लोग नहीं गुजरे थे, जैसा कि उसने दावा किया था। इस खुलासे के बाद पुलिस को सूर्य प्रकाश के बयान पर संदेह हुआ। पुलिस ने सूर्य प्रकाश से कड़ाई से पूछताछ की, जिसके बाद उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने बताया कि उस पर बैंक का भारी-भरकम लोन था, जिसे चुकाने में वह असमर्थ था। लोन के दबाव से बचने और अपने रिश्तेदारों से पैसे उधार लेने के लिए उसने लूट की यह झूठी कहानी गढ़ी थी। उसका इरादा था कि इस घटना के बहाने वह रिश्तेदारों से सहानुभूति और आर्थिक मदद हासिल कर लेगा।अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र लाल ने बताया कि सूर्य प्रकाश के खिलाफ झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने और कानून-व्यवस्था को भंग करने की कोशिश के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

इस घटना ने एक बार फिर पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता को उजागर किया है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे इस तरह की झूठी सूचनाएं देने से बचें, क्योंकि यह न केवल पुलिस संसाधनों का दुरुपयोग करता है, बल्कि कानून-व्यवस्था को भी प्रभावित करता है। साथ ही, पुलिस ने कहा कि इस तरह के मामलों में कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी के अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिले के जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार (द्वितीय) की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक अपर जिलाधिकारी प्रशासन तथा सहायक आयुक्त खाद्य, आजमगढ़ मण्डल की उपस्थिति में प्रारम्भ हुई।

प्रारम्भ में जिलाधिकारी ने समस्त प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त करने के उपरान्त अभिहित अधिकारी, आजमगढ़ को विभाग द्वारा तैयार की गयी रणनिति एवं कृत कार्यवाही से सभी को अवगत कराने को कहा। अभिहित अधिकारी सुशील कुमार मिश्र ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विगत वर्ष 665 नमूनें संग्रहित किये गये जिसमें जांचे गये कुल नमूनों में गुणवत्तापरक नमूना संकलन के कारण 63 प्रतिशत नमूने फ़ेल पाये गये। अभिहित अधिकारी ने बताया कि विगत वर्ष मिलावट करने वाले 306 खाद्य कारोबारकर्ताओं के उपर रू0 9829000/- का अर्थदण्ड अधिरोपित कराया तथा न्यायिक न्यायालय में 02 खाद्य कारोबारकर्ताओं को कारावास से दण्डित करवाया गया, जिस पर जिलाधिकारी महोदय संतोष व्यक्त किया। अभिहित अधिकारी ने अगले बिन्दु पर प्रकाश डालते हुए बताया कि खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी योजना ईट राइट इण्डिया इनिशिएटिव के लक्ष्य को प्राप्त कर 76 कारोबारियों को 03 से 05 स्टार हाईजीन रेटिंग प्राप्त कराई गई है, जिसकी आडिट बाहरी आडिट एजेन्सीयों द्वारा किया गया था। विगत वर्ष विभाग द्वारा निःशुल्क 254 खाद्य कारोबारकारियों खाद्य सुरक्षा विषयक पर प्रशिक्षित कराकर फॉस्टैक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने संतोष व्यक्त करते हुए विभाग को निर्देशित किया कि वे जागरूकता पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यकतानुसार प्रवर्तन कार्यवाही करें। जिलाधिकारी द्वारा लाइसेंस व पंजीकरण के वांछित लक्ष्य प्राप्त करने पर प्रशन्नता व्यक्त की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां पर भी पका हुआ भोजन परोसा जा रहा है जैसे- स्कूल, आंगनबाडी केन्द्र एवं कैन्टिन में विशेष सतर्कता रखते हुए नियमित जांच करें तथा बेसिक शिक्षा विभाग व पंचायत राज विभागएवं जिला कार्यक्रम विभाग से समन्वय स्थापित कर ग्राम प्रधान, विद्यालय के प्रधानाचार्य, आंगनबाडी केन्द्र संचालक तथा रसोईयों को एक जगह एकत्रित कर ब्लाक स्तर पर खाद्य सुरक्षा विषय पर जागरूक कार्यक्रम करने पर बल दें एवं जिला अस्पताल तथा विद्यालयों में परोसे जा रहे तैयार भोजन की गुणवत्ता की सतत निगरानी करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि जिन वादो में साक्ष्य की कार्यवाही पूर्ण हो गयी है उन वादो में अभियोजन विभाग से सहयोग प्राप्त कर उसका यथाशीघ्र निस्तारण कराएं। बैठक में जिलाधिकारी ने विशेष बल देते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि अर्न्तविभागीय समन्वय स्थापित करते हुए सभी विभागों के हित को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करें एवं खराब छवि वाले प्रतिष्ठानों को चिन्हित करते हुए प्रवर्तन कार्यवाही कर सुधार लाये। औषधि निरीक्षक सीमा वर्मा ने विभाग द्वारा कृत कार्यवाही से बैठक में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने संतोष व्यक्त किया। औषधि निरीक्षक, आजमगढ़ द्वारा बताया गया कि औषधि निर्माण इकाईयों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार हेतु दिशा निर्देश दिया तथा नशीली औषधियों के दुरूपयोग के रोकथाम हेतु विभाग द्वारा सघन निगरानी रखी जा रही है तथा उसके विक्रय एवं अनिधिकृत प्रयोग रोकने के लिए प्रवर्तन कार्यवाही के रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी।

जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक आजमगढ़ को निर्देशित करते हुए कहा कि वह तीन प्रमुख बिन्दुओं पर अपना प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित करें, जिसमें प्रथम प्रतिबन्धित एवं अधोमानक औषधियों का विक्रय किसी भी परिस्थिति में हो, द्वितीय एम0आर0पी0 से अधिक औषधियों का विक्रय न हो तथा तृतीय कालातीत औषधियों का विक्रय न हो। उक्त बैठक में पंचायती राज अधिकारी, उपायुक्त राज्य कर जी0एस0टी0, मण्डी निरीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक, निरीक्षक बाट व माप विभाग, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बेसमेंट में अस्पताल, इलाज के नाम पर मौत का इंतजाम

**शापिग माल हो या कांपलेक्स, बेसमेंट में पार्किंग के बजाए अस्पताल व पैथोलाजी सेंटर चल रहे हैं**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। शहर के कई बेसमेंट में अस्पताल संचालित हो रहे हैं।दस फीसदी से अधिक अस्पतालों की ओ पीडी, डायग्नोस्टिक सेंटर, फिजियोथेरेपी सेंटर,मेडि कल स्टोर आदि बेसमेंट में संचालित हो रहे हैं।

यहां इलाज के दावों के बीच मरीजों के सिर पर मौत का खतरा मंडरा रहा है।इनमें कई अस्पताल व न र्सिंग होम शहर के रसूखदारों के हैं। यही नहीं सर कारी अफसरों का गठजोड़ कहें या फिर कुछ और शापिग माल हो या कांपलेक्स,बेसमेंट में पार्किंग के बजाए अस्पताल व पैथोलाजी सेंटर चल रहे हैं। ऐसे में मरीजों को लेकर आने वाले वाहन सड़क किनारे खड़े कर दिए जाते हैं नतीजतन राहगीरों को आवागमन बाधित हो जाता है।

गोंडा लखनऊ रोड सिविल लाइंस इलाके में मंडेनाला के पास दो मंजिला कांपलेक्स है।इसमें ऊपर पिज्जा हाउस है, बेसमेंट में अस्पताल चल रहा है। ऐसे में यहां पर मरीजों को लेकर आने वाले वाहन लोगोंके लिए मुसीबत बन जाते हैं।इसी तरह इसके दूसरी तरफ पर भी बेसमेंट में नर्सिंग होम चल रहा है और ऊप र महिंद्रा फाइनेंस की ऑफिस बनी हुई है और दु कान संचालित हो रही इसी तरह जिला अ स्पताल के समीप स्थित कंपलेक्स में हास्पिटल संचालित है। यहां के बेसमेंट में मेडिकल स्टोर चल रहा है।यहां पर प्रतिदिन करीब सैकड़ो से अधिक मरीज व तीमारदार आते हैं।

ऐसे में इनके वाहन स ड़क पर ही खड़े होते हैं। इससे थोड़ा सा आगे बढ़ने पर टावर के नाम से एक कांपलेक्स है। इसमें पैथो लाजी सेंटर चल रहा है। बेसमेंट में यहां पर मरीजों की जांच की जा रही है।इस जांच सेंटर पर सुबह से लेकर शाम तक भीड़ लगी रहती है। इसके अति रिक्त जिला अस्पताल के सामने शापिग माल के बेसमेंट में सर्जन की ओपीडी है। ऐसे में हर दिन य हां पर सैकड़ो से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। वही बेसमेंट में संचालित हो रहे नर्सिंग होम,क्लीनिक, मेडिकल स्टोर, संचालित होने की जानकारी सिटीसे दूरभाष पर लेने की कोशिश की गई तो उनका फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर बताया और पूरी जान कारी नहीं मिल पाई है।

# धरती का सीना चीर,अवैध खनन कर रहे माफिया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। सरकार व शासन-प्रशासन के आदेशों को धता बताते हुए खनन माफिया धरती का सीना छ लनी करने से बाज नहीं आ रहे।अवैध खनन के कारोबार में लिप्त लोगों पर कार्रवाई करने के बजा ए पुलिस व प्रशासनिक अफसर हाथ पर हाथ धरे बैठे है।अवैध खनन पर जिलाधिकारी के द्वारा स ख्त कार्रवाई के बावजूद भी खनन माफियों के हौ सलें बुलंद है।रात के अंधेरे व सुबह दिन के उजाले में जिले भर के विभिन्न स्थानों पर अवैध खनन का कारोबार जारी है।लोगों का कहना है कि खनन मा फियाओं को नेताओं का संरक्षण मिला हुआ है । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फरमान जारी कि या था कि अवैध खनन करने वालों पर कड़ी का र्रवाई की जाए लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है।अवैध खनन का सोशल मीडिया पर एक वीडि यो वायरल हो रहा है जो बताया जा रहा है कि कर्न लगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोनवारा का है लेकिन वायरल वीडियो की कैनविज टाइम्स पुष्टि नहीं करता है।वही सूत्र बता रहे हैं कि कर्नलगंज थाना क्षेत्र कई गांव में अवैध खनन चल रहा है वही कुछ सत्ता पक्ष के ही कुछ नेताओं का इन खनन माफियाओं को संरक्षण मिला हुआ है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं

**जिला कारागार, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं सीएचसी का भी किया निरीक्षण**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही एवं एकता सिंह ने बुधवार को सर्किट हाउस में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन कि या।इस दौरान दस पीड़ित महिलाओं ने आयोग के समक्ष अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए।इनमें से दो मामलों का तत्काल निस्तारण किया गया,जबकि अन्य आठ मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।जनसुनवाई के दौरान शाही ने कहा कि प्राप्त मामलों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और विशेष रू प से घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की समुचित काउंसलिंग कराई जाए। उन्होंने कहा कि काउंस लिंग के बाद स्थिति के अनुसार आगे की कार्रवाई तय की जाए।जनसुनवाई के बाद कुछ पीड़िताओं की व्यक्तिगत काउंसलिंग भी आयोग की सदस्यों द्वारा की गई।इसके पश्चात आयोग की दोनों सद स्यों ने जिला कारागार स्थित महिला बंदी गृह का निरीक्षण किया और वहां बंद महिलाओं की रहन-सहन एवं खानपान की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही जेल में उनके साथ रह रहे बच्चों की देख भाल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश जेल अधीक्षक को दिए गए।निरीक्षण के अगले क्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, दर्जी कुंआ का भ्रमण किया गया,जहां पर पानी की टोंटी खराब मिलने पर तत्काल मरम्मत कराने और परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त सदस्यों ने सामुदायिक स्वा स्थ्य केंद्र काजीदेवर का भी निरीक्षण किया। यहां की सुविधाओं को संतोषजनक पाया गया।उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल ती रहे,यह सुनिश्चित किया जाए।इस मौके पर क्षेत्रा धिकारी सदर राजेश सिंह,जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी,जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज मौर्या,डीसीपीएम चिकित्सा विभाग डॉ.आर पी सिंह,महिला थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह,प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आशीष मिश्रा,सेंटर मैनेजर चेतना सिंह,जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्या,काउंसलर दीपशिखा शुक्ला,सिद्धनाथ पाठक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# छुट्टा जानवर के टकराने से सड़क हादसा, बाइक सवार हुए घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। कोतवाली नानपारा अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना ग्राम हांडा चौराहा के पास उस समय हुई जब सड़क पर जा रही मोटरसाइकिल से अचानक एक छुट्टा जानवर आकर टकरा गया। घायलों की पहचान कोतवाली नानपारा के ग्राम पंचायत गुरघुट्टा स्थित हरवंशीपुरवा निवासी पवन (35 वर्ष), पुत्र माता प्रसाद तथा ग्राम दनौली, रूपईडीहा निवासी राम सागर (40 वर्ष), पुत्र बनवारी के रूप में हुई है।



जानकारी के अनुसार राम सागर और पवन दोनों बाइक से जा रहे थे और उन्होंने हेलमेट नहीं पहन रखा था। दोनों किसी कार्य से हाड़ा चौराहे की ओर जा रहे थे, तभी अचानक से छुट्टा जानवर कही से आकर बाइक से टकरा गया जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने एंबुलेंस को सूचना दी। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नानपारा लाया गया, जहाँ चिकित्सक डॉ. संतोष वर्मा द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। डॉ. वर्मा ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही राम सागर की रास्ते में ही मौत हो गई। यह दुर्घटना एक बार फिर से सड़क पर छुट्टा जानवरों की बढ़ती समस्या और हेलमेट न पहनने की लापरवाही की ओर इशारा करती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक सड़कों से छुट्टा पशुओं को हटाने की व्यवस्था की जाए, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# दिनदहाड़े युवक का अपहरण कर ले गए कार सवार,मांगी फिरौती, पुलिस ने किया बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मंगलवार को दिनदहाड़े इनोवा पर सवार हो कर आए तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा एक युवक का अपहरण कर लिया गया और मोबाइल फोन पर कॉल कर 75 हजार रूपए फिरौती की मांग की गयी।इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी ग यी।सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और करनैलगंज रेलवे क्रासिंग के पास इनोवा कार से अपहृत युवक को सकुशल बरामद करते हुए तीन अपहरणकर्ताओं को भी गिरफ्तार कर लिया गया।मंगलवार को मोतीगंज थाना क्षेत्र के कोटिया बेस हूपुर गांव के रहने वाले घनश्याम वर्मा पुत्र बालक राम द्वारा थाना मोतीगंज में एक लिखित तहरीर दी गई,जिसमें उन्होंने बताया कि दिन में लगभग तीन बजे इनोवा कार पर सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके पुत्र अमित कुमार वर्मा का अपहरण कर लिया गया है। अपहरणकर्ताओं द्वारा वादी की पत्नी के मोबाइल पर कॉल कर 75,000 रूपये की मांग की गयी और न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी है।लिखित तहरीर के आधार पर थाना मोतीगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के पर्यवेक्षण में पुलिस टीमों का गठन कर अपहृत लड़के की सकुशल बरामदगी के लिए सभी थानों की पुलिस टीमों को सघन चेकिंग के लिए लगा दिया गया। रेलवे क्रासिंग कर्नलगंज में चेकिंग के दौरान अपहृत लड़के को इनोवा कार से सकुशल बरामद किया गया। इसके साथ ही घटना में संलिप्त ती आरोपी अभियुक्तों विपिन कुमार सिंह पुत्र भवानीभीख सिंह निवासी ग्राम परासपट्टी मझवार थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा, अर्जुन पाठक पुत्र जयजयराम निवासी धनुही लोहंगपुर थाना परसपुर, गोण्डा व सतेन्द्र चौबे पुत्र संतोष चौबे निवासी मोकलपुर थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक इनोवा कार, 74,000/ रूपए नगद, एक रायफल 315 बोर मय तीन जिन्दा कारतूस, एक पिस्टल मय 09 जिन्दा कारतूस व चार मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए तीनों अभियुक्तों के विरूद्ध थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्य वाही कर न्यायालय रवाना कर दिया गया। अपहृत युवक की सकुशल बरामदगी एवं अपहरण कर्ता ओं को गिरफ्तार करने में मोतीगंज थाने की प्रभा री निरीक्षक अनीता यादव,उपनिरीक्षक मानिक राज यादव,अखिलेश यादव व कांस्टेबल पवन कुमार रहे।

# अवैध खनन पर हुई बड़ी कार्यवाही राजस्व टीम ने ट्रैक्टर किए सीज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। अवैध खनन में प्रयुक्त ट्रैक्टर ट्रॉली और मड रोलर को राजस्व टीम ने सीज कर बड़ी कार्यवाही की है। मिली जानकारी के अनुसार तहसील नानपारा के मंझौआ भुलौरा के पास ग्राम पंचायत पिपरी में हो रहे अवैध खनन में प्रयुक्त ट्रैक्टर ट्राली और मड रोलर को सीज कर दिया गया । बीती रात करीब डेढ़ बजे नायब तहसीलदार राजदीप यादव और उनकी राजस्व टीम द्वारा मंझौआ भुलौरा के पास ग्राम पंचायत पिपरी में हो रहे अवैध खनन की जानकारी मिलने पर वहां पहुंचे तथा खनन माफिया अधिकारियों को देख कर वहां से भाग गए परन्तु उस खनन में प्रयुक्त होने वाली 4 ट्रैक्टर ट्राली और 1 मड रोलर मौके पे ही छोड़ गए । नायब तहसीलदार राजदीप यादव ने बताया कि सभी प्रयुक्त वाहनों को नानपारा कोतवाली भेजा गया है तथा सबको चेचिस नंबर के आधार पर सीज कर दिया गया है।

## पूरा विश्व भगवान बुद्ध से प्रेरणा ले तभी विश्व शांति संभव : लालू सिंह

गोरखपुर । अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के गोरखपुर के जिला अध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह लालू के नेतृत्व में बौद्ध संग्रहालय तारामंडल पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी जयंती मनाई गई इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि एक समय था की पूरी दुनिया बौद्ध धर्म की अनुयाई हो गई थी भगवान बुद्ध ने अहिंसा और मानवता का पाठ पढ़ाया यह सौभाग्य है कि भारतवर्ष में राम ,कृष्ण , बुद्ध, महावीर, जैसे महान पुरुषों को जन्म देने वाले क्षत्रिय समाज का और मानवता का पतन हो रहा है आज दुनिया के तमाम देश आपस में लड़ रहे हैं और मानवता तार तार हो रही है ऐसे में भगवान बुद्ध को अपने जीवन में उतरकर मानवता और संसार की रक्षा की जा सकती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंद्रसेन सिंह मंडल उपाध्यक्ष, अनिल सिंह जिला संयोजक, राजकुमार सिंह वरिष्ठ महामंत्री, राजू सिंह नन्हे जिला महामंत्री, क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी अनिल सिंह राठौर ,वेद प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे ।

## 20 मई तक वितरित होगा माह मई का खाद्यान्न

बहराइच । जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह मई 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 09 से 20 मई 2025 तक ही किया जायेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि पूर्व में निर्धारित तिथि के अनुसार खाद्यान्न का वितरण 25 मई 2025 तक किया जाना था परन्तु अपरिहार्य कारणों से वितरण तिथि में संशोधन हो गया है। डीएसओ ने बताया कि संशोधित रोस्टर के अनुसार 09 मई से 20 मई 2025 तक अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूॅ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूॅ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। वितरण की अन्तिम तिथि 20 मई 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

# समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष की शिकायत पर प्रशासन ने मदरसे में लगाया ताला

**जिले में समाजवादी पार्टी की हो रही किरकिरी, शीर्ष नेतृत्व पर भी खड़े हो रहे सवाल**

**मुस्लिम समाज की 103 बच्चिया दीनी तालीम से हुई वंचित, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने मुस्लिम समाज के बच्चों को शिक्षा से किया वंचित**






कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। समाजवादी पार्टी मुस्लिमों की सबसे बड़ी हितैषी बनने का दावा करती है,लेकिन उसकी पा र्टी के जिलाध्यक्ष की एक करतूत से मुस्लिम समा ज की तमाम लड़कियां दीनी तालीम से वंचित कर दी गयीं और मदरसे पर ताला जड़ दिया गया।इस से सिर्फ जिलाध्यक्ष की छीछालेदर हो रही बल्कि पार्टी हाईकमान पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन के द्वारा जिलाधिकारी नेहा शर्मा से की गयी शिका यत पर कोतवाली देहात क्षेत्र के विशनागा जमुनि याबाग में संचालित एक मदरसे की जांच जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से कराई गयी, जिसके बाद मदरसे में ताला जड़ दिया गया।? प्रशा सन द्वारा की गयी इस कार्रवाई से गरीब परिवारों के करीब 250 बच्चे दीनी तालीम से वंचित कर दि ए गए।दरअसल,सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने जिलाधिकारी नेहा शर्मा से तीन मई 2025 को शिकायत की,जिसमें कहा कि कोतवाली देहात क्षेत्र के विशनागा जमुनियाबाग,खोरहंसा में स्थित मदरसा जामिया उम्मुल खैर अहसनुल बनात में 250 छात्राएं अध्ययनरत हैं,जिसमें से 150 छात्राएं मदरसे में रहती हैं,जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है।समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष द्वारा की गयी शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि मदरसे का अनियमित रूप से संचालन किया जा रहा है।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला धिकारी नेहा शर्मा ने इसकी जांच के आदेश दिए। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश चंद्र द्वारा पांच मई 2025 को प्रातः 10:25 बजे स्थली य जांच की गयी।जांच के दौरान उक्त मदरसे के प्रबंधक मोहम्मद इकरार द्वारा दिए गए बयान एवं अभिलेखीय परीक्षण में यह तथ्य प्रकाश में आया कि मदरसा जामिया उम्मुल खैर अहसनुल बनात को मान्यता नहीं मिली है।प्रबंधक द्वारा बयान दिया गया कि मदरसा इसी सत्र से शुरू हुआ है और मदरसे में कुल पंजीकृत 103 छात्राओं में 42 छात्राएं आवासित हैं,जो मदरसे में दीनी तालीम एवं एदादिया ऊला व राबिया स्तर पर शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।उक्त मदरसे में मदरसा बोर्ड/शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम एनसीईआरटी आदि की पुस्तकें उपलब्ध ही नहीं मिलीं।ऐसे में माना गया कि मदरसे में सिर्फ दीनी तालीम ही दी जा रही है। उक्त मदरसा गैर मान्यता प्राप्त है।इस परिस्थिति में प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि मदरसा जामि या उम्मुल खैर अहसनुल बनात को तत्काल बंद करते हुए मदरसे में नामांकित सभी छात्राओं को औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए तत्काल प्रभाव से बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित वि द्यालयों एवं मान्यता प्राप्त स्कूलों में प्रवेश दिला ते हुए अपनी आख्या जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराएं।समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष की शिकायत के बाद तमाम ग़रीब परिवारों की लड़कियां दीनी ता लीम से वंचित कर दी गयी हैं जिसको लेकर सो शल मीडिया के साथ ही पूरे जिले में तरह-तरह की चर्चाएं और कमेंट किए जा रहे हैं।

# उपभोक्ताओं के विश्वास पर खरा उतरेगा मनोज फिलिंग स्टेशन : विधायक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पादरी बाजार , गोरखपुर । पादरी बाजार से पिपराइच मार्ग जंगल धुषड़ के भट्ठा चौराहा स्थित मनोज फिलिंग स्टेशन का बुधवार को पिपराइच विधायक महेन्द्रपाल सिंह ने विधिवत पूजाअर्चना करते हुए फीता काट कर उद्धघाटन किया । इस अवसर पर विधायक महेन्द्रपाल सिंह ने कहा कि उपभोक्ताओं के विश्वास पर मनोज फिलिंग स्टेशन पूर्णतः खरा उतरेगा । पेट्रोल पम्प के मालिक हिंदू युवा वाहिनी चरगांवा के पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद गुप्ता ने आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया । उद्घाटन कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख चरगांवा प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना,जिला मंत्री भाजपा नरेंद्र सिंह , ग्रामप्रधान राजेंद्र निषाद,क्षेत्र पंचायत सदस्य जयराम , क्षेत्र पंचायत सदस्य शम्भू निषाद ,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम बचन चौधरी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम भवन शर्मा, संत गुलाब यादव पार्षद प्रतिनिधि,जिला पंचायत सदस्य राम उग्रह चौहान, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भाजपा चरगांवा दयाशंकर मिश्रा ,पूर्व ग्राम प्रधान राम दरश साहनी, रमाकांत चौहान, संतोष गुप्ता,मनोज गुप्ता सुरेश ,रमेश कुमार पांडेय,रामनवल चौहान, लेखपाल संघ तहसील इकाई गोरखपुर के संयोजक अनिल राय , लेखपाल तारकेश्वर,सन्तोष कुमार गुप्ता,मनोज कुमार गुप्ता सहित सैकड़ों सम्भ्रांत मौजूद रहे ।

# पीला ईट से बिछाया जा रहा खड़ंजा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव डूडा कॉलोनी में पुलिया के पास में जिला पंचायत से खड़ंजा बिछाया जा रहा था। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मंगलवार को विरोध करते हुए पीला ईट का बिछाया जा रहा है।

खडंजा का कार्य रुकवा दिया था। जानकारी लगने पर जेई मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि ग्रामीणों का विरोध सही था और भट्टे वाले की लापरवाही के चलते पीला ईट भेज दी थी। जेई ने मौके पर खडंजा का कार्य रुकवा दिया और लगे हुए खडंजे को हटवाकर उस ईट को भट्टे पर बापस भेजकर दुसरी ईट मंगवा कर खड़ंजा निर्माण कार्य शुरू करवाया गया है। जेई ने बताया कि भट्टा स्वामी की लापरवाही के चलते पीला ईट भेज दी थी और मजदूरों के द्वारा उसी ईट को बिछा दिया जब उनको इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने निर्माण कार्य रुकवा कर लगे खडंजे को हटवाकर दुसरी ईट मंगवाई गई है और इसको लेकर भट्टा स्वामी को भी चेतावनी दी गई है।


# सरकारी जमीन की घेराबंदी कर वर्षों से किया अवैध कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गांव के लोगों ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर जमीन को कब्जामुक्त कराने की उठाई मांग**

**खलिहान की जमीन पर कब्जाधारियों ने कब्जा कर बना लिए कच्चे -पक्के घर**

पूरनपुर। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा रुकने का नहीं ले रहा है नाम गांव की खलिहान की जमीन जो कि वर्षों से सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित रही है।जो आज दबंगों के कब्जे में है। इस ज़मीन पर अब कच्चे और पक्के मकान खड़े हो चुके हैं, और स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा है। ग्रामीणों के धैर्य का बाँध अब टूट चुका है। उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर ज़मीन को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई है।गांव की खलिहान की बेशकीमती जमीन पर पिछले कई वर्षों से कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। कब्जाधारियों ने इस जमीन पर कच्चे और पक्के मकान बना लिए हैं, जिससे सार्वजनिक उपयोग की यह भूमि अब निजी संपत्ति में बदलती जा रही है।ग्रामीणों ने इस स्थिति से नाराज होकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कर पुनः सामुदायिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि खलिहान की यह जमीन पारंपरिक रूप से अनाज सुखाने और सामूहिक कार्यक्रमों के लिए प्रयोग में लाई जाती रही है। लेकिन अब उस पर कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जिससे पूरे गांव को असुविधा हो रही है।सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे निरंतर हो रहे हैं? आखिर रहा है? यह खेल किसके इशारे पर चल रहा आखिर जिम्मेदार कौन है? शासकीय बेशकीमती जमीनों पर कुछ दबंग छप्पर, टीनशेड, मवेशी आदि बांधकर और डनलप आदि खड़ा कर कब्जा कर रहे है। हम बात कर रहे हैं जिला पीलीभीत के तहसील पूरनपुर क्षेत्र के गांव जगतपुर की जहाँ शासन व प्रशासन को ठेंगा दिखा खलिहान की बेशकीमती जमीन पर दबंगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। जमीन को कब्जामुक्त कराने के लिए गांव के लोगों ने पहल शुरू कर दी है। जानकारी मुताबिक जगतपुर में स्थित खलिहान जिसका गाटा संख्या 170 व रकवा 0.5710 हेक्टेयर पर गांव के कुछ लोगों ने अपना अवैध कब्जा कर रखा है। उक्त खलिहान की भूमि पर कब्जाधारियों ने कच्चे पक्के घर भी बना लिए है। जबकि उक्त कब्जाधारियों के पास पहले से ही रहने के लिए अपने अलग घर बने हुए हैं। उसके बाबजूद भी सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज इस भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर न केवल कच्चे-पक्के मकान बना लिए हैं, बल्कि कुछ ने तो इसे निजी संपत्ति की तरह बेचने की कोशिशें भी शुरू कर दी हैं। इसको लेकर गांव के लोगों ने अपने हस्ताक्षर सहित सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराते हुए उक्त खलिहान की भूमि को कब्जा मुक्त करने की मांग की है। कहा जाता है कि खलिहान की जमीन गांव के हर व्यक्ति की साझी पूंजी मानी जाती है। यह फसल सुखाने, सामाजिक आयोजनों और आपात स्थितियों में काम आने वाली भूमि होती है। लेकिन आज यह ज़मीन कुछ लोगों के लालच की भेंट चढ़ चुकी है। आरोप है कि कुछ व्यक्तियों ने वर्षों पहले इस ज़मीन पर कब्जा करना शुरू किया और धीरे-धीरे यहां कच्चे पक्के निर्माण कर डाले। पूर्व में ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि अगर गरीब ज़मीन पर झोपड़ी भी डाल दे तो तुरंत बुलडोज़र चल जाता है, लेकिन दबंगों पर कानून बेअसर क्यों है? खलिहान की इस भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर गांव के बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक में भारी आक्रोश है। गांव के लोगों की सरकार से मांग है कि इस जमीन को कब्जा मुक्त कराकर इस पर कोई बारात घर जैसी कोई सरकारी बिल्डिंग का निर्माण कराया जाए। जिस गांव के लोगों को सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल सके।



# राजधानी लखनऊ की तर्ज पर चमकेगी नगरपालिका पीलीभीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत शहर को स्मार्ट सिटी में विकसित करने के लिए शासन की टीम गठित**

**नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल का प्रयास लाया रंग लखनऊ से पीलीभीत पहुंची टीम**

पीलीभीत। शहर वासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। क्योंकि पीलीभीत शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए शासन ने कवायद शुरू कर दी है। इस क्रम में शासन द्वारा टीम भी गठित कर दी गई है। इस टीम के द्वारा चार दिन पहले लखनऊ से यहां पहुंचकर भ्रमण करके स्थलीय निरीक्षण भी किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया है। कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,नगर विकास मंत्री एके शर्मा और प्रमुख सचिव से लगातार पीलीभीत को स्मार्ट सिटी बनाए जाने का प्रयास करने पर अब शासन द्वारा टीम गठित कर दी गई है। अब बरेली प्रदेश की राजधानी लखनऊ और कानपुर की तरह पीलीभीत शहर का नाम भी देश की स्मार्ट सिटी में गिना जाएगा।उत्तर प्रदेश शासन के अनु सचिव मोहम्मद वासिफ़ के आदेश पर प्रदेश के जिलों के मुख्यालय की 6 नगर पालिकाओं के नाम चिन्हित किए गए हैं। जिनको स्मार्ट सिटी बनाए जाने का स्थलीय निरीक्षण करने के आदेश दिए गए। इसी क्रम में नगर विकास विभाग की कंसलटेंट प्राजंलि त्रिपाठी,श्वेता गोस्वामी,श्रवण डिंडी, गौरव पांडे और श्रीयंका गुप्ता ने चार दिन पहले 10 मई को यहां पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण भी किया है।डॉ आस्था अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश की 6 नगर पालिका कुशीनगर,महोबा,संभल, बहराइच,मिर्ज़ापुर की लिस्ट में नगर पालिका परिषद पीलीभीत का नाम सबसे ऊपर है। उनका कहना है।कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विशेष कृपा से यह कार्य हो रहा है। स्मार्ट सिटी बनाए जाने पर शासन द्वारा सौ से डेढ़ सौ करोड़ रुपये अवमुक्त किये जाते हैं, जिससे विभिन्न विकास कार्य होंगे।डॉ आस्था ने बताया कि स्मार्ट सिटी में शहर के कामकाज को सुव्यवस्थित करने,नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने, और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई कार्य होंगे। इसमें पर्याप्त पानी की आपूर्ति,सुरक्षित विद्युत आपूर्ति,कचरा प्रबंधन, सार्वजनिक परिवहन, किफायती आवास,आईटी कनेक्टिविटी,सुशासन और टिकाऊ पर्यावरण शामिल हैं।इसके साथ ही बुनियादी ढांचा,पर्याप्त पानी की आपूर्ति,सुरक्षित विद्युत आपूर्ति,कचरा प्रबंधन,शहर में कुशल और सुलभ सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था स्थापित करना। गरीबों लोगों के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराना। टेक्नोलॉजी और कनेक्टिविटी, इंटरनेट और अन्य तकनीकी कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाना। शहर की सेवाओं को डिजिटल बनाना और लोगों को ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करना। सरकार को नागरिकों को ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से प्रशासन में शामिल करना।नागरिक भागीदारी, शहर को प्रदूषण मुक्त और टिकाऊ बनाना। नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना। महिलाओं, बच्चों और विशेष रूप से बुजुर्गों की सुरक्षा। नागरिकों के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाना। शहर में यातायात और भीड़ को कम करना। सार्वजनिक परिवहन में स्मार्ट तकनीकों का उपयोग करना। स्वच्छ हवा और कम प्रदूषण। बेहतर सामुदायिक सहभागिता। नागरिकों के बीच सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना। अपराध में कमी करने के लिए उन्नत निगरानी प्रणालियों का उपयोग करना। ऊर्ज़ा का उपयोग कुशल रूप से करके ऊर्ज़ा बिलों को कम करना। सहित विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों को कराया जाना स्मार्ट सिटी के मुख्य उद्देश्य होंगे। पीलीभीत की नगर पालिका और शहर वासियों के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।



## 16 मई से 21 मई तक कुड़वार फीडर पर होगा मेंटेनेंस कार्य

कुड़वार/सुल्तानपुर। सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति के दृष्टिकोण से 11 के वी कुड़वार फीडर पर रिकंडक्टरिंग एवं इंटरपोलिंग का कार्य किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिसके कारण 11 के वी फीडर कुड़वार से पोषित गांवो की विद्युत आपूर्ति 16 मई से 21 मई तक प्रातः 8:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक बाधित रहेगी। सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि आपूर्ति बाधित होने के पूर्व अपने समस्त कार्य संपादित कर लें आप सभी का सहयोग व धैर्य प्रार्थनीय है। यह जानकारी उपखंड अधिकारी ने दी है।

## वाणिज्य से टाप कर श्रियांश ने बढ़ाया मान

सुलतानपुर। इण्टर की परीक्षा में सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विवेकानन्द नगर के छात्रों का श्रेष्ठ प्रदर्शन केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की इण्टर की परीक्षा में सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विवेकानन्द नगर के छात्रों का प्रदर्शन अत्यंत उत्कृष्ट रहा है। ज्ञात हो कि कक्षा 12 कामर्स के छात्र भैया श्रियांश अग्रहरि पुत्र श्री देव नारायण अग्रहरि 96.2ङ्क अंक प्राप्त कर पूरे जिले में वाणिज्य विभाग के टापर रहे हैं। विद्यालय परिवार इन सभी मेधावी भैया बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। प्रबन्धक डा0 पवन सिंह, प्रबन्ध समिति के सदस्य सुनील श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने मेधावी भैया बहनों एवं उनके अभिभावकों का माल्यार्पण कर मिठाई खिलाई।

## हरदोई ब्रांच नहर गुरुद्वारे के पास में अज्ञात वाहन की टक्कर से अज्ञात महिला की उपचार के दौरान मौत

पीलीभीत। खुटार नेशनल हाईवे पर हरदोई ब्रांच नहर गुरुद्वारे के पास में 9 मई को अज्ञात वाहन ने अज्ञात महिला को टक्कर मार दी थी। मामले की सूचना राहगीरों ने डायल 112 पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी थी। 108 एंबुलेंस की मदद से घायल मेल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया था जहां डॉक्टर ने उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए घायल महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। वुधवार 9 बजे ट्ठक्रने बताया कि घायल महिला की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई।

## सिंचाई करने गए किसान को बाघ ने बनाया अपना निवाला

**पूरनपुर**। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव नजीरगंज निवासी हंसराज 50 वर्ष मंगलवार शाम गन्ने के खेत में पानी लगा रहे थे। तभी बाघ ने उनपर हमला कर दिया। काफी दूर तक घसीटने के बाद बाघ ने उनको मार डाला। ग्रामीण के घर वापस न लौटने पर परिजन खेत पर पहुंचे। खोजबीन के बाद पड़ोस के खेत में ही उनका अधखाया शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी लगने के बाद आसपास क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीण पहुंच गए। सूचना मिलने के बाद पीलीभीत टाइगर रिजर्व की हरिपुर रेंजर शहीर अहमद और सेहरामऊ पुलिस पहुंच गई। घटना को लेकर ग्रामीणों ने कड़ा विरोध बताया। बमुश्किल रात लगभग 11 बजे पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया। वुधवार 9 बजे हरिपुर रेंजर शहीर अहमद ने बताया सिंचाई करने गए किसान पर बाघ ने हमले पर मार दिया है। घटना स्थल खुटार रेंज की है।

## अलग अलग सड़क हादसे में 6 लोग घायल

पूरनपुर।घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव केशोपुर की रहने वाली राजविंदर कौर पत्नी अजय कढैर चौरा से लौट रही थी। तभी एक कार की टक्कर लगने से घायल हो गई। वहीं दुसरे हादसों में थाना न्यूरिया निवासी गोविंद राम व मोरपाल,रम्पुरा फकीरे निवासी अवधेश, मोहल्ला अशोक कॉलोनी निवासी अनुराधा और पतावोझी निवासी नरेश घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोग घायल हुए थे।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

**जायस अमेठी**। थाना फुरसतगंज पुलिस ने एक देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान रफीक पुत्र हलीम निवासी ग्राम बसौनी थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी को एक अदद देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

# महिला उत्पीड़न के मामलों में संवेदनशीलता जरुरी : डॉ. प्रियंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने बुधवार को तहसील गौरीगंज सभागार में महिला उत्पीड़न से सम्बंधित मामलों की जनसुनवाई की जिसमें उन्नीस महिलाओं द्वारा अपनी शिकायतें दर्ज कराई गई। जनसुनवाई के दौरान डॉ. प्रियंका मौर्या ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यस्थल पर शोषण, संपत्ति विवाद, मानसिक उत्पीड़न जैसे गंभीर मामलों को व्यक्तिगत रूप से सुना और प्रत्येक शिकायतकर्ता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महिला आयोग पूरी तरह समर्पित है। डॉ. मौर्या ने प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाय।उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता सहन नहीं की जायेगी।उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनका सशक्तिकरण तभी संभव है जब उन्हें न्याय, सुरक्षा और सम्मान मिले। जनसुनवाई के दौरान कुछ मामलों में मौके पर ही समाधान भी निकाला गया। कई मामलों में संबंधित पुलिस थानों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। वहीं, लंबित मामलों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। डॉ. मौर्या ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत पर फॉलोअप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और शिकायतकर्ता को उसकी जानकारी भी दी जाए। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि डरने की जरूरत नहीं है। कानून आपके साथ है और महिला आयोग हर उस महिला के साथ खड़ा है जो किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का शिकार हो रही है। उन्होंने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी और उन्हें जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मौर्या ने यह भी कहा कि आयोग का उददेश्य केवल सुनवाई करना नही बल्कि पीड़िता को न्याय दिलाना है।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाय। इस जनसुनवाई में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, महिला कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के अंत में डॉ. मौर्या ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों पर सतत निगरानी रखी जाय और महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय। महिलाओं ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से उन्हें न केवल उम्मीद मिलती है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

# मनुष्य को आत्मा की तृप्ति के लिये परमात्मा का संग करना चाहिये : शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जामो विकास क्षेत्र के गांव लालपुर में पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि सुख हमारे भीतर ही है बस हम उसका अनुभव नहीं कर पा रहे हैं सुख की खान भगवान ही है इसलिये उनसे ही नाता जोड़ना होगा।परीक्षित जी नेशुकदेव जी से पूछा कि मरने वाले मनुष्य को क्या करना चाहिये शुकदेव जी ने कहा कि उन्ही गोविन्द के पादकम पादकमलों का ध्यान करो गोविन्द ही इस कलिकाल से मुक्ति दे सकते है. इसके बाद महाराज श्री ने सृष्टि प्रक्रिया सुनाया है। उन्होंने कहा कि सृष्टि के आदिदम्पति मनु और शतरूपा की कथा सुनाई है इसके बाद भगवान के वाराह अवतार की कथा सुनाई है. देवहूति मॉ और कर्दम मुनि की कथा सुनाई जिनके यहाँ भगवान कपिल का जन्म हुआ जिन्होनें सांख्यशास्त्र का उपदेश दिया और अपनी मां देवहूति जी को भी उपदेश किया जिसे भागवत जी में कपिल अध्यध्यायी कहते हैं कपिल भगवान कहते हैं कि आत्मा की तृप्ति सांसारिक संसाधनो से नही होती आत्मा की तृप्ति के लिये उस पूर्ण परमात्मा में लगाओं और ऐसे लोगों का संग करो जिनका मन भगवान के चरणों में लगा हो। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि संतों के लक्षण के बारे में बताया कि जिसके अंदर धैय, करुणा, और सबमें भगवान का दर्शन करता हो वही संत है।भक्तों के बारे में कथा व्यास ने कहा कि उत्तम कोटि का भक्त वही है जो कभी भगवान से कुछ नही मांगता इसलिये बस केवल भगवान के चरणों का आश्रय लीजिये।इसके बाद दक्ष प्रजापति और भगवान शंकर और माता सती की कथा सुनाई गयी महाराज जी ने कहा कि दक्ष को बड़ा पद मिलने के कारण उसे अभिमान हो गया और उसने ब्रहमा जी की सभा में भगवान शंकर का अपमान कर दिया इसके बाद भगवान के गणों नें दक्ष को बकरे के मुंह होने का श्राप दे दिया इसी का बदला लेनें के लिये उसने यज्ञ का आयोजन किया और भगवान शिव को नहीं बुलाया।

# चिकित्सक की लापरवाही से महिला मरीज की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। शहर स्थित कारागार मार्ग स्थित हनुमंत मैटरनिटी एंड ट्रामा सेंटर में एक महिला मरीज की पथरी के आपरेशन के बाद मौत होने पर परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। महाराजगंज बाजार की रहने वाली शिवकुमारी देवी को उनके बेटे अमरीश अग्रहरि ने मंगलवार को भर्ती कराया था। डा. मानसी तोमर ने चेकअप करने के पश्चात आपरेशन करने को कहा था। डॉ. मोहम्मद रजा ने शाम साढ़े 6 बजे पित्त की थैली का ऑपरेशन किया। मरीज के बेटे के मुताबिक, ऑपरेशन के बाद मां को बुखार आया। नर्स ने दवा देने की बजाय सिर्फ पट्टी रखने की बात कही। रात में तबीयत बिगड़ने पर कोई डॉक्टर नहीं आया। केवल युवा नर्सें ही मौजूद थीं। अगले दिन नर्स ने मरीज को टहलाया, जिससे उनकी तबीयत और बिगड़ गई। नर्स सिर्फ बीपी चेक करती रही। परिजनों के डॉक्टर को बुलाने के आग्रह पर डॉ. डीबी सिंह ने मरीज को गोमती हॉस्पिटल रेफर कर दिया। इसी दौरान मरीज की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि कुछ डॉक्टरों ने उन्हें कमरे में बुलाकर आईएमए की सदस्यता का हवाला दिया। डॉक्टरों ने हार्ट अटैक से मौत होने की बात कही, जबकि सुबह मरीज का बीपी नॉर्मल था। डॉ. डीबी सिंह का कहना है कि पित्त की थैली के स्टोन का ऑपरेशन सफल रहा था। सुबह के राउंड में मरीज की स्थिति ठीक थी। थोड़ा चलने के बाद सांस फूलने लगी और हार्ट अटैक से मौत हो गई। मामले की जानकारी होने पर एसीएमओ व बड़े बाबू विजय राय भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की बात कही।

# विद्यार्थी परिषद ही वह शक्ति है, जो छात्र को राष्ट्रनिर्माण की दिशा देती है

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रान्त के दो दिवसीय समीक्षा योजना बैठक के समापन सत्र को बतौर अध्यक्ष संबोधित करते हुए प्रान्त उपाध्यक्ष डॉ संतोष सिंह अंश ने कहा कि बीते दो दिनों से हम सभी ने आत्मावलोकन, चिंतन, समीक्षा और निर्माण की प्रक्रिया में भाग लिया। यह केवल एक बैठक नहीं थी, यह एक वैचारिक मंथन था दृ जिसमें हमने संगठन की शक्ति, सीमाओं, और आगामी संभावनाओं पर गहन विचार किया। हमने देखा कि छात्र समाज के सामने चुनौतियाँ बदल रही हैं कृ शैक्षणिक अराजकता, सांस्कृतिक भ्रम, रोजगार की चिंता, और राष्ट्रविरोधी तत्वों की सक्रियता कृ इन सबके बीच विद्यार्थी परिषद ही वह शक्ति है, जो छात्र को राष्ट्रनिर्माण की दिशा देती है। बीते कार्यकाल में आपने जो परिश्रम किया, वह सराहनीय है, लेकिन अब हमें क्लनव निर्माण की संकल्पनाक्ल के साथ आगे बढ़ना है। अब समय है संगठन को 'संख्या से संरचना' और 'संरचना से संस्कार' की दिशा में ले जाने का। हमें आगामी कार्ययोजना को केवल कागज़ों में नहीं, ज़मीनी कार्य में बदलना है। हर इकाई, हर कार्यकर्ता, हर नगर दृ हमारी नीति का प्रतिबिंब बने। यह संगठन क्लनिजी स्वार्थ नहीं, राष्ट्रीय विचारक्ल की प्रयोगशाला है। विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता केवल छात्र नेता नहीं, वह राष्ट्र का भावी नेतृत्व होता है।

आज इस समापन सत्र में हम सब यह संकल्प लें कि हर छात्र तक पहुंचेंगे।हर मुद्दे पर मुखर होंगे। हर इकाई को सक्रिय करेंगे और हर कार्यकर्ता को वैचारिक और व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित बनाएंगे।कार्यकर्ता वही जो संगठन को जीवन दे, और संगठन वही जो राष्ट्र को दिशा दे। इस अवसर पर प्रान्त संगठन मंत्री अभिलाष प्रान्त मंत्री अभय प्रताप सिंह के साथ प्रान्त भर के जिलों से आये पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एक दिव्यांग अध्यापक के सहारे चल रही एक से पांच तक की कक्षाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। भदैया ब्लॉक के छतौना न्याय पंचायत के दहलवा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षको की मनमानी हावी है। सुबह 8 बजे तक सिर्फ एक शिक्षक स्कूल पहुंचे, प्रधानाध्यापक समेत चार गुरूजी ड्यूटी से नदारद रहे। बुधवार को सुबह 8 बजे स्कूल का मौका मुआयना किया गया तो सिर्फ दिव्यांग शिक्षक देवेश सिंह मौजूद मिले। वे कक्षा एक बच्चों को पढ़ाने में जुटे थे।

दो, तीन, चार व पांच के बच्चे गुरूजी का इंतज़ार कर रहे थे। 8.10 बजे शिक्षिका राजकुमारी स्कूल पहुंची। प्रधानाध्यापक मृत्युंजय सिंह का कहीं अता पता नहीं। अन्य शिक्षक भी समय से स्कूल नहीं पहुंचे। बच्चें को छोड़ने गए अभिभावक शोभनाथ निषाद ने बताया कि, हम रोज बच्चे को छोड़ने आते हैं। कभी भी समय से गुरूजी नहीं आते। सूत्रों की माने तो प्रधानाध्यापक कभी कभी स्कूल पहुँचते हैं। दोपहर में बच्चों को मीनू के हिसाब से भोजन भी नहीं मिलता। इस बावत खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय यादव ने बताया कि, मैं तत्काल किसी को भेजकर जांच करवा रहा हूँ। मेरी ड्यूटी कहीं और आज लगी है। लापरवाही मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# पाकिस्तान में गृह युद्ध के हालात

पहलगांव में घटित आतंकी घटना के बाद भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई से एक बार फिर से पाकिस्तान हताश और निराश दिखाई दिया। इसी हताशा के चलते पाकिस्तान ने अमेरिका के समक्ष मिन्नत करके भारत की जबरदस्त कार्रवाई को युद्ध विराम में परिवर्तित करने में सफलता प्राप्त की। लेकिन इससे पाकिस्तान पर मंडरा रहे संकट का पूरा समाधान नहीं निकल सका है। भारत की ओर से स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। आतंक और वार्ता एक साथ नहीं हो सकती। इसका आशय स्पष्ट है कि भारत किसी के दबाव में नहीं है। आतंक को समाप्त करने के लिए उसका अभियान जारी रहेगा। हालांकि अब युद्ध विराम हो गया है, लेकिन चारों तरफ से बुरी तरह से घिर चुके पाकिस्तान के सामने अब नई चुनौती पैदा हो गई है। यह नई चुनौती भारत ने नहीं, बल्कि उनके अपनों ने ही पैदा की है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ की सरकार को राजनीतिक विरोधियों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है, वहीं आम जनता भी सरकार के युद्ध विराम के फैसले से नाखुश है। आम जनता अपनी ही सरकार और सेना पर कई प्रकार के सवाल खड़े करने लगी है। कहा जाता है कि जब धुआं उठा है तो आग भी अपना रूप दिखा सकती है। वैसे पाकिस्तान के बारे में यह सत्य है कि उसने अपने ही देश में बारूद के ढेर स्थापित कर दिए हैं। यह बारूद के ढेर आतंकी सरगनाओं द्वारा चल रहे प्रशिक्षण शिविर हैं। जहां आतंकी पैदा किए जाते हैं। आज जहां पूरे विश्व में आतंक के विरोध में वातावरण है, वहीं पाकिस्तान आतंकियों को पालने और पोषने वाले देश के रूप में पहचान बना चुका है। यह कई बार प्रमाणित भी हो चुका है। आज भी पाकिस्तान के अंदर अंतरराष्ट्रीय आतंकी तौर पर घोषित आतंकी छुप कर बैठे हैं। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस तरह से आतंकी शिविरों पर आक्रमण किया, उससे एक बार फिर यह सिद्ध हो चुका है कि पाकिस्तान में आतंकवादियों को पैदा करने के उद्योग चल रहे हैं। पाकिस्तान को आतंक के विरोध में कार्रवाई करने के लिए कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन पाकिस्तान सरकार आतंकियों के विरोध में कोई ठोस अभियान नहीं चलाती। इसका कारण यह भी है कि पाकिस्तान की राजनीति को आतंकी ही संचालित करते हैं। आतंकियों द्वारा कई बार सरकार को बनाने के लिए राजनीतिक दलों का समर्थन भी दिया जाता है। जब पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार थी, तब यही कहा जाता है कि इमरान को सेना और आतंकियों का समर्थन मिला था। आज इमरान की पार्टी विपक्ष में है। इसलिए उनकी पार्टी के कार्यकर्ता सरकार के विरोध में वातावरण बनाने में लगे हुए हैं। पाकिस्तान के अंदर राजनीतिक विद्वेष इतना है कि जो भी राजनीतिक दल सत्ता में आता है, वह अपने पूर्ववर्ती सत्ता प्रमुख को ठिकाने लगाने को ही अपना प्रमुख कार्य मानता है। अभी शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री हैं, उन्होंने अपने से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर कई आरोप लगाकर जेल भेजने का काम किया। पाकिस्तान में ऐसा पहली बार नहीं हुआ। ऐसा पहले भी हो चुका है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि यह पाकिस्तान की नियति बन चुका है। जिसके कारण पाकिस्तान के राजनीतिक दलों में बहुत गंभीर मतभेद हैं। आज पाकिस्तान में भले ही पाकिस्तान मुस्लिम लीग के नेता शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री हैं, लेकिन पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो भी सरकार में शामिल हैं। कभी एक दूसरे के धुर विरोधी रहे यह दोनों दल बेमेल गठबंधन करके पाकिस्तान में सरकार चला रहे हैं। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि इन दोनों दलों का एक ही उद्देश्य था, इमरान खान को सत्ता में आने से रोकना। सबसे ज्यादा सीट प्राप्त करने के बाद भी इमरान को विपक्ष की भूमिका से संतुष्ट होना पड़ा। अब इमरान खान के समर्थक युद्ध विराम के बाद सरकार के विरोध में अभियान छेड़े हुए हैं। इसी प्रकार ब्लूचिस्तान की भूमिका के बारे में सब जानते हैं। बीएलए के सैनिकों ने पाकिस्तान की सेना पर कई बार आक्रमण करके यह जता दिया है कि वे अब पाकिस्तान के साथ नहीं रह सकते। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही जंग के बीच ब्लूचिस्तान ने भी पाकिस्तान की सेना को निशाना बना कर कई आक्रमण किए।

# यह अल्पविराम है, युद्ध तो होगा ही !

**पाकिस्तान अपने चरित्र के अनुरूप आचरण करेगा, यह मेरा ही नहीं, हर जागरूक नागरिक का अटल विश्वास है। भारतीय नीति और विचार यह है कि हमारे लिए आतंकवाद समाप्त हो जाए तो हमारा संघर्ष और युद्ध समाप्त हो जाएगा। उसे हम अपनी जीत मान लेंगे। लेकिन पाकिस्तान के लिए यह लड़ाई कभी समाप्त नहीं होगी क्योंकि उसका वास्तविक लक्ष्य भारत को मिट्टी में मिलाना है। उसका जन्म ही भारत से घृणा के आधार पर हुआ है। जब तक भारत है, तब तक पाकिस्तान की लड़ाई है। तो भारत का होना, भारत की उपस्थिति, भारत का अस्तित्व ये पाकिस्तान के लिए जोखिम है। वो इसी जोखिम को समाप्त करने का प्रयास करता रहता है।**




पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत के वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को जिस तरह से नष्ट किया, विश्वभर में उसका कोई दूसरा उदाहरण सहसा ही स्मरण नहीं आता। आतंकी ठिकानों के विनाश और सैकड़ों आतंकियों की अर्थी एक साथ उठने से बौखलाए पाकिस्तान ने भारतीय शहरों, आम नागरिकों, पूजा स्थलों और सैन्य ठिकानों पर हमले करके जिस अदूरदर्शिता का परिचय दिया उसके बारे में क्या कहा ही कहा जाए।

पाकिस्तान की सेना के हमलों के प्रत्युत्तर में जब वीर भारतीय सैनिकों ने अपने हथियारों का रुख पाकिस्तान की ओर मोड़ा तो तीन ही दिन में पाकिस्तान दया की भिक्षा मांगने लगा। दुनिया में श्रेष्ठ सैनिकों में शामिल भारतीय सैनिकों ने जिस तरह पाकिस्तान के हमलों को कुशलता पूर्वक असफल किया और उसके सैन्य ठिकानों पर अचूक निशाना लगाया है, उससे विश्व की तमाम छोटी-बड़ी शक्तियां अवाक और संज्ञाशून्य की स्थिति में है। दोनों देशों के डीजीएमओ की बातचीत के बाद मौखिक संघर्ष विराम हो चुका है। पाकिस्तान की प्रवृति, चरित्र और इतिहास के आलोक में एक बात स्पष्ट तौर पर जान लीजिए, या गांठ बांध लीजिए, आज नहीं तो कल युद्ध तो होना ही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 मिनट के अपने सटीक, संतुलित और सारगर्भित संबोधन में पाकिस्तान के दुष्ट आचरण और दुष्प्रवृति को समस्त विश्व के समक्ष निरावृत करने में कोई कसर शेष नहीं छोड़ी। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से साहसी भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान को जितनी गहरे घाव दिए हैं, वो उसकी आने वाली संततियों को भी विस्मृत नहीं होंगे। वर्ष 1948, 1965, 1971 और 1999 में पाकिस्तान से हुए युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को इतनी बुरी तरह से नहीं पीटा, जितना ऑपरेशन सिंदूर में उसको क्षति पहुंची है। जितने गहरे घाव उसे इस बार वीर भारतीय सैनिकों ने दिये हैं, वो अगर पूर्व में दिए गए होते तो यह दिन देखने की आवश्यकता नहीं होती। एक दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव में पाकिस्तान हर बार बचता रहा। और हमारे सैनिक चाहकर भी पाकिस्तान को छोड़ते रहे। लेकिन वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने जिस दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम ही है।

साहसी भारतीय सेना के हमलों से हो रहे प्रत्यक्ष और संभावित नुकसान के दृष्टिगत पाकिस्तान अपने आका अमेरिका की शरण में गया, लेकिन उसे वहां से भी कोई संतोषप्रद आश्वासन प्राप्त नहीं हुआ। अंततोगत्वा पाकिस्तान के मिलट्री ऑपरेशन के डीजी ने अपने भारतीय समकक्ष से संपर्क साधा। भारतीय सेना ने अपने संकल्पों, नियमों और इच्छा अनुकूल संघर्ष विराम की उद्घोषणा की। संघर्ष विराम का क्रेडिट लेने का भरपूर प्रयास अमेरिका और उसके राष्ट्रपति ट्रंप ने किया। लेकिन भारतीय सेना की ब्रीफिंग और प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन ने अमेरिका के सारे दावों की हवा निकाल दी।

एक प्रसिद्ध कहावत है, चोर चोरी से जाए, हेरा फ़ेरी से न जाए। और पाकिस्तान ही वह चोर है, जो हेरा फ़ेरी से बाज नहीं आएगा। संघर्ष विराम की घोषणा के बाद भी उसके आचरण में अधिक परिवर्तन देखने को नहीं मिला। इसलिए भारत सरकार और प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट संदेश पाकिस्तान को दिया है कि भविष्य में आतंक की घटना को युद्ध माना जाएगा।

पाकिस्तान अपने चरित्र के अनुरूप आचरण करेगा, यह मेरा ही नहीं, हर जागरूक नागरिक का अटल विश्वास है। भारतीय नीति और विचार यह है कि हमारे लिए आतंकवाद समाप्त हो जाए तो हमारा संघर्ष और युद्ध समाप्त हो जाएगा। उसे हम अपनी जीत मान लेंगे। लेकिन पाकिस्तान के लिए यह लड़ाई कभी समाप्त नहीं होगी क्योंकि उसका वास्तविक लक्ष्य भारत को मिट्टी में मिलाना है। उसका जन्म ही भारत से घृणा के आधार पर हुआ है। जब तक भारत है, तब तक पाकिस्तान की लड़ाई है। तो भारत का होना, भारत की उपस्थिति, भारत का अस्तित्व ये पाकिस्तान के लिए जोखिम है। वो इसी जोखिम को समाप्त करने का प्रयास करता रहता है।

भारत को मिट्टी में मिलाने के पाकिस्तान ने पहले युद्ध के माध्यम से प्रयास किए। जब उसने यह देखा कि युद्ध में हानि अधिक है, और वह अपने लक्ष्यों का प्राप्त नहीं कर पा रहा है तो उसने छद्म युद्ध शुरू किया। इस छद्म युद्ध के अंतर्गत आतंकवादियों का संरक्षण, प्रशिक्षण देकर भारत में अशांति फैलाने की नीति पर चलना शुरू किया। इसमें कोई बड़ा खर्च भी नहीं है। शस्त्र क्रय करने के लिए उसे धन अमेरिका, यूरोप, तुर्किये और चीन दे ही देते हैं। अफगान युद्ध का उसने खूब लाभ उठाया। अमेरिका से उसने पैसा भी लिया, हथियार भी लिए। पहले रूस से लड़ने के लिए, फिर अफगानिस्तान से लड़ने के लिए। अमेरिका को भी धोखा देता रहा। ओसामा बिन लादेन को अपने यहां छुपा कर रखा और अमेरिका को पता नहीं लगने दिया। आखिरकार अमेरिका ने खोज लिया और खोज कर मारा। इसमें कोई दोराय नहीं है कि पाकिस्तान किसी को भी धोखा दे सकता है। और भारत को तो हमेशा धोखा ही देगा। पाकिस्तान की एक बात पर हमेशा विश्वास करना चाहिए कि उस पर कभी भरोसा नहीं करना चाहिए। वो हमेशा दगा देखा, हमेशा धोखा देगा। इसलिए वो चाहे कोई भी वादा करे तब भी उस पर भरोसा नहीं करना चाहिए कि वो भविष्य में आतंकवाद का साथ नहीं देगा। वो सिर्फ अवसर की प्रतीक्षा करेगा। वर्तमान में जो स्थितियां वहां भारत के हमले के बाद उपजी हैं, उसके चलते पाकिस्तान की सेना और सरकार आमजन में अपनी छवि और साख को बनाए रखने के लिए भारत को नुकसान पहुंचाने में पीछे नहीं हटेगा। ये बात गांठ बांध लीजिए। ये संघर्ष विराम उसे इसीलिए चाहिए था, सांस लेने का अवसर। जो घाव भारतीय सेना ने उसे दिए हैं, उन पर मरहम पट्टी का अवसर चाहिए था। उसे फिर से तैयारी का अवसर चाहिए था। फिर से आतंकवादी गतिविधियों की रणनीति बनाने का समय और मौका चाहिए था। उसे तीन वस्तुओं की आवश्यकता थी। समय, पैसा और हथियार। और उसको ये तीनों चीजें संघर्ष विराम ही दिला सकता था। और उसे संघर्ष विराम मिल चुका है। विश्व में पाकिस्तान की ही नहीं, अमेरिका की छवि धोखेबाज देश की है। विश्व भर में उसकी धोखेबाजी के किस्सों की लंबी सूची है। और जहां तक बात भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की है। जब भी दोनों देशों के बीच तनाव होगा, संघर्ष होगा, अमेरिका का झुकाव पाकिस्तान की ओर होगा। अमेरिका को भारत की जरूरत है, चीन पर नियंत्रण के लिए। जब तक ये जरूरत नहीं थी तब तक अमेरिका भारत का विरोध ही करता रहा। मेरा मानना है कि संघर्ष विराम की घोषणा करके भारत अपनी शराफत में मारा गया। भारत अमेरिका पर जरूरत से ज्यादा विश्वास के कारण मारा गया। यह बात जान लीजिए कि संघर्ष विराम के लिए पाकिस्तान की आतुरता का मुख्य कारण यह था कि उसे लगा कि पहले अपने अस्तित्व को बचाना आवश्यक है। वो उस नीति पर चल रहा था कि बचेंगे, तो भविष्य में लड़ेंगे। तो उसने अपना बचाव कर लिया है। और वह भविष्य में लड़ेगा यह मान कर चलिए। निकट समय में ही आपको किसी ने किसी आतंकवादी घटना का दुखद समाचार सुनने, देखने और पढ़ने को मिलेगा। पाकिस्तान रुकने वाला नहीं है। वास्तव में जिस दिन पाकिस्तान आतंकवाद रोक देगा, उसके अस्तित्व का औचित्य ही समाप्त हो जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी और हमारे सैन्य बल पाकिस्तान के चरित्र से परिचित हैं। इसलिए राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में उन्होंने तमाम अहम बातों के अलावा यह भी स्पष्ट कर दिया की ऑपरेशन सिंदूर अभी स्थगित ही हुआ है। अर्थात यह कि आतंक के विरुद्ध भारत का एक्शन जारी रहेगा।

डॉ. आशीष वशिष्ठ

# भारतीय आध्यात्म के वैश्विक दूत परमहंस योगानंद

**डॉ. सुब्रत बांश**

जब दुनिया के अनेक राष्ट्रों ने सत्ता, सैन्य और अर्थव्यवस्था के दम पर उपनिवेश बनाए, तब भारत ने एक अलग राह चुनी- आध्यात्मिक प्रभाव की राह। यहां के ऋषियों-मुनियों ने मानवता को आत्मबोध, ध्यान, और शांति का संदेश दिया। इस आध्यात्मिक धरोहर को 20वीं सदी में वैश्विक मंच तक पहुंचाने वाले एक महान योगी थे-परमहंस योगानंद। योगानंद न केवल भारतीय योग और ध्यान परंपरा के प्रचारक थे, बल्कि उन्होंने भारतीय संस्कृति की एक तरह की ''आध्यात्मिक उपनिवेशिकता'' की नींव भी रखी-जिसमें कोई जबरदस्ती नहीं थी, बस आत्मा की गहराइयों से निकला संदेश था जो सीधे विश्व-मानव के हृदय को छू गया।

सन 1920 में परमहंस योगानंद अमेरिका के बोस्टन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय धार्मिक उदारवादियों की कांग्रेस में भारत का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे। यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी, लेकिन इस यात्रा ने उन्हें एक वैश्विक आध्यात्मिक दूत बना दिया। उसी वर्ष उन्होंने अमेरिका में Self-Realization Fellowship (एसआरएफ) की स्थापना की, जो ध्यान और क्रिया योग के माध्यम से आत्म-साक्षात्कार की शिक्षा को प्रसारित करता है। पांच साल बाद, 1925 में लॉस एंजेलिस में एसआरएफ का अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय स्थापित हुआ, जो आज भी योगानंद की शिक्षाओं का केंद्र बना हुआ है। पश्चिमी जगत, जो उस समय भौतिकता और औद्योगिकीकरण की ओर दौड़ रहा था, वहां भारतीय योग की यह सौम्य आहट एक नई चेतना का सूत्रपात थी।

योगानंद की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने धर्म को किसी मत या पंथ के बंधन से परे रखा। उनका संदेश था-ईश्वर को महसूस करो, न कि केवल मानो। वे कहते थे कि ध्यान, प्राणायाम और आत्मचिंतन के माध्यम से हर इंसान ईश्वर का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकता है। उनकी शिक्षाएं पूर्व के गहन अध्यात्म और पश्चिम की वैज्ञानिक सोच का अनूठा संगम थीं। उन्होंने क्रिया योग को एक वैज्ञानिक पद्धति की तरह प्रस्तुत किया, जो जीवन के हर क्षेत्र में शांति, संतुलन और जागरूकता ला सकती है। सन्‌ 1946 में प्रकाशित योगानंद की आत्मकथा 'इफ्ध्थ्द्धधद्दन्थध्द्धभ धद्ध थ ड्ढधद्दद्ध' आज भी दुनिया भर में पढ़ी जाती है। यह न केवल उनके जीवन का दस्तावेज़ है, बल्कि भारतीय योग परंपरा का जीवंत वर्णन भी है। अब तक यह 50 से अधिक भाषाओं में अनूदित हो चुकी है और इसे आध्यात्मिक साहित्य की क्लासिक माना जाता है।

एप्पल के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स इस पुस्तक से इतने प्रभावित थे कि उन्होंने अपने आईपैड में केवल यही एक किताब रखी थी, और अपनी मृत्यु से पहले इसे अपने निकट सहयोगियों को उपहारस्वरूप दिया था। योगानंद की एक अन्य उल्लेखनीय पुस्तक 'The Second Coming of Christ' है, जिसमें उन्होंने ईसा मसीह की शिक्षाओं को हिंदू योग दर्शन के परिप्रेक्ष्य में व्याख्यायित किया है। इस प्रयास ने आध्यात्मिक संवाद को वैश्विक आयाम दिया। योगानंद ने एक गहन प्रश्न उठाया था-ल्लमनुष्य बाहरी दुनिया को जीतने में व्यस्त है, लेकिन क्या वह अपने भीतर की दुनिया से भी परिचित है? आज की भागदौड़, तनाव और तकनीकी अशांति से जूझती दुनिया में यह सवाल पहले से अधिक प्रासंगिक हो गया है। उनकी पुस्तक 'क्ष्धब प्ध ख्रद्धफ्द्ध' की सात-खंडीय शृंखला जीवन में शांति, स्पष्टता और आत्म-संयम लाने के व्यावहारिक उपाय देती है। इनमें कार्य-जीवन संतुलन, आंतरिक ऊर्ज़ा, सकारात्मक सोच, और ध्यान जैसे विषयों को अत्यंत सरल और प्रभावी भाषा में प्रस्तुत किया गया है। सन्‌ 1952 में जब योगानंद ने अमेरिका में ही शरीर त्यागा, तो वे भले ही भौतिक रूप से नहीं रहे, लेकिन उनकी शिक्षाएं आज भी लाखों लोगों का मार्गदर्शन कर रही हैं। उनके द्वारा स्थापित संगठन एसआरएफ और भारत में स्थित (वाईएसएस) निरंतर सक्रिय हैं।इन संस्थानों के माध्यम से अब भी ध्यान शिविर, ऑनलाइन कोर्स, पुस्तकें और ऑडियो लेक्चर के ज़रिये लोगों तक योगानंद का संदेश पहुंच रहा है -शांति तुम्हारे भीतर है, बाहर नहीं। परमहंस योगानंद केवल एक संन्यासी नहीं थे; वे भारत की सांस्कृतिक चेतना के ऐसे दूत थे, जिन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि संस्कृति की विजय तलवार से नहीं, आत्मा की शक्ति से होती है। उन्होंने अमेरिकी समाज में भारतीय योग, ध्यान और आत्मबोध की ऐसी गहरी जड़ें जमाईं, जो आज भी जीवंत हैं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि भारत की असली शक्ति उसकी आध्यात्मिक परंपरा में है।

## सेहत मंत्र

# नीम की पत्तियों से मिलते हैं कई फायदे


आयुर्वेद की दुनिया में नीम एक बेहद लोकप्रिय व महत्वपूर्ण औषधीय जड़ी-बूटी है, जिसे लगभग पिछले 5000 सालों से उपचार के दौरान इस्तेमाल किया जाता रहा है। नीम इतना गुणकारी है कि न केवल इसकी पत्तियां, बल्कि पेड़ के बीज, जड़ों और छाल में भी औषधीय गुण पाए जाते हैं। नीम सेहत और सौंदर्य दोनों के लिए ही गुणकारी है। नीम के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं यही वजह है कि यह संक्रमण, जलन और त्वचा की किसी भी तरह की समस्याओं पर यह जादू की तरह काम करता है। यह बैक्टीरिया को नष्ट करता है, प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करता है और तेजी से चिकित्सा को प्रोत्साहित करता है। इसके अलावा इसमें एंटी-एजिंग गुण भी पाए जाते हैं। इतना ही नहीं, नीम में विटामिन और फैटी एसिड त्वचा की लोच में सुधार करते हैं और झुर्रियों और महीन रेखाओं को कम करते हैं। ठीक करें घाव- नीम के पत्ते घाव को बेहद जल्द ठीक करते हैं। बस आप इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाएं और घाव या कीड़े के काटने पर प्रभावित स्थान पर लगाएं। रूसी को कहें बाय-बायः अगर आपको रूसी की समस्या है तो आप नीम की कुछ पत्तियां लेकर उसे पानी में उबालें। अब इस पानी को ठंडा होने दें। अपने बालों को शैम्पू से धोने के बाद इस पानी से साफ़ करें। आंखों में जलनः अगर आपको आंखों में जलन हो रही है तो नीम की कुछ पत्तियों को उबालें, पानी को पूरी तरह से ठंडा होने दें और फिर अपनी आंखों को धोने के लिए इसका इस्तेमाल करें। यह आंखों में किसी भी तरह की जलन, थकान या लालिमा में मदद करेगा। कानों के लिए लाभदायक : कान के जुड़ी समस्याओं को भी नीम आसानी से ठीक कर सकता है। बस आप नीम के कुछ पत्तों को मसलकर उसमें थोड़ा शहद मिलाएं। किसी भी कान के फोड़े का इलाज करने के लिए इस मिश्रण की कुछ बूंदों का उपयोग करें। त्वचा विकारः नीम के पत्ते त्वचा के लिए बेहद चमत्कारी माने जाते हैं। इसके लिए नीम के पत्तों के पेस्ट के साथ हल्दी मिलाएं। इसका उपयोग खुजली, एक्जिमा, रिंग कीड़े और कुछ हल्के त्वचा रोगों के लिए भी किया जा सकता है। बूस्ट करें इम्यूनिटीः कुछ नीम के पत्तों को क्रश करें और अपनी इम्युनिटी बढ़ाने के लिए उन्हें एक गिलास पानी के साथ लें।

## धर्म मंत्र

# कोडुंगल्लूर देवी मंदिरः अदभुत है मंदिर की मान्यता और इसका इतिहास

कोडुंगल्लूर देवी मंदिर अत्यंत प्राचीन मंदिर है, जो कि केरल राज्य के त्रिशूर जिले में स्थापित है। वैसे तो दक्षिण भारत मे बहुत से मंदिर है परंतु यह मंदिर सब मंदिरों में सबसे अद्‌भुत है। कोडुंगल्लूर देवी मंदिर को ''श्री कुरम्बा भगवती मंदिर'' के नाम से भी जाना जाता है। इस मंदिर में माँ भद्रकाली उपस्थित है, उनकी काली रूप में पूजा की जाती है। यहां आने वाले लोग देवी को कुरम्बा या कोडुंगल्लूर अम्मा के नाम से बुलाते है। केरल के मंदिर में माँ काली के रुद्र रूप की पूजा अर्चना की जाती है यह मंदिर मालाबार के 64 भद्रकाली मंदिरों में से प्रमुख है माँ काली ने अपने प्रचण्ड रूप में आठों हाथों में कुछ न कुछ पकड़ रखा है जैसेः- एक हाथ मे राक्षस राजा दारूका का सिर पकड़ा हुआ है, एक हाथ मे घंटी, एक हाथ मे तलवार और एक हाथ मे अंगूठी। मंदिर में दोपहर 3 बजे से लेकर रात 10 बजे तक पूजा होती है। यहां के लोगो का मानना है कि इस मंदिर में भगवान शिव की आराधना की जाती थी और परशुराम जी ने मंदिर के निकट ही माँ काली की प्रतिमा लगाई थी। कोडुंगल्लूर कभी चेरा साम्राज्य की राजधानी हुआ करता था, जो एक महत्वपूर्ण नगर कहलाता था। इस मंदिर को चेरमान पेरुमल ने बनवाया। यह मंदिर केरल के मध्य में स्थित है। इस मंदिर में उपस्थित माँ भद्रकाली को यहां के लोग ''मलयाला भगवती'' बुलाते है। इस मंदिर में प्राचीनतम तरह से ही देवी के निर्देशानुसार पूजा की जाती है। यहं पांच 'श्री चक्र' शंकराचार्य ने स्थापित किए, जिन्हें देवी की शक्तियों का मुख्य स्त्रोत माना जाता है।

## पर्यटन



# बच्चों को ज़रूर कराएं देश के खूबसूरत गांवों की सैर

शहर की भीड़-भाड़ और व्यस्तता के बीच जब कभी समय मिले और खासतौर पर बच्चों कि छुट्टियां हो तो उन्हें किसी फ़ेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन ले जाने की बजाय देश के कुछ खूबसूरत गांवों की सैर करवाइए। यहां न सिर्फ मन को सुकून मिलेगा, बल्कि यहां कि कुदरती खूबसूरती और शांत वातावरण आपके पूरे परिवार की थकान और तनाव दूर कर देगा। स्मित, मेघालय- मेघालय की राजधानी शिलांग से करीब 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित स्मित गांव बेहद सुंदर है और छुट्टियां बिताने के लिए परफ़ेक्ट जगह है। पहाड़ों पर बसा यह गांव कुदरती खूबसूरती से सराबोर है। यहां की शुद्ध ताजी हवा आपको नई ऊर्ज़ा से भर देगी और बच्चों को भी गांव की सैर में बहुत मज़ा आएगा। शहर की भीड़ से दूर यहां का शांत वातावरण और सुंदरता हर किसी का मन मोह लेती है। यह गांव बेहद साफ सुथरा भी है। मावलिनॉन्ग, मेघालय- मेघालय का ही एक और गांव है मावलिनॉन्ग जिसे एशिया के सबसे साफ गांव का दर्ज़ा मिला हुआ है। स्मित की तरह ही यह गांव भी प्राकृतिक सुंदरता से सराबोर है। मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग से करीब 90 हजार की दूरी पर स्थित यह गांव साफ-सुथरा होने के साथ ही बेहद खूबसूरत भी है। यहां पर एशिया का फ़ेमस रूट ब्रिज भी है जिसकी सैर यकीनने आपको और बच्चों को रोमांच से भर देगी। जहां तक साफ-सफाई का सवाल है तो गांव वालों ने खुद अपने बल पर गांव को एकदम साफ-सुथरा रखा है। कचरा फैलाने वालों से जुर्माना भी वसूला जाता है। यहां आपको अन्नानास के पेड़ भी दिखेंगे। याना, कर्नाटक- कर्नाटक का यह गांव भले ही बहुत फ़ेमस न हो, लेकिन सुकून की तलाश करने वालों के लिए यह परफ़ेक्ट जगह है। खूबसूरत पहाड़ी पर स्थित यह गांव तीर्थयात्रियों के साथ ही, नेचर लवर और ट्रैकिंग के शौकीनों के लिए भी बेस्ट डेस्टिनेशन हैं। यहां कई मंदिर, गुफाएं और खूबसूरत झरने आपकी यात्रा को यादगार बना देंगे।

# डीएम ने जन चौपाल के माध्यम से जाना जनमानस का हाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। बुधवार को नगर पंचायत देवा के वार्ड शेख 1 एवं 2 में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल के माध्यम से जिलाधिकारी ने क्षेत्रवासियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, अभावों एवं अपेक्षाओं को जाना।

जन चौपाल में बड़ी संख्या में आम नागरिकों, महिला समूहों, वरिष्ठ जनों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। नागरिकों ने जल निकासी, सड़क मरम्मत,राशन वितरण, पेंशन भुगतान, आवास योजना, साफ-सफाई व्यवस्था इत्यादि से संबंधित शिकायतें एवं सुझाव जिलाधिकारी के समक्ष रखे।

देवाँ नगर पंचायत के वार्ड शेख़ 01 व शेख 02 के निवासीजन श्रीमती नसरीन,श्रीमती सुदामा देवी,श्रीमती अफ़साना बानो श्रीमती बबली,श्रीमती राजकुमारी,श्रीमती मालती देवी, श्रीमती शबीना बानो, श्रीमती मेनका द्वारा आवास उपलब्ध कराने के लिए कहा गया जिस पर उन्होंने ई0ओ0 नगर पंचायत को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये साथ ही कहा कि सभी पात्रों को आवास उपलब्ध



कराए जाने हेतु सर्वे किया जा रहा है इस सर्वे के माध्यम से सभी पात्रो को आवास उपलब्ध कराया जाएगा। श्रीमती रजिया ने अवगत कराया कि उनके शौहर बीमार है जिनके इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड की आवश्यकता है तथा श्रीमती नसरीन ,सलमा बानो सहित अन्य द्वारा रासन कार्ड में यूनिट बढ़वाने के सम्बंध में अवगत कराया जिस पर उन्होंने पूर्ति विभाग के उपस्थित अधिकारी को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए।वार्ड के निवासी श्री अनस द्वारा बताया गया कि वार्ड के रास्तों पर लोगो द्वारा अपने घरों के रैम्प निकाल कर अवैध अतिक्रमण किया गया है जिससे आम जन मानस को आने जाने में असुविधा का सामना करना पड़ता है उक्त शिकायत के सम्बंध में उन्होंने ई0ओ0 देवा को अभियान चलाकर सड़क के सम्पूर्ण भाग को अतिक्रमण मुक्त करवाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार मो0शकील,मो0 रिजवान व अजय कुमार निगम सहित अन्य निवासी जन द्वारा पीने के पानी की सप्लाई पाइप डालने हेतु खोदी गई सड़को की मरम्मत नही किये जाने का मुद्दा उठाया जिस पर उन्होंने सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री अफ्फान व अन्य नगर पंचायत वासियो द्वारा वार्डो की साफ सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृण बनाने के लिए कहा गया। सामूहिक रूप से नगर पंचायत वासियों द्वारा देवाँ पी0एच0सी0 में 24 घण्टे आकस्मिक स्वास्थ्य सुविधाये उपलब्ध करवाए जाने हेतु जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया जिस पर उन्होंने आश्यक कार्यवाही किये जाने का आश्वाशन नगरवासियो को दिया।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा, ''जन चौपाल का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। हमारा प्रयास है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित नागरिकों को दी और अपील की कि पात्र लोग इन योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लाभार्थियों की सूची को अद्यतन रखें और वास्तविक लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर जॉइंट मजिस्ट्रेट आई0ए0एस0श्री तेजस के0, नगर पंचायत अध्यक्ष , अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत देवा, विद्युत, जल निगम, समाज कल्याण, आपूर्ति, एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम ने की वारसी इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति की बैठक, छात्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। :जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में वारसी इंटर कॉलेज, देवा शरीफ के प्रबंध समिति की बैठक बुधवार को कॉलेज परिसर में संपन्न हुई। इस बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक तथा भौतिक प्रगति के साथ-साथ आगामी सत्र की योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।



जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय में छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षण पद्धति को तकनीकी रूप से समृद्ध बनाकर विद्यार्थियों को एक आधुनिक, सुरक्षित और प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण प्रदान किया जाना अत्यंत आवश्यक है।इस हेतु विद्यालय का अनुशासन एक महत्वपूर्ण घटक है। उन्होंने प्रधानाचार्य को विद्यालय के अनुशासन हेतु आवश्यक कदम उठाने तथा सभी अध्यापको की जिम्मेदारी निर्धारित करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी तय किया गया कि विद्यालय में रिक्त पदों पर योग्य शिक्षकों की पूर्ति स्थानान्तरण के माध्यम से की जाय जिससे पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि अग्रिम बैठक में विद्यालय के आय व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया जाय। इन दौरान उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं सहित अन्य कार्यो को प्रोजेक्ट अलंकार के तहत दुरुस्त कराया जाय। प्रबन्ध समिति के सभी सदस्यों ने विद्यालय के समग्र विकास हेतु अपने सुझाव साझा किए और जिलाधिकारी महोदय के मार्गदर्शन को सकारात्मक रूप से स्वीकार किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी( वित्त एवम राजस्व) श्री अरुण कुमार सिंह,जॉइंट मजिस्ट्रेट/आई0ए0एस0 श्री तेजस के0, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित प्रबन्ध समिति के सभी सम्मानित सदस्य गण एवं अन्य उपस्थित रहे।

## जनपद न्यायाधीश ने दी लोक अदालत की सफलता की बधाई, डॉक्यूमेंट्री की जमकर सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक-10.05.2025 के सफल होने के उपलक्ष्य में श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी की अध्यक्षता मीटिंग हॉल में जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण के साथ बैठक आहूत की गयी, इस बैठक में श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारीगण को राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल होने पर बधाई दी गयी एवं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में और अधिक वादों के निस्तारण किये जाने के दिशा निर्देश दिये गये।



उक्त के अतिरिक्त The Camera 1999 प्रोडक्शन हाउस के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित डॉक्यूमेंट्री को भी प्रदर्शित किया गया, प्रोडक्शन हाउस के संस्थापक नितेश मिश्रा ने बताया कि उनका उद्देश्य लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार के साथ समाज के सकारात्मक पहलुओं को संकलित कर व्यापक रूप से जनमानस तक पहुंचाना है, इस दौरान डॉक्यूमेंट्री में विशेष सहयोग देने वाले राहुल त्रिपाठी भी मौजूद रहे। इस डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से लोक अदालत का महत्व, लोक अदालत में वादों के निस्तारण की न्यायिक प्रक्रिया एवं विभिन्न विषयों पर सकारात्मक पहलू दिखाए गए है, जो जनमानस में न्यायपालिका के प्रति आमजनमानस का विश्वास मजबूत करेगी और आगामी लोग लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने वादों का निपटान कराने हेतु आगे आयेंगे राष्ट्रीय लोक अदालत पर आधारित डाक्यूमेन्ट्री वीडियो को मीटिंग हॉल मे लगे स्क्रीन पर प्रसारित किया गया जिसको सभी न्यायिक अधिकारीगण द्वारा देखा गया एवं डाक्यूमेन्ट्री वीडियो की सराहना की गयी साथ ही समस्त सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व को अधिक से अधिक प्रसारित करने एवं लोक अदालत के महत्व को जनता तक पहुंचाने की अपेक्षा भी की गई। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश महोदया श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव,श्री नीतीश कुमार राय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री राकेश कुमार सिंह विशेष न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट, श्री प्रण विजय सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, श्री अमित सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री असद अहमद हाशमी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री सुभाष चन्द्र तिवारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री राजीव कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री ज्ञान प्रकाश शुक्ल अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री अंजनी कुमार सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं श्रीमती सुधा सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट समेत सिविल जज सी0डि0 एवं जू0डि0 संवर्ग के न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस की चौपाल से गावों में ही निस्तारित हो रहे अधिकतम प्रकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु शुरू की गयी एक नई पहल पर जनपद के सभी थानों की एक-एक ग्राम पंचायत में किया गया चौपाल का आयोजन

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु एक नई पहल की शुरूआत की गयी है, जिसमें सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को जनपद के सभी थानों की एक-एक ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही प्राथमिक स्तर पर निस्तारित किया जाना है जिससे पुलिस के प्रति जनता में विश्वास बढ़े और जनसंवाद का स्तर उच्चकोटि का हो सके।



जनपद के सभी थानों में राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि के उपस्थिति में ग्राम वासियों के बीच चौपाल का आयोजन कर उनकी समस्या को सुना गया एवं मौके पर ग्रामीणों की समस्याएं जैसे भूमि विवाद, पैसे की लेन-देन, चकमार्ग,नाली सम्बन्धी आदि शिकायतों को मौके पर ही प्राथमिक स्तर पर निस्तारण कराया गया। उक्त कार्यवाही की जनता द्वारा सराहना की गयी । बाराबंकी पुलिस द्वारा ग्राम अपराध रजिस्टर में अंकित विवादित मामलों का अवलोकन कर उनके बारे में जानकारी की गयी एवं मामले की वर्तमान स्थिति के बारे में अन्य जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही शस्त्र धारकों व हिस्ट्रीशीटर के बारे में भी जानकारी ली गई। चौपाल में उपस्थित ग्राम वासियों को ग्राम चौपाल के योजना के महत्व एवं साइबर क्राइम, यातायात जागरूकता से अवगत कराते हुए सतर्क रहने एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090/112/1076/108/1930 के बारे में स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया।

## प्लॉट खरीदने के छह साल बाद भी नहीं मिला कब्जा, महिलाओं ने लगाई न्याय की गुहार

मोहनलालगंज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ, रायबरेली जिले की दो महिलाओं ने प्लॉट खरीदने के छह साल बाद भी कब्जा न मिलने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि जमीन देने से इनकार करने वाले अब उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता अर्चना वर्मा पत्नी शैलेन्द्र कुमार, निवासी ग्राम तमनपुर, पोस्ट सेंहगो पश्चिम गाँव, तहसील महराजगंज, तथा सीमादेवी पत्नी पिंटू लाल, निवासी ग्राम व पोस्ट नीमटीकर, तहसील महराजगंज, जिला रायबरेली ने वर्ष 2018 में, मोहनलालगंज, कस्बे में स्थित एक प्लॉट को एच के इन्फ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड से खरीदा था। यह सौदा 14 सितम्बर 2018 को कंपनी के अधिकृत हस्ताक्षरी प्रमोद कुमार उपाध्याय पुत्र हरिद्वार उपाध्याय, निवासी 11बी/25, आवास विकास, वृंदावन योजना-3, सेक्टर 11बी, लखनऊ द्वारा किया गया था। कंपनी का कार्यालय 1/44, रश्मि खंड, एल्डिको काम्प्लेक्स, बंगला बाजार, रायबरेली रोड लखनऊ पर स्थित है।पीड़िताओं का कहना है कि इतनी बड़ी रकम देने के बावजूद आज तक उन्हें खरीदी गई जमीन का कब्जा नहीं दिया गया। जब भी वे फोन करके कब्जा दिलाने की बात करती हैं, तो उन्हें न केवल गाली-गलौज किया जाता है, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी जाती है।अब पीड़ित महिलाओं ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उन्हें केवल उनका वाजिब हक दिलाया जाए, बल्कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाए।

## अधिवक्ता परिषद अवध ने किया तिरंगा रैली का आयोजन




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय सैन्य बलों द्वारा पाकिस्तानी आतंकवादियों के विरुद्ध किए गए ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता उपरांत बुधवार को अधिवक्ता परिषद अवध द्वारा उच्च न्यायालय, लखनऊ में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान अधिवक्ता परिषद अवध कि महामंत्री मीनाक्षी परिहार सिंह ने कहा कि भारत द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया, जो हमारे शूरवीर जवानों की वीरता, साहस और राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा को दर्शाता है। ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक विजय ने भारत के सामूहिक संकल्प, सुरक्षा बलों की अप्रतिम शौर्यगाथा और राष्ट्रीय स्वाभिमान को वैश्विक पटल पर स्थापित किया है। इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद अवध कि महामंत्री मीनाक्षी परिहार सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद्र राय, मंत्री सिद्धार्थ शंकर दूबे, सदस्यगण अजय कुमार त्रिपाठी, अमित राय, उच्च न्यायालय इकाई एवं लखनऊ जनपद इकाई के समस्त कार्यकारिणी व अनेक अधिवक्तागण तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

**वरिष्ठ पत्रकारों की पेंशन व स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सूचना निदेशक से पत्रकारों की प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात**

## वरिष्ठ पत्रकारों के लिए पेंशन योजना लागू करने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति (पुनर्गठित) के पदाधिकारियों ने मंगलवार को लोक भवन स्थित सभागार में नवनियुक्त सूचना निदेशक विशाल सिंह से मुलाकात कर पत्रकारों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। समिति ने पत्रकारों की पेंशन योजना, स्वास्थ्य लाभ, और अन्य सुविधाओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा और सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।



समिति के संयोजक प्रभात त्रिपाठी ने निदेशक को अवगत कराया कि देश के कई राज्यों में वरिष्ठ पत्रकारों को पेंशन की सुविधा दी जा रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश में अब तक ऐसी कोई योजना लागू नहीं हो सकी है। उन्होंने आग्रह किया कि राज्य में भी वरिष्ठ पत्रकारों को पेंशन योजना से लाभान्वित किया जाए। इसके अतिरिक्त, समिति ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पत्रकारों को जारी किए गए आयुष्मान कार्ड में वित्तीय राशि की उपलब्धता न होने की समस्या भी उठाई। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए आयुष्मान कार्ड में धनराशि तत्काल प्रभाव से जारी कराई जाए। प्रभात त्रिपाठी ने बैठक में समिति की संरचना और उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी निदेशक को दी। वहीं, समिति के प्रशासनिक सलाहकार शेखर श्रीवास्तव ने उन पत्रकारों की ओर से निदेशक का ध्यान आकर्षित किया जो आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे पत्रकारों की मदद के लिए विशेष योजना बनाने का अनुरोध किया। मुलाकात के दौरान समिति के मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य उमेश चंद्र मिश्रा, वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार अजीत कुमार सिंह और तकनीकी सलाहकार हरजीत सिंह बाबा भी मौजूद रहे। सभी ने पत्रकारों से जुड़ी जमीनी समस्याओं को सामने रखते हुए निदेशक से सकारात्मक हस्तक्षेप की मांग की। नव नियुक्त सूचना निदेशक विशाल सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि उनके कार्यालय के दरवाजे हमेशा पत्रकारों के लिए खुले रहेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि पत्रकारों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। अंत में समिति ने निदेशक से अनुरोध किया कि वह समिति के सभी सदस्यों के साथ एक औपचारिक बैठक का समय अनूप मीडिया सेंटर (इद्धद्गब्द्ध मीडिया सेंटर) में दें, ताकि संवाद और सहयोग का सिलसिला और मजबूत हो सके। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई, जिससे पत्रकार समुदाय को आगामी सुधारों की उम्मीद बंधी है।

# पुरुष जिम्नास्ट लक्ष्य हासिल करने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत: आशीष कुमार

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेल 2010 में रजत और कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाले जिम्नास्ट आशीष कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पुरुष जिम्नास्ट को अपनी इच्छाशक्ति को जगाना होगा।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की प्रतिभा पहचान एवं विकास समिति (टीआईडीसी) के सदस्य आशीष कुमार ने कहा कि इस आयोजन ने एथलीटों को बेहतरीन अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा, जोश भीतर से आना चाहिए। आप खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और उपकरण दे सकते हैं, लेकिन अगर उनमें 'अंतराष्ट्रीय पदक जीतने' की अंदर कुछ बड़ा करने का जोश नहीं है तो कुछ भी हासिल नहीं हो सकता। कई लोग राष्ट्रीय स्तर पर ही पदक जीतने के बाद ही संतुष्ट हो जाते हैं। इस मानसिकता को बदलना होगा। खेलो इंडिया योजना ने शुरुआती किशोरावस्था में जिम्नास्टिकों के लिए नए द्वार खोले हैं और अब खिलाड़ियों, कोचों और फ़ेडरेशन पर इस सफलता का लाभ उठाने और इसे आगे ले जाने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, हां, हम एथलीटों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन असली काम अब शुरू होता है- उचित विकास सुनिश्चित करना होगा, खासकर लड़कों के बीच। टीआईडीसी उन प्रतिभाशाली एथलीटों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है



जिन्हें खेलो इंडिया एथलीट (केआईए) के रूप में शामिल किया जा सकता है और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) में प्रशिक्षित किया जा सकता है। उनका मानना है कि सब-जूनियर वर्ग, 14 वर्ष के कम उम्र के जिम्नास्ट के लिए प्रशिक्षण के स्तर में व्यापक बदलाव होना चाहिए। उन्होंने कहा, उस उम्र (14 वर्ष की) में शरीर जल्दी ठीक हो जाता है। इसलिए, शुरुआती वर्षों से ही हमें उचित शक्ति और कंडीशनिंग शेड्यूल के साथ उनकी सहन शक्ति बढ़ाने पर जोर देना होगा। अगर हम शुरुआत में ही इन चीजों को हल्के में लेंगे, तो 25 साल की उम्र तक उनका शरीर कार्यक्षमता को संभालने में सक्षम नहीं होगा। विदेशी कोच व्लादिमीर चेर्टकोव के तहत प्रशिक्षण के अपने दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा, जब हम 2010 में राष्ट्रमंडल शिविर में थे, तो कोच व्लादिमीर ने हमें अपनी क्षमता से आगे बढ़ने के लिए कहा। उन्होंने हमें सिखाया कि बार-बार तनाव को झेलने में सक्षम शरीर का होना कितना महत्वपूर्ण है। जैसे किसी परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए आप 20-30 बार याद करते हैं। जिमनास्टिक में भी यही होता है- आप तब तक अपनी शारीरिक गतिविधियों को दोहराते हैं जब तक कि आपका शरीर उस लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम न हो जाये। उन्होंने कहा, पुरुष जिम्नास्टिक में सुधार की जरूरत है। हमने हाल ही में महिलाओं के बीच सफलता देखी है, लेकिन पुरुषों को अभी लंबा रास्ता तय करना है। यहीं पर खेलो इंडिया सबसे बड़ा प्रभाव डाल सकता है- क्षमतावान लड़कों की पहचान करके और उन्हें लंबे समय के लिए तैयार कर सकते हैं।

## महंगाई घटने से चढ़ा बाजार

**मुंबई।** देश में इस वर्ष अप्रैल में खुदरा और थोक महंगाई घटने से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों में और कटौती करने की उम्मीद बढ़ने से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 182.34 अंक छलांग लगाकर 81,330.56 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88.55 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24666.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.19 प्रतिशत उछलकर 44,327.28 अंक और स्मॉलकैप 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,978.95 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4125 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2855 में लिवाली जबकि 1121 में बिकवाली हुई वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए कुल 2960 कंपनियों के शेयर रखें गए। इनमें से 2183 तेजी जबकि 694 गिरावट रही वहीं 83 के भाव स्थिर रहे। अनाज और शाक–सब्जियों की कीमतों में नरमी के कारण भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई इस वर्ष अप्रैल में गिरकर 3.16 प्रतिशत पर आ गयी। इससे पिछले महीने मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.34 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 4.83 प्रतिशत रही थी। इसी तरह खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट और ईंधन की दरों में नरमी से अप्रैल में देश की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई मार्च के 2.05 प्रतिशत घटकर तेरह माह के निचले स्तर 0.85 पर आ गई। निवेशकों को महंगाई में गिरावट से आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है। इससे बीएसई में बैंकिंग की 0.34 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली का ज़ोर रहा। इस दौरान धातु 2.46, कमोडिटीज 1.49, सीडी 0.77, ऊर्जा 1.23, एफएमसीजी 0.16, वित्तीय सेवाएं 0.10, हेल्थकेयर 0.63, इंडस्ट्रियल्स 1.73, आईटी 1.37, दूरसंचार 1.14, यूटिलिटीज 0.19, ऑटो 0.86, कैपिटल गुड्स 1.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.16, तेल एवं गैस 1.46, पावर 0.73, रियल्टी 1.71, टेक 1.20, सर्विसेज 0.37 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.38 प्रतिशत उछल गए। विश्व बाजार में मिलाजुअल रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53, जर्मनी का डैक्स 0.49 और जापान का निक्केई 0.14 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 2.30 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.86 प्रतिशत चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 130 अंक की तेजी के साथ 81,278.49 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 81,691.87 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह दोपहर तक 80,910.03 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 81,148.22 अंक के मुकाबले 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,330.56 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी भी 35 अंक बढ़कर 24,613.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,767.55 अंक के उच्चतम जबकि 24,535.55 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,578.35 अंक की तुलना में 0.36 प्रतिशत चढ़कर 24,666.90 अंक पर बंद हुआ।

# बरौनी की फुटबॉल क्रांति : दिल की चोट बनी जीत की विरासत

एजेंसी

बेगूसराय/पटना। बिहार के बेगूसराय की फिजाओं में फुटबॉल का रंग घुला है और यह सिर्फ फ्लाईओवर के खंभों पर लिखा एक नारा नहीं है, यह एक खामोश क्रांति की दास्तान है, जो बिहार के एक गुमनाम कोने में टूटी हड्डियों और आहत स्वाभिमान के साथ शुरू हुई थी।

राजधानी पटना की भागदौड़ से दूर बरौनी के एक शांत मुहल्ले में फुटबॉल यूं ही नहीं आ गई। इसे अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। स्वतंत्रता सेनानी यमुना भगत की विरासत के रूप में पहचाना जाने वाला यह मैदान लगभग 80 साल पहले फुटबॉल का अप्रत्याशित घर बन गया था। वहीं, इस कहानी का असली मोड़ वर्ष 1990 में आया, जब स्थानीय लड़कियों की एक अनुभवहीन और आत्मविश्वास से रहित टीम एक प्रदर्शनी मैच में मुजफ्फरपुर की धुरंधर टीम के सामने बुरी तरह हार गई। यह हार मैदान की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित मैच में सिर्फ शारीरिक चोटें नहीं दे गई बल्कि हर खिलाड़ी के आत्मसम्मान को भी गहरा आघात पहुंचा गई। कुछ लड़कियां लंगड़ाती हुईं लौटीं, कुछ को स्ट्रेचर पर ले जाना पड़ा और सबके जख्म जिस्मानी दर्द से कहीं ज्यादा गहरे थे।

उस अपमानजनक हार ने शर्मिंदगी नहीं बल्कि एक दृढ़ संकल्प को जन्म दिया। पूर्व फुटबॉलर और स्थानीय शिक्षक चंद्रशेखर, जिनकी बातों में पीढ़ियों का अनुभव झलकता है, उस दिन को याद करते हुए कहते हैं, हमें अपमानित किया गया था लेकिन हमने उस दर्द को एक मकसद में बदल दिया। चंद्रशेखर बताते हैं कि इस मैदान की नींव स्वतंत्रता से पहले ही पड़ गई थी, जब यमुना भगत ने जेल से रिहा होने के बाद समाज के पिछड़े वर्गों के युवाओं को शिक्षित करने के लिए एक पुस्तकालय की स्थापना की थी। लेकिन, असली बदलाव तो वर्ष 1990 में आया, जब उन्होंने मैदान की 50वीं वर्षगांठ मनाने का फैसला किया। उन्होंने आगे कहा, हमने दो टीमों को प्रदर्शनी मैच के लिए बुलाया था लेकिन सिर्फ एक टीम आई। आयोजक होने के नाते हम शर्मिंदा थे और अचानक ही हमने एक टीम खड़ी कर दी, जिसमें कुछ ऐसी लड़कियां थीं जिन्होंने कभी फुटबॉल नहीं खेला था।

चंद्रशेखर की आवाज में उस दिन का दर्द आज भी महसूस किया जा सकता है। वह कहते हैं, ल्लदुर्भाग्य से हमारी कुछ लड़कियों की टांगें टूट गईं और ज्यादातर घायल हो गईं। उस हार ने हमें अंदर तक हिला दिया। हम अंदर से घायल थे। पूरे गांव ने मिलकर फैसला किया कि अब एक टीम बनेगी, हम कुछ कोच रखेंगे और उन्हें पैसे देने के लिए हम चंदा जुटाएंगे। एक साल बाद अटूट साहस और पूरे समुदाय के समर्थन से सराबोर बरौनी की लड़कियां फिर से मैदान पर उतरीं, सिर्फ खेलने के लिए नहीं बल्कि मुकाबला करने के लिए। उन्होंने आरा को 1-0 से हराया, जिसमें पूर्व भारतीय स्ट्राइकर पूनम भी शामिल थीं। यह जीत सिर्फ स्कोरलाइन से कहीं ज्यादा उस दृढ़ संकल्प की गवाही थी। हम यहां हैं और अब हम मुकाबला करेंगे। अगले तीन दशकों में बरौनी फुटबॉल के सपनों का पालना बन गया, जिसका नेतृत्व चंद्रशेखर जैसे गुमनाम नायकों और पूर्व मोहन बागान गोलकीपर संजीव कुमार सिंह ने किया। संजीव ने तो सेना की एक स्थिर नौकरी को भी छोड़कर अपने पहले प्यार फुटबॉल के लिए इस मैदान को चुना। संजीव ने बड़ी ईमानदारी से स्वीकार किया कि फुटबॉल के प्रति उनका समर्पण शायद उनके परिवार की जरूरतों और इच्छाओं की उपेक्षा का कारण बना लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि किसी को तो यह जिम्मेदारी उठानी ही थी।

भावुक संजीव कहते हैं, ल्लमेरे परिवार के लिए शायद मैं बेकार हूं लेकिन मैं कुछ नहीं कर सकता। मैं उन्हें सहारा देने की कोशिश करता हूं लेकिन फुटबॉल मेरी पहली मोहब्बत है। सब अपनी नौकरी में व्यस्त हैं इसलिए किसी को तो यह जिम्मेदारी उठानी ही थी। यह एक ऐसा बलिदान है, जो किसी मजबूरी से नहीं बल्कि प्यार से आया है। यही वह बलिदान था जिसने इस मैदान को 2018 में संतोष ट्रॉफी मैचों की मेजबानी करने में मदद की और अब, यह भारत के प्रमुख यूथ गेम्स का हिस्सा बना है। बेगूसराय आज 12 बार की राज्य चैंपियन है। बिहार की टीम में शामिल 70 फीसदी लड़कियां इसी क्षेत्र से हैं और यहां फुटबॉल की संस्कृति सामुदायिक गौरव में गहराई से समाई हुई है।

## टोरेंट पावर का मुनाफा दोगुना से अधिक बढ़ा

मुंबई। विद्युत उत्पादक कंपनी टारेंट पावर लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की जनवरी–मार्च तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 447.04 करोड़ रुपये के मुकाबले दो गुना से भी अधिक की बढ़ोतरी लेकर 1077.22 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2024–25 की अंतिम तिमाही में उसे 1077.22 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023–24 की जनवरी–मार्च तिमाही के 447.04 करोड़ रुपये से 140.9 प्रतिशत अधिक है। वहीं, इस अवधि में उसकी कुल आय 6625.45 करोड़ रुपये से 0.82 प्रतिशत घटकर 6570.69 करोड़ रुपये पर आ गई।


## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MEM-MX-142-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-CIL-MX-148-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.05.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-SKN-MX-147-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.05.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1423/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.25 से 26.07.25 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 18.05.25 से 27.07.25 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# भारत के बारे में अमेरिका से निर्णय लेने संबंधी मुद्दे पर जवाब दें मोदी, संसद सत्र बुलाएं : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि पाकिस्तान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई रोकने के निर्णय तथा कश्मीर को लेकर राग अलापने का हर मंच से जो काम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से किया जा रहा है वह देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए गंभीर चिंता का विषय है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसको लेकर चुप्पी साधने की बजाय देश को जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश तथा विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की यहां हुई बैठक के बाद पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर पहली घोषणा अमेरिका से होती है जो गंभीर सवाल खड़े करती है और मोदी सरकार को इस सवाल का जवाब देना चाहिए। अब अमेरिका की ओर से कश्मीर को लेकर चर्चा करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि इस मुद्दे पर सिर्फ भारतीय संसद में ही बात होनी चाहिए लेकिन इस बारे में भी श्री मोदी चुप्पी साधे हैं। प्रधानमंत्री बुनियादी सवालों का जवाब देने की बजाय आपरेशन सिंदूर पर राजनीति कर रहे हैं और इसे एक पार्टी का ब्रांड बनाने का प्रयास किया जा रहा है इसलिए सिर्फ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासन वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई जा रही है। यह इस आपरेशन सिंदूर के राजनीतिकरण करने का प्रयास है और इसे पार्टी का ब्रांड बनाने की कोशिश हो रही है। कुछ दिन पहले एक उद्योगपति घराने ने भी आपरेशन सिंदूर को ब्रांड बनाने की कोशिश की थी।

उन्होंने कहा कि बैठक में पहलगाम हमले का मुद्दा भी उठा और पहलगाम हमले को लेकर सुरक्षा तथा खुफिया चूक पर गहरी चिंता व्यक्त की गई तथा सरकार से इस बारे में सवाल पूछे गये है। उनका कहना था कि बैठक में 23 वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया और सभी नेताओं ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता का सवाल है तो क्यों अमेरिका व्यापार का मुद्दा उठाकर दबाव बनाने का काम कर रहा है। सैन्य कार्रवाई रोकने की पहली घोषणा अमेरिका से हुई, लेकिन प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस बारे में कुछ नहीं कहते हैं। अमेरिका कहता है कि कश्मीर मुद्दे पर भारत या पाकिस्तान नहीं, कहीं तीसरे देश में बातचीत हो लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इस मुद्दे पर भी श्री मोदी और डॉ. जयशंकर चुप्पी साधे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी नेताओं ने बैठक में पहलगाम हमले के बाद की स्थिति पर सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है।

## नक्सलियों ने लगातार पांचवीं बार लिखा खत, शांति वार्ता की लगाई गुहार

एजेंसी

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में लगातार चल रहे नक्सल विरोधी अभियान से नक्सलियों के पैर उखड़ रहे हैं। ऐसे में नक्सली हताश और परेशान हैं। उनका संगठन कमजोर हो चुका है। नक्सलियों ने लगातार पांचवीं बार पर्चा जारी कर सरकार से पुनः शांति वार्ता की अपील की है। नक्सली संगठन के केंद्रीय कमेटी प्रवक्ता अभय ने जारी पर्चे में शांति वार्ता के लिए केंद्र सरकार तैयार है या नहीं, अपनी स्थिति स्पष्ट करने की अपील की है। नक्सली इससे पहले भी चार बार खत लिखकर शांति वार्ता की बात कह चुके हैं। नक्सली संगठन के केंद्रीय प्रवक्ता अभय ने कहा है कि शांति वार्ता के मामले में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की प्रतिक्रिया आनी चाहिए। उनकी प्रतिक्रिया से ही स्पष्टता आएगी। उसने स्वीकार किया कि कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर 26 नक्सली मारे गए हैं। नक्सली संगठन शांति वार्ता के लिए तैयार हैं। नक्सली संगठन हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने की बात करेंगे, लेकिन इलाके में सात लाख से अधिक जवानों के घेरे रहने के कारण संगठन की बैठक करने में असमर्थ रहे हैं। नक्सली प्रवक्ता द्वारा जारी पर्चे में कहा गया है कि इससे पहले 25 अप्रैल को नक्सली संगठन ने केंद्र व राज्य सरकारों से यह अपील की थी कि जन समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए समय-सीमा के साथ युद्ध विराम की घोषणा कर शांति वार्ता करें। इस पर तेलंगाना राज्य सरकार की ओर से तुरंत सकारात्मक प्रतिक्रिया देना सराहनीय है, लेकिन केंद्र व छत्तीसगढ़ सरकार से जो प्रतिक्रिया सामने आई वह चिंताजनक है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के राज्य मंत्री बंडि संजय और छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने यह घोषणा की थी कि युद्ध विराम करने का सवाल ही नहीं उठता और हथियार छोड़े बगैर नक्सलियों से शांति वार्ता करना संभव नहीं है। विजय शर्मा ने बार-बार यह घोषणा की है कि बिना शर्त शांति वार्ता करने के लिए सरकार तैयार है पर अब इसके विपरीत युद्ध विराम करने के बगैर ही नक्सलियों को हथियार छोड़ने की शर्त लगाए हैं।

## कांग्रेसी नेता सेना के शौर्य को राजनीति की तराजू में तौलते रहे हैं: शिवराज

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि देशहित और राष्ट्र प्रथम की भावना कभी कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा का हिस्सा नहीं रही और कांग्रेसी नेता सेना के शौर्य को राजनीति की तराजू में तौलते रहे हैं। श्री चौहान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि एक दौर था जब निर्णय राष्ट्रहित से परे होते थे। लेकिन अब नया भारत है और राष्ट्र के हित में निर्णय लिये जाते हैं। उन्होंने कहा, ल्ल राष्ट्र प्रथम – एक नया भारत।भारतीय सेना के शौर्य को प्रणाम। उस पराक्रम को नमन जिसने दुश्मनों को उनके घर में घुसकर जवाब दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उस सटीक रणनीति को प्रणाम जिसके कारण आज भारत अपने हर शत्रु को मुँहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। आज राष्ट्र प्रथम की नीति का एक नया युग है और इस नीति को शत-शत प्रणाम। भाजपा नेता ने अक्साईचिन का उल्लेख करते हुए कहा, अब समय बदल गया है और सरकारें भी बदली गयी लेकिन कांग्रेस की सोच नहीं बदली। उन्होंने कहा कि जब भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक की, तब कांग्रेस ने सवाल उठाया। जब एयर स्ट्राइक में दुश्मन को करारा जवाब मिला, तब कांग्रेस ने सबूत माँगा। जब गलवान में हमारे जवानों ने पराक्रम दिखाया, तब कांग्रेस नेताओं ने सेना की रणनीति पर ही सवाल उठा दिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बार-बार विदेशी मंचों पर भारत की नीतियों और सेना की कार्रवाईयों को बदनाम करते रहे हैं।ङ्क उन्होंने कहा, ल्ल देशहित और राष्ट्र प्रथम की भावना कभी कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा का हिस्सा नहीं रही। वे सेना के शौर्य को राजनीति की तराजू में तौलते रहे है। श्री चौहान ने कहा कि आज युग बदल गया है। भारत भी बदल गया है। हर भारतीय के मन में सिर्फ एक मंत्र- राष्ट्र प्रथम है।

## स्वदेशी जागरण मंच ने की तुर्की पर प्रतिबंध लगाने की मांग

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच ने पाकिस्तान को तुर्की के सैन्य समर्थन की निंदा करते हुए आर्थिक प्रतिबंध, उड़ान प्रतिबंध और पर्यटन बहिष्कार का आह्वान किया है।

जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक अश्विनी महाजन ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि तुर्की पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए जायें और गैर-आवश्यक आयातों को प्रतिबंधित करें साथ ही संगमरमर, रसायन और मशीनरी जैसी प्रमुख तुर्की वस्तुओं पर उच्च शुल्क लगायें जाए। तुर्की के लिए सीधी उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित किया जाना चाहिए और विमानन 'कोडशेयर' विशेषाधिकारों को रद्द किया जाए। भारतीय पर्यटकों को तुर्की यात्रा के लिए हतोत्साहित किया जाए। भारत सरकार को तुर्की के साथ राजनयिक संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के स्तर को कम किया जाना चाहिए।

जागरण मंच ने दोहराया कि भारत के लोगों को उन देशों का बहिष्कार करना चाहिए जो पाकिस्तान को अपनी आक्रामक क्षमताओं को बढ़ाने में सक्रिय रूप से मदद कर रहे हैं। 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत को व्यापार, निवेश और राजनयिक संबंधों का मार्गदर्शन होना चाहिए। मंच ने कहा कि उत्तर एटलांटिक संधि संगठन नाटो के सदस्य तुर्की ने कट्टरपंथी इस्लामवादी शासनों और भारत की संप्रभुता के प्रति शत्रुतापूर्ण गठजोड़ कर लिया है। हाल के वर्षों में, पाकिस्तान के साथ तुर्की की रणनीतिक रक्षा साझेदारी खतरनाक गति से बढ़ी है, जिसमें तुर्की सरकार पाकिस्तान के सशस्त्र बलों को महत्वपूर्ण सैन्य हार्डवेयर, तकनीकी प्लेटफॉर्म और प्रशिक्षण की आपूर्ति करती है। चीन के बाद पाकिस्तान को हथियारों की आपूर्ति करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश है। तुर्की ने पाकिस्तान की नौसेना के आधुनिकीकरण और उसकी हवाई युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है जिससे पाकिस्तान की नौसेना की हमला करने की क्षमता मजबूत हुई है। तुर्की की कंपनी बायकर ने पाकिस्तान को बायरकटर और अकिनसी सशस्त्र ड्रोन की आपूर्ति की है। बयान में कहा गया है कि यह रक्षा सहयोग केवल व्यावसायिक नहीं है बल्कि यह वैचारिक है, जो दक्षिण एशिया की स्थिरता को लक्षित करता है।

## मासिक आधार पर जारी होगा श्रम सर्वेक्षण

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश में श्रम सर्वेक्षण में भारी बदलाव करते हुए इसे मासिक आधार पर जारी करने का फैसला किया है। इससे पहले यह तिमाही आधार पर जारी किया जाता रहा है। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि वर्ष 2024 तक श्रम सर्वेक्षण तिमाही आधार पर जारी किये जाते रहे हैं लेकिन अब इसे मासिक आधार पर जारी करने का फैसला किया गया है। मंत्रालय का कहना है कि इससे भारत के श्रम बाजार की वास्तविक स्थिति का तेजी से आकलन हो सकेगा तथा नीति निर्धारण में सटीकता आयेगी। सरकार का मानना है कि इस बदलाव से श्रम बाजार समय पर हस्तक्षेप किया जा सकेगा। हालांकि यह केवल शहरी क्षेत्रों का सर्वेक्षण ही होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में श्रम बाजार का आकलन तिमाही आधार पर जारी होगा। इसका आधार बढ़ाया गया है। इसके अलावा वार्षिक सर्वेक्षण कैलेंडर वर्ष के आधार पर जारी होगा।

## पीओके पर कब्जा ही आतंकवाद का स्थायी समाधान: रामदास आठवले

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को अपने देश में सम्मिलित करने की मांग करते हुए बुधवार को कहा कि इस पर क़ब्ज़ा ही आतंकवाद का स्थायी समाधान है।

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आठवले ने कहा,ल्ल पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से व्यापक कार्रवाई किए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन करता हूँ। पाकिस्तान पोषित आतंकवाद को भारतीय सेना द्वारा करारा जवाब दिया है तथा पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को पूरे विश्व में उजागर किया है। उन्होंने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया, पीओके को अपने देश में सम्मिलित करने की मांग करती है क्योंकि पीओके पर क़ब्ज़ा ही आतंकवाद का स्थायी समाधान है।केंद्रीय मंत्री ने कहा,ल्ल पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने पहलगाम में पर्यटकों की नृशंसतापूर्वक हत्या को अंजाम देकर देश की मां, बहनों को बेसहारा किया,उसके खिलाफ भारतीय सेना की अदम्य साहस से कार्रवाई पर समूचे देश को गर्व है। सेना ने इस कड़े प्रतिउत्तर से देशवासियों को गौरवान्वित किया है तथा सम्पूर्ण विश्व ने भारतीय सेना के पराक्रम का लोहा माना है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपनी गलत नीतियों और भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने के कारण चारों ओर से घिर गया है। उनकी पार्टी ऑपरेशन सिंदूर के स्थगन के विषय पर दिए वक्तव्य से पूरी तरह सहमत है तथा पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री की नीति का समर्थन और सराहना करती है।

## ट्रम्प के खुलासे पर मोदी क्यों हैं मौन : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खुलासे के बाद भी आम तौर पर मुखर रहने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर का अमेरिका के दबाव के सामने चुप्पी साधना हैरान करता है। कांग्रेस ने कहा है कि श्री ट्रम्प ने खुलासा किया है कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापारिक सौदों के लालच और धमकी का इस्तेमाल करके भारत को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए ब्लैकमेल कर मजबूर किया है। श्री ट्रम्प ने तब एक्स पर सैन्य कार्रवाई रोकने की जानकारी भी दी थी। पार्टी संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा ल्लकुछ दिन पहले हमें पाकिस्तान के साथ युद्धविराम की जानकारी अमेरिका के राष्ट्रपति से मिली थी। अब, कल सऊदी अरब में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान, राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापारिक सौदों के लालच और धमकी का इस्तेमाल करके भारत को इस युद्धविराम के लिए मजबूर किया और ब्लैकमेल किया। उन्होंने कहा कि इस खुलासे के बारे में आम तौर पर अत्यंत मुखर रहने वाले प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का क्या कहना है।

## शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विशेषज्ञों और पूर्व सैनिकों के साथ गहन मंथन किया

नयी दिल्ली। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन और इस दौरान तीनों सेनाओं के बीच तालमेल के बारे में थिंक टैंक के विशेषज्ञों तथा पूर्व सैनिकों के साथ गहन मंथन किया है। एकीकृत रक्षा मुख्यालय की ओर से बुधवार सुबह बताया गया कि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायु सेवा प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने सुबह रक्षा थिंक टैंक के विशेषज्ञों और पूर्व सैनिकों के साथ ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन में भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई और संचालन प्रक्रिया पर चर्चा की। इस संवाद के दौरान ऑपरेशन के दौरान तीनों सेनाओं और अन्य पदों के बीच शानदार तालमेल के बारे में विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान सेनाओं के बीच परस्पर और अन्य बलों के साथ सामंजस्य का असाधारण नमूना देखने को मिला। शीर्ष सैन्य नेतृत्व में इस बात पर भी प्रकाश डाला कि किस तरह से तीनों सेनाओं ने स्पष्ट रूप से बताए गए रणनीतिक मार्गदर्शन के माध्यम से ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा किया।

## आदित्य-एल1 पर लगे एसयूआईटी टेलीस्कोप ने सौर ज्वाला, यूवी प्रकाश में दुर्लभ प्लाज्मा निष्कासन देखा

एजेंसी

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष संस्थान संगठन (इसरो) ने बुधवार को घोषणा की कि आदित्य-एल1 मिशन पर सोलर अल्ट्रावायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) ने शक्तिशाली सौर ज्वाला और एक दुर्लभ प्लाज्मा उत्सर्जन को पराबैंगनी प्रकाश में देखा है। यह अवलोकन 31 दिसंबर, 2023 को किया गया था, जब सूर्य ने एक शक्तिशाली सौर ज्वाला छोड़ी थी जिससे एक चमकता हुआ प्लाज्मा 'ब्लॉब' सूर्य से बाहर निकल गया था।आदित्य-एल 1 के एसयूआईटी पेलोड पर लगे कैमरों ने प्लाज्मा ब्लॉब के दुर्लभ निष्कासन को 300 किमी प्रति सेकंड की धीमी गति से 1500 किमी प्रति सेकंड की तेज गति तक बढ़ते देखा। इस गति से कोई आधे मिनट में पूरी पृथ्वी का चक्कर लगा सकता है। यह पहली बार था, जब इस तरह का विस्फोट लगभग पराबैंगनी प्रकाश में कैद हुआ।

सौर ज्वालाएं सौर वायुमंडल में अत्यधिक ऊर्जावान विस्फोटक हैं। इन्हें चुंबकीय ऊर्जा के निकलने के कारण ऊर्जा के अचानक, तीव्र विस्फोट के रूप में जाना जाता है। सौर ज्वालाओं के दौरान भारी मात्रा में विकिरण उत्सर्जित होता है और ऊर्जावान कण बाहर निकलते हैं। ये दोनों अंतरिक्ष मौसम और भू-अंतरिक्ष पर्यावरण को प्रभावित करते हैं, जिसमें रेडियो संचार में व्यवधान, पावर ग्रिड में गड़बड़ी, उपग्रह क्षति, अंतरिक्ष यात्रियों और उड़ानों के लिए जोखिम आदि जैसे प्रभाव शामिल हैं। रोज़मर्रा के उपयोग की तकनीक के लिए सौर ज्वालाओं के महत्व को देखते हुए उनकी उत्पत्ति, विकास और गुणों की व्यापक समझ विकसित करना सबसे महत्वपूर्ण है, जिसका अंतिम उद्देश्य उन्हें पहले से ही काफी हद तक पूर्वानुमानित करने में सक्षम होना है, ताकि संचार उपग्रहों, पावर ग्रिड आदि को सुरक्षित रखने के लिए प्रावधान किए जा सकें।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि सौर ज्वालाएं संपूर्ण विद्युतचुंबकीय स्पेक्ट्रम में फैलती हैं, हालांकि अन्य तरंगदैर्घ्य में प्रेक्षणों की कमी के कारण उनका अध्ययन मुख्य रूप से एक्स-रे और अत्यधिक पराबैंगनी में किया जाता है, जो विद्युतचुंबकीय स्पेक्ट्रम की उच्च ऊर्जा की ओर और कुछ हद तक रेडियो में भी होते हैं। हालांकि, निकट पराबैंगनी (एनयूवी) और दृश्यमान में उनके गुणों के बारे में बहुत कम जानकारी है।

इसरो के अनुसार ज्वालाओं की व्यापक समझ विकसित करने के लिए पहले चरण के रूप में ज्वालाओं में संपूर्ण वर्णक्रमीय ऊर्जा वितरण विकसित करना आवश्यक है, जिसे फिर सैद्धांतिक मॉडलों के साथ पूरक किया जा सकता है, जिससे हमें ज्वाला और संबंधित विकिरण के तंत्र को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। एसयूआईटी के विज्ञान लक्ष्यों में से एक 11 विभिन्न फिल्टर का उपयोग करके 200-400 नैनोमीटर की एनयूवी तरंगदैर्घ्य सीमा में सौर ज्वालाओं का अध्ययन करना है। फिल्टर को इस तरह से सावधानीपूर्वक चुना जाता है कि यह सूर्य के निचले (फोटोस्फीयर) और मध्य (क्रोमोस्फीयर) वायुमंडल को कवर करता है। इसरो ने कहा, ''इस तरह के अवलोकन पहले कभी नहीं किए गए हैं। इसलिए ये अवलोकन पहली बार फ्लेयर रेडिएशन के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं, जो आज तक गायब थी।'' गौरतलब है कि आदित्य-एल 1 अंतरिक्ष यान को 02 सितंबर, 2023 को इसरो के पीएसएलवी सी 57 प्रक्षेपण यान द्वारा अपनी इच्छित कक्षा में सटीक रूप से प्रक्षेपित किया गया था। जटिल पृथ्वी-बद्ध युद्धाभ्यासों की एक श्रृंखला के बाद अंतरिक्ष यान को 06 जनवरी, 2024 को पहले सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु (एल 1) के चारों ओर एक बड़ी हेलो कक्षा में सफलतापूर्वक रखा गया था। एसयूआईटी उपकरण से पहली तस्वीरें 06 दिसंबर, 2023 को ली गईं। तब से एसयूआईटी ने सत्यापन और अंशांकन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। अक्टूबर 2024 से एसयूआईटी नियमित विज्ञान अवलोकन कर रहा है। इसके बाद 31 दिसंबर, 2023 से प्रस्तुत अवलोकन आदित्य-ख्र1 अंतरिक्ष यान के ख्र1 सम्मिलन से पहले प्रारंभिक क्रूज चरण से है। नए साल 2024 की पूर्व संध्या पर सक्रिय क्षेत्र एनओएए 13536 से सूर्य के पूर्वी भाग में एक एक्स-क्लास फ्लेयर फूटा और 21:55 ठ्ठ पर चरम पर पहुंच गया। यह फ्लेयर एक कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) से भी जुड़ा था, जिसने 2852 किमी/सेकंड का बहुत उच्च वेग प्रदर्शित किया। फ्लेयर में दो विस्फोट शामिल थे। क्रूज चरण के दौरान, ऑनबोर्ड फ्लेयर डिटेक्शन मॉड्यूल चालू नहीं था, और फ्लेयर केवल एमजी ऋ्र एच (280.3 एनएम, एनबी04) चैनल में देखा गया था। एसयूआईटी ने देखा कि प्लाज़्मा का एक कण चमकते हुए क्षेत्र से बाहर निकल रहा है, जो बाद में एसयूआईटी के दृश्य क्षेत्र में त्वरित हो जाता है।

# पेज एक का शेष

### मुर्मु ने की 'ऑपरेशन...

श्रीमती मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात कर उन्हें 'ऑपरेशन सिंदूर' के विषय में जानकारी दी। राष्ट्रपति तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर हैं। जनरल चौहान के साथ थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने राष्ट्रपति को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ की गयी कार्रवाई की जानकारी दी। राष्ट्रपति भवन ने इस मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया 'एक्स' पर दी और कहा कि इन शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताया। पोस्ट में कहा गया है, राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत के जवाब को शानदार सफलता बना दिया। पहलगाम में पाकिस्तान की शह पर आतंकवादियों द्वारा निर्दोष नागरिकों की चुन-चुन कर हत्या किए जाने के जवाब में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के अड्डों और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ छह-सात मई की दरमियानी रात में कार्रवाई शुरू की थी, जिसमें 100 से अधिक दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद पाकिस्तान की सेनाओं की ओर से भारत के नागरिक और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की गयी, जिसे नाकाम करते हुए भारत ने उसके कई सैन्य अड्डों और वायु रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर दिया।

### शोपियां में मारे गये तीन...

बलों ने लश्कर-ए-तैयबा और अन्य आतंकवादी संगठनों के खिलाफ अभियान काफी तेज कर दिया है। दक्षिण कश्मीर में संवदेनशील मार्गों और इलाकों पर फिर से नियंत्रण कर लिया गया है तथा उन पर कड़ी निगरानी रखी गयी है। एक रक्षा अधिकारी ने कहा, हमें पिछले कई दिनों से शोपियां में आतंकवादियों की गतिविधियों के बारे में लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। बारह मई की रात को केल्लर के ऊपरी इलाकों में उनकी मौजूदगी की पुष्टि हुई।ङ्क संयुक्त अभियान तेजी से शुरू किया गया और 13 मई की सुबह करीब नौ बजे सैनिकों ने तीन हथियारबंद आतंकवादियों की गतिविधि देखी। अधिकारी ने बताया,ल्ल जब उन्हें चुनौती दी गई तो उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। हमारे सैनिकों ने प्रभावी तरीके से जवाबी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप तीनों को मार गिराया गया। उन्होंने बताया कि तीनों इस क्षेत्र में कई आतंकवादी घटनाओं के लिए जिम्मेदार थे।

### न्यायमूर्ति गवई बने...

इतिहास में मील का पत्थर माना जा रहा है, क्योंकि वह पूर्व मुख्य न्यायाधीश के जी बालकृष्णन के बाद इस पद पर पहुंचने वाले अनुसूचित जाति समुदाय से दूसरे व्यक्ति हैं। न्यायमूर्ति गवाई जाने -माने राजनीतिज्ञ, प्रमुख अंबेडकरवादी, पूर्व सांसद एवं कई राज्यों के राज्यपाल रह चुके आर एस गवई के पुत्र हैं। उन्होंने नागपुर विश्वविद्यालय से बी.ए., एलएलबी करने के बाद 16 मार्च, 1985 से वकालत शुरू की थी। उन्होंने 1987 से 1990 तक बॉम्बे उच्च न्यायालय में स्वतंत्र रूप से वकालत की। उसके बाद बॉम्बे उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ में वकालत की। वह 14 नवंबर, 2003 को बॉम्बे उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश और 12 नवंबर, 2005 को स्थायी न्यायाधीश बने। न्यायमूर्ति गवई ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मुंबई में मुख्य पीठ के साथ-साथ नागपुर, औरंगाबाद और पणजी में सभी प्रकार के कार्यभार वाली पीठों की अध्यक्षता की है। वह शीर्ष अदालत में कई मामलों में संवैधानिक पीठ का हिस्सा रहे हैं, जिनमें नोटबंदी, अनुच्छेद 370, चुनावी बॉन्ड योजना और अनुसूचित जाति एवं जनजाति श्रेणियों के भीतर उप वर्गीकरण के मामले शामिल थे। उन्होंने अनुसूचित जाति / जनजाति के बीच क्रीमी लेयर शुरू करने की पुरजोर वकालत की थी।

### चौराहों पर लगेंगी...

शिकायत का निस्तारण तभी मान्य माना जाए जब शिकायतकर्ता संतुष्ट हो। मुख्यमंत्री को बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में ?1,470 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव स्वीकृत हुए हैं, जिससे 3,340 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एफएसडीए की संगठनात्मक क्षमता को सुदृढ़ किया जाए और इसके लिए रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।

### आतंकवाद एक दिन...

पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो अंततः 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया गया। पहले ही दिन 100 से अधिक आतंकियों व प्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद के विषबेल को पालने-पोसने में योगदान देने वाले उनके परिवार से जुड़े लोगों को वीभत्स कृत्य की सजा दी गई। सभी ने भारतीय सेना के पराक्रम व शौर्य का लोहा माना। पाकिस्तान की हिमाकत का थल, वायु व नौसेना के बहादुर जवानों ने मजबूती से जवाब दिया और दुनिया को भी संदेश दिया कि हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन छेड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों के सम्मान में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई है। यह तिरंगा भारत के आन, मान-शान तथा शौर्य-पराक्रम का प्रतीक है। तिरंगा के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने, सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान देने व पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यूपी में आज से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद इतनी सुबह आपकी उपस्थिति भारतीय सेना के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति का सुंदर उदाहरण है। यही धैर्य व समर्पण का भाव भारतीय नागरिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैनिकों व देश की सरकार के प्रति व्यक्त किया। उन्होने कहा कि श्री मोदी का पहले दिन से ही संकल्प रहा है कि जब हम नए और विकसित भारत की बात करते हैं तो हमारा ध्येय राष्ट्र प्रथम होना चाहिए। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए आवश्यक है कि हम राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ काम करें। जब राष्ट्र प्रथम का भाव 140 करोड़ भारतीयों की प्राथमिकता होगी तो अपने-अपने क्षेत्र में कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए हर भारतवासी लगेगा, फिर दुनिया की कोई ताकत भारत के सामने टिक नहीं पाएगी। सीएम ने पीएम मोदी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने पूरे देश को एकजुट रखा और पंजाब के आदमपुर में जाकर बहादुर जवानों के हौसलों को बढ़ाया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, खेल मंत्री गिरीश यादव, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, राज्यसभा सांसद बृजलाल, संजय सेठ, विधायक पंकज सिंह, जय देवी, नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, योगेश शुक्ला, विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता, मुकेश शर्मा, उमेश द्विवेदी, अवनीश सिंह पटेल, पवन सिंह चौहान, लालजी प्रसाद निर्मल, भाजपा के जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे। संचालन विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ल ने किया।

धामी की अगुवाई में भव्य रूप से निकली 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा'

# भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई में सक्षम : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में बुधवार को देहरादून में शौर्य स्थल चीड़बाग से गांधी पार्क तक भव्य 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' का आयोजन किया गया। यह यात्रा हाल ही में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सफलतापूर्वक चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक विजय को समर्पित रही। हजारों की संख्या में आमजन, पूर्व सैनिक, युवा वर्ग एवं मातृशक्ति ने तिरंगे के साथ पद यात्रा में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शौर्य स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि भी दी।

श्री धामी ने इस अवसर पर, ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने वाले वीर सैनिकों, वायुसेना, नौसेना और सभी सुरक्षा बलों को नमन करते हुए कहा कि भारत ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में पूरी तरह सक्षम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने न केवल अपने वीर सपूतों की बहादुरी का प्रदर्शन किया, बल्कि आतंकवाद और उसके समर्थकों को यह स्पष्ट संदेश भी दिया कि नया भारत अब हर आतंकी कार्रवाई का जवाब उसी की भाषा में देगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत किसी भी आतंकी चुनौती का मुँहतोड़ जवाब देने में सक्षम है और अब देश की सीमाओं की रक्षा अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीक से की जा रही है। श्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड वीर भूमि है, जहाँ का लगभग हर परिवार देशसेवा से जुड़ा है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से आह्वान किया कि वे सेना और सुरक्षा बलों के अनुशासन, शौर्य और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' को प्रत्येक वर्ष मनाए जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक,विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, बृज भूषण गैरोला, भरत चौधरी, मेयर, देहरादून, सौरभ थपलियाल, पूर्व राजसभा सांसद तरुण विजय, भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, दर्जाधारी रजनी रावत, डॉ. देवेंद्र भसीन, श्याम अग्रवाल भी मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने विद्यालय का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बागेश्वर। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बुधवार को नीलेश्वर स्थित वृद्ध एवं अशक्त आवास गृह और राजकीय बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आश्रमों में रह रहे बुजुर्गों और बच्चों से व्यक्तिगत रूप से भेंट की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने सभी को फल और अन्य जरूरी सामान भी वितरित किए। डीएम को अपने बीच पाकर बुजुर्गों और बच्चे काफी प्रसन्न नजर आये।

जिलाधिकारी ने आश्रम पद्धति के अधीक्षक को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आश्रम में रह रहे बुजुर्गों और बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। डीएम ने बुजुर्गों व बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने आश्रम में स्वच्छता बनाए रखने और भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्रम पद्धति में बच्चों की सुरक्षा के कड़े प्रबंधन और आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिसर में पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे होने चाहिए, जिनकी नियमित निगरानी और स्टोरेज की उचित व्यवस्था हो। बैडशीट निरंतर बदलने, फायर उपकरणों का सेफ्टी ऑडिट कराने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के भी सख्त निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने वहां तैनात कार्मिकों को संवेदनशीलता के साथ अपना कार्य करने तथा उनके कार्य दायित्वों को लिखित रूप में दिए जाने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएमएफएमई योजना में बिहार अव्वल

**पटना।** प्रधानमंत्री माइक्रो फूड इंडस्ट्री प्रोसेसिंग योजना (पीएमएफएमई) के क्रियान्वयन में बिहार ने वर्ष 2024-25 में अन्य राज्यों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने इस उपलब्धि के लिए बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा को प्रशंसा-पत्र भेजा है। मंत्रालय के सचिव डॉ. सुभ्रत गुप्ता के पत्र के मुताबिक, बिहार को वर्ष 2024-25 में 11 हजार सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां मंजूर करने का लक्ष्य मिला था, जिनमें से 10 हजार 270 इकाइयों को स्वीकृति देकर राज्य ने लगभग 93 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया। इससे पहले 2023-24 में बिहार ने 6516 इकाइयों के लक्ष्य के मुकाबले 10 हजार 284 इकाइयों को मंजूरी देकर 158 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज की थी। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने इस सफलता को 'बिहार की कृषि-आधारित संभावनाओं और जमीनी क्रियान्वयन की जीत' बताया और कहा कि मखाना, लीची, आम, धान और गेहूं जैसी फसलों के दम पर बिहार खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अग्रणी बन रहा है। राज्य मखाना, मशरूम और लीची उत्पादन में पहले वहीं आलू, आम और मक्का में तीसरे स्थान पर है। श्री मिश्रा ने बताया कि लक्ष्य हासिल करने के पीछे तीन प्रमुख कारण स्पष्ट नीति, समुदाय-आधारित रणनीति और माइक्रो-लेवल पर तेज क्रियान्वयन रहे। जिला संसाधन व्यक्तियों, वित्तीय संस्थानों और स्थानीय निकायों के समन्वय से दूरदराज क्षेत्रों के उद्यमियों तक ऋण, तकनीकी सहायता और बाज़ार पहुंच आसानी से पहुंची। उद्योग विभाग ने बताया कि योजना के तहत ऋण सुविधा, क्षमता-निर्माण, आधुनिक तकनीक और विपणन सपोर्ट जैसे घटकों का एकीकृत मॉडल अपनाया गया, जिससे छोटे-छोटे उद्यमियों को भी बड़ा लाभ मिला।

### बिहार में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 154.53 करोड़ के प्रस्तावों को मंजूरी देने की सिफारिश

**पटना।** बिहार में निवेश को बढ़ावा देने के लिए निवेश प्रोत्साहन पर्षद ने आज 154.53 करोड़ रुपये के चार नए निवेश प्रस्तावों को मंजूरी देने की सिफारिश की। उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में दो करोड़ रुपये से अधिक के प्रथम चरण के कुल 154.53 करोड़ रुपये के चार नए निवेश प्रस्तावों को मंजूरी देने की सिफारिश की गई। ये प्रस्ताव राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद की अगली बैठक में भेजे जाएंगे, जहां अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा 11.23 करोड़ रुपये की लागत वाले तीन और परियोजनाओं को भी मंजूरी देने की सिफारिश की गई है। साथ ही दो करोड़ रुपये तक के एक छोटे प्रोजेक्ट, जिसमें 1.25 करोड़ रुपये का निवेश होगा, को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई। बैठक में जिन कंपनियों के प्रोजेक्ट्स पर चर्चा हुई, उनमें आरएमपी फैब सोर्सिंग प्राइवेट लिमिटेड, बीके वेयरहाउसिंग एलएलपी, साजिन टेक प्राइवेट लिमिटेड, गोग्रीन एप्रैल लिमिटेड, फर्माडील एजेंसी, आरआर राइस इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड और मोर्डन अमृत फीड कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इस मौके पर उद्योग निदेशक निखिल धनराज निप्पाणीकर और विभिन्न विभागों जैसे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अग्निशमन, वाणिज्यकर, भूमि सुधार, श्रम, ऊर्ज़ा और नगर विकास विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई करेंगे पटना हवाईअड्डे के नए टर्मिनल का उद्घाटन : सम्राट

**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को पटना के जयप्रकाश नारायण अन्तरराष्ट्रीय हवाईअड्डा के नए टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे, जिससे पटना से हवाई यात्रा करने वालों की संख्या सालाना 30 लाख से बढ़कर एक करोड़ से अधिक हो जाएगी। श्री चौधरी ने बुधवार को प्रधानमंत्री के 30 मई के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि उनकी रोहतास जिले के विक्रमगंज की सभा में लाखों लोगों के शामिल होने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि इस बार भी प्रधानमंत्री सड़क, बिजली, हवाईअड्डा से जुड़ी विकास योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास की सौगात देंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी पटना से सासाराम, वाराणसी-रांची फोरलेन राजमार्ग, नवीनगर में 600 मेगावट के विद्युत संयंत्र और बिहटा हवाईअड्डा के विस्तार की करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद बिहार की पहली यात्रा को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह है। समीक्षा बैठक में श्री चौधरी के साथ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, राज्य के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार भी उपस्थित थे।

### बिहार में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा :श्रवण

पटना। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री और जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार ने आज दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। श्री कुमार ने बुधवार को यहां जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह चुनावी वर्ष है इसलिए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत विपक्ष के तमाम नेता बिहार का दौरा कर रहे हैं, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि चुनाव समाप्त होते ही यही लोग बिहार में नजर नहीं आएंगे। मंत्री ने कहा कि श्री गांधी के आने से बिहार की राजनीति पर कोई खास असर नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब विपक्ष की राजनीति और उनकी मंशा को भलीभांति समझ चुकी है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आगामी विधानसभा चुनाव में 225 से अधिक सीटों के साथ प्रचंड जीत हासिल करेगा। प्रदेश की जनता का समर्थन पूरी तरह से राजग के पक्ष में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

### कृषि बाजारों का होगा आधुनिकीकरण : विजय

पटना। बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज कहा कि कृषि विपणन निदेशालय के तहत राज्य के कृषि बाजार प्रांगणों का आधुनिकीकरण एवं समुचित विकास चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना, बाजार की सुलभ व्यवस्था उपलब्ध कराना तथा कृषि उत्पादों के भंडारण, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन की बेहतर सुविधा देना है।

# हरिद्वार, शारदा कॉरिडोर व ऋषिकेश मास्टर प्लान की बर्द्धन ने की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून /नैनीताल। उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में हरिद्वार कॉरिडोर, ऋषिकेश मास्टर प्लान और शारदा कॉरिडोर के सम्बन्ध में बैठक कर सभी परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में, उत्तराखंड निवेश एवं अवसंरचना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) ने इन विषयों पर विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया।

मुख्य सचिव ने कहा कि हरिद्वार कॉरिडोर के अंतर्गत, सभी प्रोजेक्ट्स की प्राथमिकता निर्धारित की जाए। उन्होंने कहा कि जिन प्रोजेक्ट्स को शीघ्र धरातल पर उतारने की आवश्यकता है, उनको प्राथमिकता पर लेते हुए कार्य प्रारम्भ किए जाएं। उन्होंने कहा कि हरिद्वार एवं ऋषिकेश का धार्मिक महत्त्व भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में रह रहे लोगों की आस्था से जुड़ा है। उन्होंने निर्देश दिए कि हरिद्वार कॉरिडोर के विकास कार्यों में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि आस्था से जुड़े क्षेत्रों एवं उनके मूल स्वरूप से किसी प्रकार की छेड़छाड़ ना हो।

श्री बर्द्धन ने योजनाओं से जुड़े हितधारकों से लगातार संवाद किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरिद्वार कॉरिडोर के अंतर्गत सभी प्रोजेक्ट पर बजट, कार्यदायी संस्था, उसका रखरखाव सहित समग्र प्लान शीघ्र प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने यूआईआईडीबी को प्रत्येक प्रोजेक्ट की प्रकृति को देखते हुए, उनसे सम्बन्धित विभागों को योजना में शामिल किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने हरिद्वार कॉरिडोर के प्रोजेक्ट्स पर चर्चा के दौरान, ब्रह्मकुंड और महिला घाट के क्षेत्र को बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सती कुंड के पुनर्विकास कार्य में सती कुंड के ऐतिहासिक महत्त्व और उसकी थीम को बनाए रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि नदी दर्शन में अवरोध न उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों की डीपीआर तैयार हो गयी है, उन पर आगे की कार्रवाई शीघ्र शुरू की जाए। श्री बर्द्धन ने शारदा नदी रिवरफ्रंट डेवलपमेंट के कार्यों की भी प्राथमिकता निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों की प्रकृति के अनुसार सम्बन्धित विभाग द्वारा ही कार्यों को संपन्न कराया जाए। उन्होंने वन भूमि में ईको टूरिज्म गतिविधियों को शामिल किए जाने की भी बात कही। उन्होंने यूआईआईडीबी को जिलाधिकारी, चंपावत की प्राथमिकता वाले प्रोजेक्ट्स को भी शारदा कॉरिडोर में शामिल किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना में टूरिज्म सर्किट के विकास के साथ ही कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए हेलीपैड और हेलीपोर्ट के प्रावधान रखे जाएं। मुख्य सचिव ने ऋषिकेश मास्टर प्लान पर चर्चा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऋषिकेश का मोबिलिटी प्लान और पुराना रेलवे स्टेशन के आसपास प्रस्तावित कार्यों को समग्र रूप से तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि चंद्रभागा नदी के पुनर्जीवीकरण के लिए हाईड्रोलॉजी सर्वे कराया जाए। उन्होंने सभी प्रोजेक्ट्स की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए नितांत आवश्यक कार्यों को तत्काल शुरू कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरिद्वार कॉरिडोर, शारदा रिवरफ्रंट डेवेलपमेंट और ऋषिकेश मास्टर प्लान कार्यों के महत्त्व को देखते हुए शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही शुरू की जाए। बैठक में शारदा घाट पुनर्विकास, श्रद्धा पथ, मां पूर्णागिरि धाम एकीकृत विकास, साहसिक पर्यटन (एडवेंचर टूरिज्म), ईको टूरिज्म, शहरी उन्नयन, सीमा बाजार तथा माता रणकोची मंदिर जैसी प्रमुख विकास योजनाओं पर व्यापक चर्चा की गई। इन परियोजनाओं का उद्देश्य इस सीमावर्ती क्षेत्र को धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध बनाना है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए।

# तिहाड़ जेल में क्षमता से अधिक कैदियों के रखने संबंधी याचिका पर सुनवाई से हाई कोर्ट का इनकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने तिहाड़ जेल में क्षमता से ज्यादा कैदियों को रखने से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को मामले में सक्षम प्राधिकार के पास जाने को कहा।

सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों के मामले में सुप्रीम कोर्ट पहले ही विचार कर रहा है। कोर्ट ने इस बात पर गौर किया कि याचिकाकर्ता ने इस बारे में केंद्र सरकार को एक प्रतिवेदन दिया है लेकिन केंद्र सरकार तिहाड़ जेल समेत दिल्ली की दूसरी जेलों के लिए सक्षम प्राधिकार नहीं है। उसके बाद हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को दिल्ली सरकार के समक्ष अपनी बात रखने को कहा। याचिका आनंद तिवारी ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि जेल में कैदियों की संख्या ज्यादा होना संविधान की धारा 21 के तहत कैदियों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। कैदियों की ज्यादा संख्या होना उनकी शांतिपूर्ण और गरिमामयी जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। इससे पहले भी हाई कोर्ट ने दिसंबर 2022 में ऐसी ही एक याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। 2022 में एनजीओ न्याय फाउंडेशन ने याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि गैर जरूरी गिरफ्तारियों की वजह से जेल में भीड़ बढ़ गई है। जिन निर्दोष लोगों को गिरफ्तार किया जाता है वे जेल के अंदर की हालत देखकर खुद्कुशी करने को मजबूर हो जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट के तमाम दिशा-निर्देशों के बावजूद गैरजरुरी गिरफ्तारियां रोकी नहीं जा रही हैं।

# सीएम ने की जन शिकायतों पर समीक्षा बैठक, शिकायत प्रणाली को और विकसित करने पर दिया जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली सचिवालय में अधिकारियों के साथ जन शिकायतों पर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान राजधानी में शिकायत प्रणाली को और विकसित करने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राजधानी की जन शिकायत प्रणाली और और विकसित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को वह नंबर याद होना चाहिए। उस पर शिकायत करते ही उसका समाधान भी होना चाहिए। ऐसी प्रणाली विकसित करने पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की एक आवाज पर उसके सारे काम होने चाहिए। सरकारी दफ्तरों में शिकायत बाक्स रखने जा रहे हैं, जहां लोग अपनी शिकायत पत्र डाला सकेंगे। लोग शिकायत पत्र में अपनी पहचान बताए या न बताए यह उनकी मर्जी पर निर्भर होगा। इन शिकायतों को मुख्यमंत्री कार्यालय सीधा देखेंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान जन शिकायत प्रणाली दुरुस्त नहीं रही। जनता की समस्याएं सरकार के कानों तक नहीं पहुंची। सरकार के पास जो शिकायतें पहुंची उसका भी समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता की शिकायतों को लेकर बेहद गंभीर है। जनता की आवाज तुरंत सरकार के पास पहुंचे ऐसी प्रणाली विकसित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति रखती है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी विभाग भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगी।

# भारत का लक्ष?य 6-जी नेतृत्व को हासिल करना : चंद्रशेखर पेम्मासानी

## कहा-भारत अब 6-जी पेटेंट दाखिल करने वाले शीर्ष छह देशों में शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। केंद्रीय दूरसंचार राज्यमंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने बुधवार को कहा कि भारत 6-जी पेटेंट दाखिल करने वाले विश्व के शीर्ष छह देशों में शामिल है। हमारा लक्ष?य 6-जी नेतृत?व को हासिल करना है। 111 से अधिक अनुसंधान परियोजनाओं को 300 करोड़ रुपये की मंजूरी राशि के साथ वित्तपोषित किया गया है। केंद्रीय दूरसंचार राज्यमंत्री ने नई दिल्ली में 'भारत 6-जी 2025' के तीसरे अंतरराष?ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने भारत को प्रौद्योगिकी अपनाने वाले से मानक-निर्धारक बनने वाले देश के रूप में बदलाव पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि सभी हितधारकों से भारत 6-जी को केवल तकनीकी प्रयास के रूप में नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय मिशन के रूप में देखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत के 6-जी विजन का लक्ष्य भारत 6-जी अलायंस, 111 से अधिक वित्त पोषित अनुसंधान परियोजनाओं, जापान, सिंगापुर और फिनलैंड के साथ वैश्विक साझेदारी करनी है। साथ ही टेराहर्ट्ज संचार और एआई-नेटिव नेटवर्क में सफलताओं के माध्यम से 2030 तक भारत को वैश्विक 6जी लीडर के रूप में स्थापित करना है। डॉ. पेम्मासानी ने अगली पीढ़ी की 6-जी प्रौद्योगिकियों के विकास में वैश्विक स्तर पर नेतृत्व करने के भारत के संकल्प पर जोर दिया। दूरसंचार राज्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुरक्षित, समावेशी और वैश्विक रूप से प्रासंगिक 6-जी प्रणाली के दृष्टिकोण की पुष्टि की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का दृष्टिकोण प्रौद्योगिकी विकसित करना, वैश्विक मानकों को आकार देना और मानवता के लाभ के लिए डिजिटल परिवर्तन का नेतृत्व करना है। उन्होंने मिशन का समर्थन करने के लिए सरकार की पूर्ण प्रतिबद्धता की पुष्टि की और दोहराया कि भारत के पास वैश्विक 6-जी यात्रा का नेतृत्व करने के लिए आवश्यक पैमाना, नवाचार क्षमता और राजनीतिक इच्छाशक्ति है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063